■ वर्ष 31 अंक 79 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर मंगलवार 09 सितम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# नये उप राष्ट्रपति का निर्णय संसद के 781 सदस्यों के हाथ

## विपक्षी दलों ने की बैठक, मतदान प्रक्रिया को लेकर दी जानकारी

नई दिल्ली (वार्ता)

देश के नये उप राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल के वर्तमान 781 सदस्यों के हाथ में है जो इस पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठंबधन के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी के भाग्य का निर्णय करेंगे। विपक्षी दलों के नेताओं की संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान की प्रक्रिया समझाने के साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। कांग्रेस सूत्रों ने बैठक के बाद बताया कि बैठक में विपक्षी दलों के सभी महत्वपूर्ण नेता मौजूद रहे। विपक्ष के विभिन्न दलों के लोकसभा तथा राज्यसभा सांसदों ने भी इसबैठक में हिस्सा लिया। बैठक में जिन प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया उनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, प्रमोद तिवारी, के सी वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव तथा रामगोपाल यादव, शिवसेना उद्धव गुट की प्रियंका चतुर्वेदी, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माझी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में कांग्रेस की तरफ से पार्टी नेता जयराम रमेश ने वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी सांसदों को दी और कहा कि मतदान के समय उन्हें किन बातों का विशेष ध्यान रखना है।




विपक्षी नेताओं ने कहा कि उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी एक मजबूत तथा बहुत उपयुक्त उम्मीदवार हैं इसलिए पूरा विपक्ष उनके पक्ष में एकजुट होकर उनके साथ खड़ा है। विपक्ष के सभी दलों के एकजुट होने से श्री रेड्डी की स्थिति बहुत मजबूत हो गयी है। गठबंधन के नेताओं का मानना है कि दोनों उम्मीदवारों के बीच वोटिंग अंतर बहुत कम रहेने की संभावना है इसलिए मतदान के दौरान कोई सदस्य गलती नहीं करे, इस बारे में बैठक में सांसदों को जानकारी दी गयी। बैठक को सौहार्दपूर्ण मानते हुए विपक्षी दलों के नेताओं ने बैठक में शामिल नेताओं ने कहा कि बैठक सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हुई और इस दौरान उप राष्ट्रपति चुनाव में सभी वोट विपक्ष के उम्मीदवार के पक्ष में सुनिश्चित करने का सदस्यों से आग्रह करने के साथ ही कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

### जीतने के लिए चाहिए 391 वोट

उप राष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 की धारा 4 की उप-धारा (4) और (1) के अंतर्गत, चुनाव आयोग ने सात अगस्त को अधिसूचना जारी की थी। लोकसभा की कुल सदस्य संख्या 543 हैं लेकिन इस समय एक सीट खाली होने की वजह से इस सदन के 542 सदस्यों नाम निर्वाचक मंडल में शामिल हैं। दूसरे सदन राज्यसभा में कुल सदस्य संख्या 245 हैं लेकिन वहां छह सीटें खाली हैं और वहां से 239 सदस्य ही वोट कर सकते हैं। इस तरह उप राष्ट्रपति पद के 17वें चुनाव में मतदान के पात्र सदस्यों की कुल मौजूदा संख्या 781 है और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी।

### अरूण यादव ने ट्रस्टी पद से दिया इस्तीफा



**खंडवा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके अरूण यादव ने खंडवा गांधी भवन के ट्रस्टी पद से इस्तीफा दे दिया हैं। उन्होंने इस संबंध में प्रदेश कार्यालय को सूचना भेज दी हैं। भास्कर से बातचीत में अरूण यादव ने कहा कि ज्यादा व्यस्तता होने की वजह से ट्रस्ट के कामों के लिए समय नहीं मिल पाता है।

### सुरक्षाबलों ने मार गिराए दो आतंकी, दो सैनिक शहीद

**कुलगाम।** दक्षिण कश्मीर में जिला कुलगाम के अंतर्गत गडर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मिली जानकारी के अनुसार यहां तीन आतंकियों के फंसे होने की सूचना के बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। जिसमें से अब तक दो आतंकियों के मारे गए हैं। मुठभेड़ में दो सैनिकों के भी बलिदान होने की भी सूचना है। फिलहाल जम्मू-कश्मीर का विशेष अभियान समूह, सेना और सीआरपीएफ मौके पर मौजूद हैं। एक्स पर शेयर किए गए ट्वीट में कश्मीर जोनल पुलिस ने कहा कि एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर मुठभेड़ शुरू हुई।

### एक-दूसरे को बचाने में गई तीन मजदूरों की जान


**पीथमपुर।** पीथमपुर में रविवार रात प्राइवेट ऑयल कंपनी में ऑयल के टैंक की सफाई के दौरान एक-दूसरे को बचाने में तीन लोगों की जान चली गई। कंपनी ने करीब छह घंटे तक मामले को छुपाए रखा। पुलिस को बिना सूचना दिए निजी अस्पताल ले गए, जहां से इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। यहां तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक सुनील, दीपक और जगदीश हैं। कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

# एसआईआर: 12वां दस्तावेज आधार

## चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश

नई दिल्ली

बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) से जुड़े विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को 11 मान्य दस्तावेजों के बराबर पहचान प्रमाण के तौर पर माना जाएगा। यानी इसे 12वें दस्तावेज़ के रूप में स्वीकार किया जाएगा। हालांकि, अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि आधार केवल पहचान के लिए मान्य होगा, निवास या नागरिकता का प्रमाण नहीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि बीएलओ नागरिकता तय नहीं करते। इसलिए आधार को पहचान के तौर पर स्वीकार किया जाना चाहिए, ताकि योग्य मतदाताओं को वोट का अधिकार मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेश के बावजूद बीएलओ केवल 11 दस्तावेजों को ही मान रहे हैं और आदेश की अवमानना कर रहे हैं।



### चुनाव आयोग का पक्ष

निर्वाचन आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.6 फीसदी लोगों ने आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। केवल 65 लाख लोगों ने आधार दिया है। आयोग ने स्वीकार किया कि आधार को डिजिटल रूप से अपलोड किया जा सकता है, लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। आयोग ने यह भी कहा कि 0.3 फीसदी लोग अवैध प्रवासी पाए गए, जिन्हें लिस्ट में शामिल करना संभव नहीं।

### जजों की टिप्पणियां

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कानून साफ है- आधार एक आधिकारिक दस्तावेज है। आयोग इसे शामिल करेगा और इसकी सत्यता की जांच करेगा। वहीं, जस्टिस बागची ने कहा कि पासपोर्ट और जन्म प्रमाणपत्र के अलावा कोई दस्तावेज निर्णायक नागरिकता प्रमाण नहीं है। आधार को पहचान के तौर पर शामिल करना जरूरी है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति सिर्फ आधार कार्ड के साथ आवेदन करता है, तो आयोग उसकी गुणवत्ता और वास्तविकता की जांच कर सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आधार को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए। इसे केवल पहचान स्थापित करने के लिए उपयोग किया जाएगा। नागरिकता या निवास का प्रमाण मानने से इंकार। निर्वाचन आयोग को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करने होंगे, ताकि नीचे तक जानकारी सही तरीके से पहुंचे। इस फैसले के बाद बिहार में चल रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया में बड़ी स्पष्टता आ गई है। अब आधार को भी पहचान के तौर पर शामिल किया जाएगा, जिससे लाखों मतदाताओं को राहत मिल सकती है।

# ये सुनियोजित दुस्साहस...




### ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को सोनिया ने बताया आदिवासियों के लिए वजूद का खतरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ग्रेट निकोबार इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना को एक 'सुनियोजित दुस्साहस' करार दिया है। उन्होंने कहा है कि ये प्रोजेक्ट द्वीप के स्वदेशी आदिवासी समुदायों के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करता है और इसे असंवेदनशील तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। सोनिया गांधी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लागू करने में सभी कानूनी और विचार-विमर्श प्रक्रियाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है। सोनिया गांधी ने इस प्रोजेक्ट पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि जब शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों का अस्तित्व ही दांव पर हो तो सामूहिक चेतना चुप नहीं रह सकती और न ही उसे चुप रहना चाहिए। 'निकोबार में एक पारिस्थितिक आपदा का निर्माण' नाम से एक लेख में सोनिया ने लिखा है कि, भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक अत्यंत विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र के इतने बड़े पैमाने पर विनाश की अनुमति नहीं दे सकती। हमें न्याय के इस उपहास और हमारे राष्ट्रीय मूल्यों के साथ इस विश्वासघात के विरुद्ध अपनी आवाज उठानी चाहिए। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम को लिखे गए पत्र के कुछ दिनों बाद आई है। राहुल गांधी ने ग्रेट निकोबार परियोजना को मंजूरी देने में वन अधिकार अधिनियम के कथित उल्लंघन पर गहरी चिंता व्यक्त की थी और सरकार से कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया था।

# हिमाचल पूर्ण साक्षर राज्य बना

## 99.30% साक्षरता दर के साथ टॉप पर




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश आज पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। उल्लास (न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम) कार्यक्रम के तहत हिमाचल देश का चौथा पूर्ण साक्षर राज्य हो गया है। देश में अभी तक उल्लास कार्यक्रम के तहत त्रिपुरा, मिजोरम और लक्षद्वीप पूर्ण साक्षर राज्य घोषित थे। इन तीनों को पछाड़कर हिमाचल प्रदेश 99.30 फीसदी साक्षरता दर के साथ देश में शीर्ष पर पहुंच गया है। अभी तक मिजोरम 98.02 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ पहले पायदान पर, लक्षद्वीप 97.3 फीसदी के साथ दूसरे और त्रिपुरा 97.3 प्रतिशत साक्षरता के साथ तीसरे नंबर पर है। मगर अब हिमाचल नंबर-वन हो गया है। हिमाचल की अनुमानित आबादी लगभग 75.5 लाख है। इनमें से अब 56 हजार 960 निरक्षर बचे हैं। राज्य सरकार अब इन्हें उल्लास कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाने का प्रयास करेगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आज का दिन हिमाचल के लिए ऐतिहासिक है, यह हम सब के लिए गौरव की बात है। वैसे तो देश का पहला साक्षर घोषित राज्य केरल है। केरल की साक्षरता दर 95.3 प्रतिशत है। मगर केंद्र सरकार के उल्लास कार्यक्रम में अभी चार राज्य ही साक्षर स्टेट हैं।

# सजा की अवधि से अधिक जेल!

### मध्यप्रदेश सरकार को फटकार, दोषी को 25 लाख मुआवजे का निर्देश




**नई दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद रहने को मजबूर एक दोषी की याचिका पर मध्य प्रदेश सरकार को 25 लाख रुपये का मुआवज़ा देने उसे देने का सोमवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने इस तथ्य पर गौर करते हुए कि दोषी सोहन सिंह ने 11 साल और सात महीने जेल में बिताए, लेकिन उसकी जेल की सज़ा केवल 7 साल की थी। याचिकाकर्ता ने दुष्कर्म के एक मामले में अतिरिक्त कारावास की सजा काटी थी, हालांकि वह कुछ समय के लिए जमानत पर था। पीठ ने इस मामले में भ्रामक हलफनामा दायर करने के लिए राज्य सरकार के वकील से भी सवाल किये। अदालत ने राज्य सरकार की इस चूक के लिए भी कड़ी आलोचना की, जिसके कारण दोषी को ज़रूरत से ज़्यादा जेल में रहना पड़ा। अपीलकर्ता सिंह ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 10 अक्टूबर 2017 के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

# प्रधानमंत्री ने सांसदों से स्वदेशी मेले लगाने को कहा

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सत्तारूढ़ एनडीए सांसदों की दो दिन की वर्कशॉप को संबोधित किया। उन्होंने 'गर्व से कहो ये स्वदेशी है' थीम पर जोर देते हुए सांसदों से अपने क्षेत्र में 20-30 स्वदेशी मेले आयोजित करने के लिए कहा। मोदी ने कहा कि सभी सांसद भारत में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी दरों में कटौती पर व्यापारियों के साथ बैठक करें और व्यापारियों को जीएसटी सुधारों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा, हर सांसद को अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक प्रदर्शनी आयोजित करनी चाहिए और स्थानीय कारीगरों, सूक्ष्म और लघु उद्योगों और स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन करना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा सांसदों को 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले सांसदों को वोट करने की ट्रेनिंग भी दी गई, जिससे भाजपा सांसदों के 100 प्रतिशत वोट डल सकें। इससे पहले वर्कशॉप रविवार को शुरू हुई। पीएम मोदी भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान वे हॉल में सबसे पीछे की पंक्ति में बैठे। पीएम ने फोटो शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- संसद कार्यशाला में देशभर के सांसद साथियों और वरिष्ठ नेताओं से विचार साझा हुए। ऐसे मंच एक-दूसरे से सीखने और जनता की बेहतर सेवा के लिए बेहद अहम हैं।



### राजनीतिक दलों के प्रचार-एसएमएस की स्वीकृति-अस्वीकृति में हमारी भूमिका नहीं: ट्राई

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि व्यक्तिगत एसएमएस संदेश टेम्पलेट को स्वीकृत या अस्वीकार करने का कार्य दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा किया जाता है और इसमें ट्राई की कोई सीधी भूमिका नहीं है। ट्राई ने महाराष्ट्र में एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं को प्रचार के संबंध में एसएमएस भेजने के आवेदन को अस्वीकार करने से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों का स्वत: सज्ञान लेते हुए एक स्पष्टीकरण जारी किया है, जिसमें उसने ऐसे व्यक्तिगत एसएमएस अभियानों को स्वीकार या अस्वीकार करने में अपनी किसी भी भूमिका से स्पष्ट रूप से इनकार किया है। दूरसंचार क्षेत्र के विनियामक की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ट्राई व्यक्तिगत एसएमएस अभियानों की स्वीकृति या अस्वीकृति में शामिल नहीं होता है। ये कार्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा दूरसंचार वाणिज्यिक संचार उपभोक्ता वरीयता विनियम 2018 के तहत निर्धारित रूपरेखा के अनुसार किये जाते हैं। बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र के बारे में मीडिया में जो खबर प्रकाशित की गयी है, उससे संबंधित घटना में ट्राई की कोई भूमिका नहीं है। ट्राई ने सोशल मीडिया पर भी एक पोस्ट में कहा कि उसने ऐसा कोई आवेदन न तो मिला है और न हीं उसने उसे अस्वीकार नहीं किया है, क्योंकि वह व्यक्तिगत एसएमएस टेम्पलेट को मंजूरी नहीं देता है।

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, 16 की मौत

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाए जाने का विरोध

काठमांडू

पड़ोसी मुल्क नेपाल में फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाए जाने को लेकर युवक सड़कों पर उतर आए। काठमांडू समेत कई शहरों में जमकर तोड़फोड़ और आगजनी हुई है। हालात पर काबू पाने के लिए कर्फ्यू लगाया गया और सेना की तैनाती की गई है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकार बैन हटाए और पारदर्शिता लाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाने और भ्रष्टाचार को लेकर हजारों प्रदर्शनकारी ओली सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सोशल मीडिया पर बैन लगाने से युवाओं के बीच भारी




आक्रोश है। राजधानी काठमांडू समेत कई शहरों में हजारों की संख्या में सड़कों पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व युवा कर रहे हैं इसलिए जेन-जेड का आंदोलन कहा जा रहा है। काठमांडू में तो प्रदर्शन हिंसक हो गया और युवाओं ने संसद भवन में घुस कर जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की। पुलिस ने फिर आंसू गैस, पानी की बौछार और यहां तक की रबर बुलेट का इस्तेमाल किया। हालात पर काबू पाने के लिए नेपाल की सरकार ने काठमांडू, पोखरा समेत कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया और सड़कों पर सेना की तैनाती कर दी है। इस प्रदर्शन के दौरान करीब 16 लोगों की मौत भी हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सोशल मीडिया बैन, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है।

### प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग

नेपाल के कई शहरों में सोमवार सुबह से ही पढ़ने-लिखने की उम्र वाले युवा सड़कों पर उतर आए और सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक आंदोलन छेड़ दिया। इस बीच आरएसपी सांसद सुमना श्रेष्ठ ने प्रधानमंत्री केपी ओली शर्मा के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूद हालात के मद्देनजर पद पर बने रहना का उनके पास नैतिक आधार नहीं है और तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। सांसद के इस बयान के बाद नेपाल की सियासत में हलचल तेज हो गई है।

# कन्या छात्रावास बना व्यवसायिक प्रतिष्ठान, जांच में मिली कमियां, कार्यवाही को लेकर उठ रहे सवाल

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)।

अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते इन दिनों व्यवसायिक प्रतिष्ठान बना हुआ है। हालात यह है कि यंहा अधीक्षिका द्वारा छात्रावास के देख रेख मे कम और टेंट के व्यवसाय मे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अधिक्षिका द्वारा एक कमर मे टेंट का समान रख कर उसमे ताला लगाया गया है यंहा तक की छात्राओं के सोने वाले गद्दे को भी अधीक्षिका द्वारा किराये से दिया जा रहा है हकीकत का खुलासा जांच से ही हो सकता है।




## मीनू के हिसाब से नहीं दिया जाता भोजन

यंहा छात्राओं को समय से भोजन और नास्ता नहीं दिया जाता है इतना ही नहीं उन्हें मीनू के हिसाब से भोजन भी नहीं परोसा जा रहा है। सब्जी मे पानी ज्यादा और सब्जी की मात्रा नाम मात्र का होने की चर्चा है जबकि देखा जाय तो छात्राओं के भोजन के लिये हर माह शासन द्वारा बजट उपलब्ध कराया जा रहा है और भोजन के नाम पर भारी भरकम राशी का अहरण भी हो रहा है।

## गंदगी का लगा अम्बार

छात्रावास मे चारो तरफ गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। साफ-सफाई पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। गंदगी के कारण वंहा मच्छर पनप रहे है जिससे छात्राओं के बीमार होने की संभावना बनी हुई है जबकि जानकारों द्वारा हर माह साफ सफाई के नाम पर राशी का आहरण किया जाना बताया जा रहा है।

## वित्तीय अनियमितता किये जाने का आरोप

चर्चा है कि यंहा अधिक्षिका कई वर्षो से पदस्थ है इनका आज तक दूसरे जगह ट्रांसफर नहीं किया गया है जिस कारण इनके हौसले बुलंद है। यदि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 मे प्राप्त बजट की जांच हुई कि कितना बजट शासन से प्राप्त हुआ है और कंहा कितना खर्च किया गया यदि इसकी बारीकी से जांच हुई तो कई चौकाने वाले बिल सामने आ सकते है।

**जांच पर मिली कमिंया**-विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यंहा जांच के लिये कुंती सिंह बी.ए.सी. की नियुक्त किया गया था जिस पर गंदगी होना, बच्चों को समय से एवं निर्धारित मिंन्यू के हिसाब से गुणवक्ता युक्त भोजन नहीं दिया जाना एवं एक कमरे मे ताला लगा हुआ पाया जाना एवं उसे खोलकर नहीं दिखाए जाने की बात बतायी जा रही है इसके बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

इनका कहना.........

उक्त संबंध मे बताया गया कि दिखवाते है जांच कहा है। हो सकता है विभागीय अधिकारी के पास प्रतिवेदन गया हो।

**नारेन्द्र सिंह धुर्वे**
**एसडीएम ब्यौहारी**



# कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की तथा पत्रों का जवाब समय-सीमा में देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आपने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की मानीटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा उन शिकायतों के निराकरण के जवाब संबंधित एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें कम संख्या में हैं, उन विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेट नहीं रहें। आंशिक रूप से दर्ज शिकायतों के निराकरण निम्नगुणवत्ता वाला नहीं रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी तरह आपने अन्य विभागों के अधिकारियों जहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिटिजन चार्टर लागू है तथा समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदाय की जानी है को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में शिक्षक दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने प्राध्यापकों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन-पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षाओं के वातावरण में आत्मीयता और गुरु-शिष्य परंपरा का जीवंत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने क्रमश: अपने विचार रखते हुए शिक्षकों के योगदान को याद किया। वीरेंद्र कुर्मी ने कहा कि शिक्षक ही वह आधार हैं जिनसे समाज की वास्तविक दिशा तय होती है। आयुष ने शिक्षक दिवस को प्रेरणा दिवस बताते हुए कहा कि छात्र-जीवन की सबसे बड़ी पूंजी गुरु का मार्गदर्शन है। वहीं मंजुला तिवारी ने भावुक स्वर में कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के वास्तविक नायक हैं, जिनकी शिक्षा हमें कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की शक्ति देती है। इस अवसर पर डॉ. दिलीप तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का रिश्ता केवल औपचारिक नहीं बल्कि जीवनपरक होता है, जो जीवन भर साथ चलता है। डॉ. लोकेश साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है, इसलिए यह परंपरा हमारी धरोहर है। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. गंगाधर ढोके ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षक दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह दिन हमें अपने उत्तरदायित्वों की याद दिलाता है। शिक्षक को सदैव स्वयं को अद्यतन बनाए रखते हुए छात्रों के जीवन को संवारना चाहिए। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विभाग के छात्रों ने किया। समापन पर सभी ने मिलकर शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया।

# एनएसयूआई ने समस्याओं को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

एनएसयूआई द्वारा जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में व्याप्त बुनियादी समस्याओं को लेकर पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सौरभ तिवारी ने कुलपति को बताया कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ गंभीर शैक्षणिक एवं बुनियादी समस्याओं का सामना लंबे समय से कर रहे हैं। इन समस्याओं के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हमारी प्रमुख माँगें इस प्रकार हैं। फाइनल ईयर परीक्षा परिणाम में देरी बी.ए.,बी.एस.सी., एवं बी.कॉम. तृतीय वर्ष परीक्षाओं के परिणाम लगभग 6 माह पूर्व परीक्षा संपन्न हो जाने के बावजूद आज तक घोषित नहीं किए गए हैं। परिणाम घोषित न होने से हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में टलका हुआ है। अत: आपसे निवेदन है कि परीक्षा परिणामों को तत्काल घोषित किया जाए एवं संबंधित परीक्षा अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की जाए। एग्रीकल्चर विभाग की उपेक्षा, एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों का अब तक फील्ड वर्क हेतु भूमि आवंटन नहीं किया गया है। साथ ही प्रयोगशाला की अत्यंत कमी है। इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त नहीं हो रहा है एवं शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ हो रहा है।



कक्षाओं में माइक्रोफोन की सुविधा, कई बार निवेदन के बावजूद कक्षाओं एवं सभागार में ध्वनि प्रसारण हेतु माइक्रोफोन की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। इससे अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है। अत: तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। शुद्ध पेयजल की समस्या, शहडोल कैंपस में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। कई हैंडपंप खराब हो चुके हैं, जिसके कारण छात्र-छात्राएँ स्वच्छ जल का सेवन नहीं कर पा रही हैं। स्मार्ट क्लास की सुविधा, आज के डिजिटल युग में स्मार्ट क्लास अत्यावश्यक है, किंतु अब तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। बस सुविधा में कटौती, विश्वविद्यालय में बसों की संख्या बढ़ने की बजाय घटाई जा रही है। पहले 6 बसें चलती थीं, किंतु अब केवल 4 बसें प्लाई की जा रही हैं। इससे छात्रों को समय पर कक्षाओं तक पहुँचने में गंभीर कठिनाई हो रही है।

हम माँग करते हैं कि तुरंत बसों की संख्या बढ़ाई जाए। नई बिल्डिंग निर्माण का कार्य प्रारम्भ न होना, प्रधानमंत्री उच्च योजना के तहत विश्वविद्यालय में नई बिल्डिंग निर्माण हेतु लगभग 45 करोड़ की राशि एक वर्ष पूर्व प्राप्त हुई थी। किंतु आज दिनांक तक धराशायी भवन का पुनर्निर्माण एवं निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। यह धनराशि छात्रों की शैक्षणिक सुविधाओं एवं विश्वविद्यालय के विकास के लिए थी, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह कार्य ठप पड़ा हुआ है। हम माँग करते हैं कि तत्काल नई बिल्डिंग निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए।

इन समस्याओं को लेकर हम कई बार आपको अवगत करा चुके हैं, किंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। यदि उपरोक्त माँगों का 3 दिन के भीतर समाधान नहीं किया गया, तो एन.एस.यू.आई. बाध्य होकर आंदोलन का मार्ग अपनाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शुभम सोंधिया, जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, कॉलेज अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता, सोशल मीडिया जिला उपाध्यक्ष आशु, ओम साहू, पहलाद, ओम सोनी, हिमांशु गुप्ता, हर्षित सिंह, सौरभ अच्युतानंद तिवारी, अनंत तिवारी, दीपक साहू, सुमित सिंगर, अमितेश क्रांति, पायल, खुशबू, मुस्कान सहित काफी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खरीफ उपार्जन समिति का गठन

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान पंजीयन और उपार्जन कार्य की निगरानी के लिए जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। समिति किसानों को समय पर उचित मूल्य दिलाने एवं उपार्जन कार्यो की पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी।

आदेशानुसार समिति में कलेक्टर को अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक प्रबंधक, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, भू-अभिलेख शाखा के अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी, सहायक आयुक्त सहकारी विभाग, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी, जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी समिति के सदस्य सचिव रहेंगे।

उक्त समिति का कार्य किसानों के पंजीयन से लेकर समर्थन मूल्य पर उपार्जन पूर्ण होने तक समस्त कार्यो की निगरानी करना होगा। उपार्जन अवधि में जिलास्तरीय नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर होंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि खरीफ उपार्जन 2025-26 की पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी और समयसीमा में पूर्ण की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर तीन सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर ने जनपद पंचायत करंजिया के सहायक यंत्री कशिश नायक, जनपद पंचायत बजाग के सहायक यंत्री बी.एस.तिलगाम और जनपद पंचायत शहपुरा के सहायक यंत्री पवन कुमार पटैल को शासकीय कार्यों में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर 15 जुलाई से 15 अगस्त तक पौधारोपण अभियान एवं फेसिंग कार्य कराए जाने थे, किंतु आज दिनांक तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इसी प्रकार एक बगिया माँ के नाम अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिन्हें अभियान की समयावधि में पूर्ण किया जाना था, परंतु अब तक कार्य अपूर्ण पाए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यह कृत्य शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता, लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है तथा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है। सहायक यंत्री कशिश नायक, सहायक यंत्री पी.एस.तिलगाम और सहायक यंत्री पवन कुमार पटेन को कारण बताने के निर्देश दिए गए हैं कि उनके विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। उन्हें नोटिस प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।






# जिले में 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान शुरू

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में 08 सितम्बर से 22 सितम्बर 2025 तक 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।अभियान के अंतर्गत तेज रफ्तार वाहन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नाबालिग चालक, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, रॉंग साइड ड्राइविंग, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस और बिना परमिट वाहन संचालन जैसे प्रकरणों में कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न, विभागीय योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान पंजीयन और उपार्जन कार्य किसानों को समय पर उचित मूल्य दिलाने की जानकारी के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गौशालाओं की अद्यतन एवं प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा जल जीवन मिशन के कार्यों और उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तावित नर्मदा प्राधिकरण परियोजना को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को परियोजना क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मनरेगा योजना के तहत निर्माणाधीन अमृत सरोवर, कूप निर्माण, खेत तालाब, जल गंगा संवर्धन, वृक्षारोपण कार्यों की समस्त अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर अपर कलेक्टर डिंडौरी को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर निरीक्षण जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण एवं अन्य खनन से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शासकीय भवन हैण्डओवर के समय टेक्नीकल समिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ही नवीन भवन को हैण्डओवर लिया जाए, जिसमें एसडीएम, संबंधित विभाग का सहायक यंत्री होंगे। कलेक्टर ने डीपीसी और ई-गर्वनेंस को स्कूल, छात्रावास, आश्रम के बच्चों के शत प्रतिशत सार्थक ऐप के माध्यम से लगाने की पूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के आपदा राहत प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि, राजस्व वसूली पर तहसीलदारों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान के सहायक यंत्री को स्कूल मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य संबंधी पर समीक्षा की गई और शालाओं के मरम्मत कार्य के प्रकरण तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित वेयर हाउस और मिलिंग की नियमित रूप से संबंधित एसडीएम नियमित रूप से निरीक्षण करें ताकि जिले के आम जनता को खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जा सके।



कलेक्टर ने राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को इे-केवाइसी, समग्र आईडी, आधार कार्ड, राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि, सर्पदंश के प्रकरण एवं पोर्टल इनरोलमेंट, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के स्थापना शाखा प्रभारी श्री राजेश मरकाम के द्वारा नियमित रूप से कार्यों का सही ढंग से संधारण न करने पर एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर भी कलेक्टर ने विशेष निर्देश दिए और कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसी प्रकार रोजगारमूलक योजनाओं के तहत स्थापित बैंक पोस्ट का भी परीक्षण किया गया। कलेक्टर ने राजस्व विभाग एवं तहसीलदारों द्वारा नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। आधार वितरण, ई-केवाईसी, डुप्लीकेट ई-केवाईसी, राशन कार्ड एवं खाद्य विभाग की योजनाओं की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ मिलना चाहिए। बैठक में मनरेगा कार्यों की स्थिति, पंचायत के निर्माण कार्य, वन अधिकार पत्र वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके अलावा विभिन्न विभागों से जुड़े अन्य मुद्दों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विभाग के लंबित पालन प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर अपर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। ताकि समस्याओं का निराकरण किया जा सके। साथ ही साथ मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्माणाधीन कार्यों का जांच प्रतिवेदन संबंधित इंजीनियरों, सहायक यंत्रियों के माध्यम से अधूरे निर्माण कार्यों का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि संबंधित एजेंसियों पर कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने नगर परिषद सीएमओ को निर्देश दिए कि नगर के मुख्य मार्ग पर पालतू पशुओं के बैठने से दुघर्टनाओं की संभावनाओं को देखते हुए सीएमओ को जानवरों को पकडकर गौशाला में भेजवाने के निर्देश दिए ताकि आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो सके।

कलेक्टर ने नगर में बिना अनुमति के बन रहे बहुमंजिला इमारतों की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ताकि कोई भी कॉलोनी अथवा भवन अवैध रूप से निर्माण न हो सके। साथ ही साथ सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा संचालित छात्रावास, आश्रम में खिडकी, पर्दा, अग्निशामक, खिडकी में मच्छर जाली, शुद्ध पेयजल आदि व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# रोजाना लाखों का कारोबार फिर भी गंदगी बेशुमार

## सब्जी मंडी में बिक रही बीमारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहरवासी जिस सब्जी को अपनी सेहत बनाने के लिए खा रहे हैं, असल में वह उनकी और परिवार की सेहत बिगाड़ सकती है। यकीन ना आए तो जरा पड़ाव स्थित सब्जी मंडी के हाल देख लीजिए। सब्जी वाला भले ही आपके घर तक साफ सुथरी सब्जी ला रहा हो, लेकिन मंडी में यह घंटों कीचड़, गंदगी और दुर्गंध के बीच जमीन पर फैली पड़ी रहती हैं। इस मंडी में प्रतिदिन लाखों रुपयों का कारोबार होता है। इसके बावजूद वहां का यह हाल है। यह कारोबार गंदगी के बीच हो रहा है। सड़क पर फेंके जा रहे कटे-सड़े फल और सब्जी ग्राहक के पैरों से कुचल रही है। इन पर मक्खी-मच्छर भिनभिना रहे हैं। जो बीमारी के वाहक हैं। बता दें कि यह शहर की सबसे बड़ी मंडी है। यहां सब्जी, फल एवं गल्ले का थोक कारोबार होता है। इस मंडी में प्रवेश के कई रास्ते हैं। पीछे का रास्ता हमेशा ही कीचड़ और गंदगी से पटा रहता है। यहां पर सब्जी, कीचड़ और गंदगी तीनों का ही संगम है। बारिश के दौरान



तो मंडी में कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है। मंडी में दाखिल होते ही सब्जियों से निकलने वाले अपशिष्टों का जगह-जगह ढेर दिखाई देता है। वहीं गोवंश भी सब्जियों में मुंह मारते रहते हैं। एक हाथ में डंडा लेकर गोवंश से सब्जी की रखवाली करना दुकानदारों के लिए रोज की कहानी है।

### सड़क पर सब्जी की दुकानें

सब्जी मंडी के मेन गेट के बाहर सड़क पर भी सब्जी की दुकानें सजी रहती हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है, मंडी के अंदर उन्हें जगह नहीं मिलती। परिवार का पेट पालना है, जहां जगह मिली वहीं सब्जी लगाकर बैठ गए। दिन भर मवेशियों से सब्जियों को बचाते हैं। धूप होने पर सड़ी सब्जियों से सड़ांध और बदबू उठने लगती है। इस बदइंतजामी के बीच कारोबारी दिन भर बैठे रहते हैं। खरीदार भी आजकल इन्हीं दुश्वारियों से दो चार हो रहे हैं।

### मंडी में बड़े व्यापारियों का कब्जा

बताया जाता है कि पड़ाव स्थित सब्जी मंडी के अंदर बड़े व्यापारियों का कब्जा है। आढ़तियों व किसानों की भीड़ के चलते मंडी में पैर रखने तक की जगह नहीं रहती है। मजबूरी में छोटे कारोबारी गंदगी के बीच सब्जियां बेच रहे हैं। इन छोटे कारोबारियों को भी पता है- बीमारियों का खतरा है, पर क्या करें, बच्चों का पेट पालना है। न जाने क्यों, मंडी प्रशासन को ऐसे छोटे कारोबारियों की तकलीफ नजर नहीं आती।

# राादुविवि में कामकाज ठप्प हड़ताल पर गए कर्मचारी

## 70 पद समाप्त करने के विरोध में किया प्रदर्शन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने 70 पद समाप्त करने के विरोध में 8 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों ने विवि के मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन किया और फैसला वापस लिए जाने तक आंदोलन करने की चेतावनी दी। कर्मचारियों का आरोप है कि इस फैसले से इन पदों पर कार्यरत और सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को पेंशन और अन्य सेवा लाभों से वंचित किया जा रहा है। यह पद 1996-97 में सृजित किए गए थे और 6 दिसंबर 2024 को इन्हें समाप्त करने का निर्णय लिया गया। दरअसल मप्र विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ और प्रगतिशील पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इन 70 पदों का सृजन विश्वविद्यालय में बढ़ते कार्यभार के कारण हुआ था। इन पदों पर 27 वर्षों तक कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दीं और शासन ने कभी इनकी वैधता पर सवाल नहीं उठाया। अब अचानक इन पदों को समाप्त करने



का निर्णय न केवल प्रशासनिक रूप से अव्यावहारिक है, बल्कि यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के भी विरुद्ध है।

**उदासीनता के लगे आरोप-** इस मामले में संघ के अध्यक्ष शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि इस फैसले का सबसे बुरा असर उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर पड़ा है, जो दशकों तक विश्वविद्यालय की सेवा करने के बाद अब अपने बुनियादी अधिकारों जैसे पेंशन, ग्रेच्युटी और भविष्य निधि के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ शासन 1 जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के अनुसार पेंशन दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ उन्हीं पदों को अमान्य कर उनके हक को छीना जा रहा है।

कर्मचारी संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन और ऑडिट शाखा पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी मनमानी के कारण कर्मचारियों के समयमान वेतनमान, अनुकंपा नियुक्ति और नियमितीकरण जायज मुद्दे भी लंबित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी और विश्वविद्यालय में ताला लगा रहेगा ।



# विक्टोरिया हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सोमवार को विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा समस्त रोगीयों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श एवं उपचार दिया गया साथ ही आवश्यकता अनुसार पीड़ित मरीजों को फिजियोथैरेपी की सेवाएं प्रदान की गयीं। शिविर में जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क कॉलर बेंड, टेनिस एल्बो बेल्ट, वाकिंग स्टिक, नी कैप, और लंबो-सैक्रल बेल्ट प्रदान किए गये। शिविर के सफलतापूर्वक का आयोजन में नोडल अधिकारी डॉ सारिका दुबे, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# तुरंत हटाई जाए पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना से 18 प्रतिशत जीएसटी

### कलमवीर संघर्ष संगठन ने मप्र सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र के पत्रकारों की चिंताओं को आवाज़ देते हुए कलमवीर संघर्ष संगठन ने राज्य सरकार से पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को तुरंत हटाने की मांग की है। संगठन का मानना है कि यह कर दर पत्रकारों के लिए आर्थिक रूप से भारी पड़ रही है और यह उनकी कठिन परिस्थितियों को और जटिल बना रही है। राष्ट्रीय संरक्षक गिरीश पांडे और राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी ने बताया कि देशभर में अधिकांश बीमा योजनाएं जीएसटी से बाहर रखी गई हैं, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से मप्र में पत्रकारों की स्वास्थ्य बीमा योजना पर अब भी 18 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा है। इसे पत्रकार विरोधी कदम बताया गया है। मप्र सरकार के द्वारा इसकी अंतिम तिथी 22 सितम्बर रखी गई है, जिसे आगे बढ़ाई जाये, और इस वर्ष प्रीमियम की राशी पिछले वर्ष की अपेक्षा में बढ़ा दी गई है। जिसे पिछले वर्ष की तरह ही रखी जाए। इस मुद्दे को लेकर संगठन के प्रतिनिधियों ने राज्य के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से फोन पर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा का आश्वासन दिया और कहा कि पत्रकारों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी।

प्रदेश संरक्षक सुनील साहु व प्रदेश अध्यक्ष शुभम् शुक्ला एवं संगठन के पदाधिकारियों ने चेताया कि यदि जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर में पत्रकार आंदोलन शुरू किया जाएगा। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को बोझ तले दबाना, राष्ट्रहित में नहीं, अब समय है कि सरकार पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित राहत दे।

संगठन के विवेक यादव, संजय साहु, विनोद मिश्रा, योगेश सोनी, सुधीर खरे, सत्यजीत यादव, हर्षित चौरसिया, जिला अध्यक्ष सृजन शुक्ला, रघुनंदन शुक्ला, राहुल पाण्डे, फतेह सिंह गुल्लु, ओमप्रकाश पाल, अनुप राबिन आदि ने इस विषय में जल्द उचित कदम उठाने प्रदेश सरकार से मांग की है।

### रुपयों की मांग कर मोबाईल और कार लूट ले गये बदमाश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कुछ असमाजिक तत्वों ने गौर निवासी एक युवक से दो लाख रुपयों की डिमांड की, जब युवक ने रुपये देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने घर तक छोडने का बहाना बनाया। जैसे ही युवक का भाई अपने एक साथी के साथ उन्हें छोडने गोहलपुर पहुंचा तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए उनके मोबाईल व कार छीनी और फरार हो गये। शिकायत पर गोहलपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# अल्पप्रवास पर शहर पहुंचे पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र के पूर्व गृहमंत्री और भाजपा नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा अल्पप्रवास पर शहर पहुंचें। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि जब इंजन में खराबी होती है, तो डिब्बे बदलने से कुछ नहीं होगा। उन्होंने कांग्रेस की तुलना एक ऐसे रसोईये से की, जिसकी रोटी बार-बार जल रही है। उन्होंने कहा कि रोटी जली तो रसोइए ने कहा आटा बदल दो, फिर तवा बदल दो, और फिर सिलेंडर बदल दो, लेकिन किसी ने यह कहने की हिम्मत नहीं की कि रसोइए को ही बदल दो। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि पार्टी में यही स्थिति राहुल गांधी को लेकर है। जब तक राहुल गांधी को नेतृत्व से नहीं हटाया जाता, तब तक कांग्रेस में कोई सुधार नहीं आ सकता। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि कांग्रेस स्वयं कह रही है कि उन्हें राहुल गांधी पर गर्व है, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी नीचे ही जा रही है। उन्होंने कहा, खराबी इंजन में है, और ये लोग सिर्फ डिब्बे बदलते रहते हैं। अपने दतिया प्रवास के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. मिश्रा ने बताया कि वे शंकराचार्य से मिलने और उन्हें निमंत्रण देने आए थे। उन्होंने कहा कि दतिया में 14 से 20 फरवरी तक नवग्रह पीठ की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है, जिसके लिए वे शंकराचार्य को सादर आमंत्रित करने आए हैं ।

# रादुविवि में दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रमों की रूपरेखा हेतु बैठक का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ. आरके बघेल की उपस्थिति में सोमवार को आईक्यूएसी में दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रो वर्मा के मार्गदर्शन के अनुसार बैठक में स्नातक स्तर पर हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र एवं स्नातकोत्तर स्तर में अंग्रेजी एवं एमएसडब्ल्यू के विभिन्न पाठ्यक्रमों को यूनिट के आधार पर विभाजन कर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक यूनिट में चार-पाँच अनुभवी शिक्षकों को



संलग्न किया जायेगा ताकि उनके अनुभवों का अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। शीघ्र ही पाठ्यक्रम एवं पाठ्य सामग्री तैयार करने की रूपरेखा बनायी जायेगी। प्रो मृदुला दुबे, निदेशक दूरस्थ शिक्षा ने पाठ्यक्रम से संबंधित एजेंडा बताते हुए बैठक के दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि यह अब तक की सबसे बड़ी बैठक है जिसमें लगभग 65 शिक्षक उपस्थित रहे।

साथ ही डॉ. अजय गुप्ता द्वारा पठन सामग्री के लेखन हेतु उपयुक्त फॉन्ट आदि के बारे मे बताया गया। बैठक में प्रो. खेमसिंह डहेरिया, प्रो. आशुतोष दुबे, प्रो. अरुण शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# नदी में डूबने से युवक की मौत

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा थाना क्षेत्र के मुरैठ स्थित हिरन नदी में एक युवक की डूबने से मौत हो गई । दरअसल पंजाब के पटियाला निवासी सिकंदर पिता सतपाल उम्र 25 वर्ष एवं उसके दो अन्य साथी हार्वेस्टर चलाने का काम करते हैं। शाम होते ही वह हिरन नदी के किनारे शराब पीने के लिए गए थे । तभी सिकंदर को शौच के लिए जाना था । तभी अचानक वह नदी की धार में समा गया । उसको ढूंढने का प्रयास किया गया परंतु सिकंदर का कोई पता नहीं चला । मौके पर पुलिस ने तलाशी अभियान जारी किया तब पुलिस को कुछ दूर पर सिकंदर उतराता हुआ मिला । जिसे सिहोरा की शासकीय सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

# हितकारिणी वूमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में शिक्षकों का सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वूमेंस कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में प्राचार्य डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी के मुख्यातिथ्य में शिक्षक दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन, वंदन व दीप प्रज्वलन से हुआ । तत्पश्चात छात्राओं ने सभी शिक्षकों व समस्त स्टाफ का स्वागत पुष्प, श्रीफल व उपहार देकर किया । प्राचार्य डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी ने शिक्षक दिवस मनाये जाने के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। शिक्षक के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि एक अच्छा शिक्षक एक मोमबत्ती की तरह होता है, वह दूसरों के लिए रास्ता रोशन करने के लिए खुद को जला देता है।



शिक्षक को सदैव यह प्रयास करना चाहिए कि उसके विद्यार्थी सदैव ज्ञान प्राप्त करने के लिए तैयार रहें । उसे हमेशा छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा उनमें ज्ञान की ललक उत्पन्न करनी चाहिए तत्पश्चात उप प्राचार्य डॉ तृप्ति श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में सर्वपल्ली राधाकृष्णन की हाजिर जवाबी के कुछ प्रसंग साझा किये। उन्होंने कहा कि सभी को राधाकृष्णन के आदर्शों को अपनाना चाहिए । साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षक एक कम्पास है जो विद्यार्थियों में जिज्ञासा, ज्ञान और बुद्धि के चुम्बकों को सक्रिय करता है। कार्यक्रम में प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा राधाकृष्णन जी का जीवन परिचय,शिक्षकों पर कविताएं व गीतों की प्रस्तुति तथा एकल व सामूहिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन बीएड प्रथम वर्ष की कु. रिया कुशवाहा एवं सुषमा कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ निरुपमा पाठक, डॉ अलका श्रीवास्तव, डॉ रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर,डॉ निधि माथुर, ज्योति शर्मा, नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी, विजय दहायत एवं रीना यादव को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सम्मानित किया गया ।



# सेवा परववाड़े के रूप में भाजपा मनाएगी पीएम का जन्मदिवस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व ने सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का निर्णय लिया है । इसी तारतम्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी । इस हेतु भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा कार्यशाला का आयोजन भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में किया गया। भाजपा संभागीय कार्यालय में आयोजित कार्यशाला जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन आदि उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े का प्रारंभ होगा 15 दिवसीय कार्यक्रमों के आयोजन में विभिन्न सेवाकार्य भाजपा द्वारा किया जाना है जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों की भी प्रमुख भूमिका सुनिश्चित हो ऐसी पार्टी की मंशा है।

# पंजाब में आई बाढ़ के लिए शहर से उठे मदद के हाथ

### मुस्लिम समाज ने राशि जुटाकर सिख समुदाय को सौंपी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए जबलपुर से मदद के हाथ उठे हैं। दरअसल मुस्लिम और सिख समुदाय ने इंसानियत और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए रुपए जुटाए हैं। मुस्लिम समुदाय ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान धन एकत्रित किया। यह पहल समाज के युवा साथियों ने शुरू की, जिसमें सभी धर्मों के लोगों का सहयोग मिला।

इस पहल में मोहम्मद अकबर खान, सरवर अशफाक कुरैशी, लालू हाजी, शमीम, अख्तर कुरैशी और वसीम कुरैशी जैसे कई लोग शामिल थे। शुरुआत में 20,400 रुपए जुटाए गए, जो बाद में बढ़कर 26 हजार हो गए। यह राशि दशमेश द्वार गुरुद्वारे में आयोजित सिख






समुदाय की एक बैठक में सौंप दी गई। बैठक में सिख समाज के कई वरिष्ठ सदस्य और गुरुद्वारों के प्रधान उपस्थित थे। सिख समुदाय ने मुस्लिम समाज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मुश्किल समय में मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

### मुस्लिम समुदाय ने की अपील

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि पंजाब की बाढ़ ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बाढ़ प्रभावित सभी जाति और धर्म के लोगों की मदद करना हमारा मानवीय कर्तव्य है। उन्होंने जबलपुर और पूरे मध्य प्रदेश के लोगों से अपील की कि वे इस आपदा से पीड़ित लोगों की मदद के लिए आगे आएं।

दलबीर सिंह ने बताया कि सिख समुदाय की विभिन्न संस्थाएं जैसे खालसा एड, ग्लोबल सिख संस्था, और हेमकुंड साहिब जी पहले से ही जमीनी स्तर पर राहत कार्य कर रही हैं।

वे प्रभावित लोगों को भोजन, दवाइयां, और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में लगभग 1500 से 2000 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जिससे खेती और मवेशियों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि पानी उतरने के बाद महामारी फैलने का खतरा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के एकजुट प्रयासों से पंजाब फिर से खड़ा हो सकेगा ।

# विधायक के खिलाफ भाजपा का बालाघाट बचाओ आंदोलन

## विधायक अनुभा मुंजारे को पद से बर्खास्त करने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन







बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के खिलाफ भाजपा ने सोमवार को प्रदर्शन किया। महिला डीएफओ नेहा श्रीवास्तव से 3 लाख रुपए मांगने का आरोप विधायक पर लगा हैं। जिसको लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। रैली में भ्रष्टाचारी अनुभा को हटाना हैं, बालाघाट बचाना हैं और कमीशनखोरी हटाना हैं, बालाघाट बचाना हैं जैसे नारो वाली हाथों मे तख्ती लेकर दिखाई दिये। अंबेडकर चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। विधायक अनुभा मुंजारे, उनके बेटे शांतनु मुंजारे, भतीजे निराला और विधायक प्रतिनिधि अबु शाह पर अधिकारियों और ठेकेदारों से पैसे की वसूली का आरोप लगाया गया। ओबीसी आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इसमें विधायक अनुभा मुंजारे को पद से बर्खास्त करने और वसूली मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। दरअसल, वन विभाग की डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने कांग्रेस विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कि फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में उन्हें बुलाकर 2 से 3 लाख रुपए की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और गाली-गलौज तक की गई। इस मामले की शिकायत उन्होंने भोपाल में पीसीसीएफ को पत्र लिखकर दी है, जिसके बाद अब इसकी वरिष्ठ स्तर पर जांच चल रही है। मामले के उजागर होने के बाद बालाघाट की राजनीति में भूचाल आ गया है। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाते हुए विधायक की कार्यप्रणाली और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया हैं। आंदोलन के बाद भाजपा ने राज्यपाल व पुलिस प्रशासन के नाम एसडीएम गोपाल सोनी और सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया को ज्ञापन सौंपा। यह विरोध प्रदर्शन विधायक अनुभा द्वारा पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े पर षड्यंत्र के आरोप लगाने के बाद किया गया। पूर्व मंत्री और भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने मुंजारे दंपती पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि डीएफओं के द्वारा की गई शिकायत की निश्पक्ष जांच कर विधायक अनुभा मुंजारे पर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि विधायक के पास 55 लाख की फॉर्च्यूनर कार और मानेगांव, टेकाड़ी और कुम्हारी में जमीन किस पैसे से आई। उन्होने कहा कि प्रियंका गांधी ने वाड्रा से शादी की फिर क्यों वह गांधी लिखती हैं, मुंजारे दंपती किसे के नहीं हैं, वह किसी भी पार्टी से चुनाव लड़ते हैं। अनुभा मुंजारे अपनी पति की नहीं हो सकी तो आमजनता की क्या होंगी ऐसा इनका चरित्र हैं। विधायक राजकुमार कर्राह ने कहा कि विधायक अनुभा मुंजारे पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार का आरोप लगा हैं तो मैं पुछना चाहता हैं कि कंकर मुंजारे कहा हैं अनुभा मुंजारे के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठा रहें हो। उन्होने यह भी कहा कि आप अधिकारियों को बुला-बुलाकर धमकाते हो चककाते हो, अधिकारी कर्मचारी पर दबाव बनाते हो और मोटी रकम लेकर शांत हो जाते हैं। यहीं अनुभा मुंजारे 2023 के पहले पानी पी पी कर कांग्रेस को कोसते थे और ऐसा क्या हुआ कि सत्ता का लालच आ गया और कांग्रेस से टिकट ला कर विधायक बन गए। गौरीभाऊ के समय से ही बालाघाट विधानसभा में विकास की गंगा बही हैं वहीं दिखता हैं। कदावर नेता गौरीभाऊ व उनकी बेटी मौसम बिसेन पर षड्यत्र का आरोप लगा रहें हैं। मामले की सीबीआई जांच हो, सच हो जायेगा। आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े ने कहा कि डीएफओ नेहा श्रीवास्तव से लाखों रूपये की मांग कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने की, शिकायत डीएफओं ने उच्च अधिकारियों को की हैं। यह आंदोलन उनके भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए इस मांग के साथ हैं कि अनुभा मुंजारे पर कार्यवाही हो, जो भय, अराजकता, भ्रष्टाचार और कमिशनखोरी की अधिकारी कि शिकायत के सामने आ चुका हैं। इसके पहले भी उन्होने विधानसभा में सवाल उठाए फिर पैसो को लेकर लेनदेन हो गई तो सवालों को वापस ले लिया, कई ऐसे आडियों हैं जिसमें अधिकारियों को ब्लेकमेलिंग करते हुए पैसा वसूल रहीं हैं, इसलिए बालाघाट बचाव आंदोलन किया गया। विधायक अनुभा मुंजारे जिसे तरिके से उनके बेटे शांतनु मुंजारे, भतीजे निराला और विधायक प्रतिनिधि अबु शाह के द्वारा पैसा वसूली किए जा रहें हैं, इस पर लगाम हो। राज्यपाल को हमने एक ज्ञापन सौंपा हैं जिसमें हमने उनकी विधायकी बर्खास्त की मांग की और एक ज्ञापन पुलिस प्रशासन को दी हैं कि उनके साथ उनकी भ्रष्टाचारी टीम पर एफआईआर की कार्यवाही हो।

## वन्य प्राणी जागरूकता अभियान के तहत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम




बालाघाट(स्वतंत्र मत)

मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट के निर्देशन तथा वन मंडल अधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य श्रीमती नेहा श्रीवास्तव एवं तरुण कुमार डेहरिया उपवनमंडल अधिकारी उकवा सामान्य के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा के अंतर्गत वन प्राणी जागरूकता अभियान के तहत ग्राम सोनगुड्डा में एक संगीतमय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया इसमें वाद्य यंत्रों के माध्यम से पर्यावरण तथा वन प्राणियों को बचाने हेतु बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जानकारी अनुसार, वर्तमान में वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष सिंह एवं उसकी टीम दूरस्थ अंचल के ग्रामों में वन एवं वन्य प्राणी को बचाने के लिए संदेश दे रहे हैं। चर्चा में श्री सिंह द्वारा बताया गया कि जब भी हमें वन्य प्राणी जैसे बाघ या तेंदुआ दिखाई देता है और हम लोग अपनी मवेशी जंगल में चराने ले जाते हैं। तो प्राय: देखा गया है कि जितनी मौतें बाघ या तेंदुआ के मरने से होती है उसमें से 80त्न मौतें ऐसी होती है जो अपने मवेशी को बाघ या तेंदुआ के हमले से बचते हैं शासन की योजना अंतर्गत यदि आपकी मवेशी को वन्यप्राणी बाघ या तेंदुआ द्वारा मार लिया जाता है तो उसका क्षतिपूर्ति राशि शासन द्वारा प्रदान की जाती है इसलिए यदि कोई वन्यप्राणी आपके मवेशी पर हमला करता है तो उसे करने दीजिए और खाने दीजिए मौके में अपने मवेशी को बचाने के लिए बिल्कुल भी ना जाए वन एवं वन्य प्राणी राष्ट्र की धरोहर है और इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। संगीत के माध्यम से पर्यावरण एवं वन प्राणियों का हमारे जीवन में क्या संबंध है इसे बहुत ही अच्छे तरीके से बताया गया।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने बताया कि नगरीय निकाय एवं पंचायत निकाय में वर्ष 2025 हेतु मतदाता सूची वार्षिक सूची पुनरीक्षण 25 अगस्त से 14 नवंबर तक पूर्ण किया जाना है, जिसका कार्यक्रम मप्र राज्य निर्वाचन आयोग व्दारा घोषित कर दिया गया है । इस दौरान मास्टर ट्रेनर व्दारा प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी, मतदाताओ की जानकारी, नगर परिषद नौरोजाबाद में भवन परिवर्तन की जानकारी, एक ही गृह क्रमांक में 11 से अधिक मतदाता की स्थिति में नगरीय निकाय एवं विकासखंड में भौतिक सत्यापन, प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने, मतदाताओ की शिफ्टिंग और वेरीफिकेशन,जांच सूची, वेरीफिकेशन, मतदाताओ की शिफ्टिंग में विवाद होने पर निराकरण,दावा आपत्ति की प्रारंभिक तैयारियों, दावे आपत्ति प्राप्त करने, ईआरओ के कार्य की जानकारी प्रदाय की गई। बैठक में एसडीएम मानपुर टीआर नाग, बांधवगढ़ कमलेश नीरज, पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में धनुषधारी सिंह, विजय कोल,र ाजीव सिंह, मिथिलेश राय, उपस्थित रहे।

# लहंगाकन्हार की पार्वती के घर पांच साल बाद आयी खुशियॉ

## संजीवनी-108 के ईएमटी डॉ. पटले और आशा कार्यकर्ता ने घर पर ही कराया प्रसव

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित संजीवनी-108 एम्बुलेंस की सेवा दुरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बहुत ही उपयोगी और जीवनदायनी साबित हो रही है। संजीवनी-108 एम्बुलेंस के ईएमटी डॉ. गौरीशंकर पटले एवं आशा कार्यकर्ता कांति मरावी ने जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम लहंगाकन्हार की गर्भवती महिला पार्वतीबाई का घर पर ही सुरक्षित प्रसव कराकर जच्चा-बच्चा की जीवन रक्षा करने का काम किया है। यदि संजीवनी-108 सेवा की एम्बुलेंस समय पर लहंगाकन्हार नही पहुंचती तो पार्वती बाई और उसके होने वाले बच्चें के लिए जीवन-मरण का सवाल पैदा हो जाता। संजीवनी-108 एम्बुलेंस 08 सितम्बर को सुबह 04:26 मिनट पर बिरसा तहसील के ग्राम सिंघनपुरी में गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचाने आयी थी। यह एम्बुलेंस सिघनपुरी से गर्भवती महिला को दमोह के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाकर वापस बालाघाट जाने वाली थी, तभी दमोह स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम द्वारा संजीवनी-108 के ईएमटी डॉ. पटले को अस्पताल में कुछ देर इंतजार करने कहा गया। क्योंकि एएनएम को लग रहा था कि प्रसव के लिए लायी गई महिला की स्थिति गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर करना पड़ सकता है। संजीवनी-108 एम्बुलेंस इस पर दमोह के स्वास्थ्य केंद्र मे ही खड़ी थी। इस बीच सिघनपुरी से आयी महिला का सुरक्षित प्रसव हो गया, तभी लहंगाकन्हार से सूचना मिली कि गर्भवती महिला को प्रसव के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाना बहुत जरूरी है। इस पर संजीवनी-108 एम्बुलेंस तत्काल लहंगाकन्हार के लिए रवाना हो गई। संजीवनी-108 के ईएमटी डॉ गौरी शंकर पटले व पायलेट जयेश चौहान लहंगाकन्हार पहुंचे तो देखा कि महिला को प्रसवपीड़ा तेज हो गई है और उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिठली या दमोह ले जाने पर रास्ते में ही प्रसव हो सकता है और इससे माता एवं शिशु की जान को खतरा हो सकता है। इस पर ईएमटी डॉ गौरी शंकर पटले ने आशा कार्यकर्ता कांति मरावी के साथ मिलकर घर पर ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। क्योंकि संजीवनी 108 में आपातकाल में प्रसव-कीट जिसमें प्रसव सम्बन्धी समस्त सामग्री उपलब्ध होती है। सुबह 07:10 बजे पार्वतीबाई पति अशोक मरकाम का सुरक्षित प्रसव करा लिया गया। पार्वती बाई को शादी के 05 वर्ष बाद प्रथम पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई। इससे उनका परिवार बहुत खुश है। प्रसव के उपरांत संजीवनी-108 एम्बुलेंस द्वारा पार्वतीबाई और उसके शिशु को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिठली में आगे के उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया। इस प्रकार संजीवनी-108 एम्बुलेंस पार्वती बाई के लिए जीवनदायनी बन गई। यदि इसकी सेवा नही मिलती तो पार्वतीबाई के साथ कुछ अनहोनी हो सकती थी।

## राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम संपन्न



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ कार्यक्रम के अंतर्गत 6वां अंतरराष्ट्रीय नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु दिवस का आयोजन सभागार कक्ष जिला चिकित्सालय उमरिया में किया गया। डॉक्टर मुकुल तिवारी जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का मानव जीवन पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए लोगों को अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाना चाहिए और स्वच्छ ईंधन का उपयोग करना चाहिए। वायु को स्वच्छ रखने के लिए अपने दैनिक जीवन में साइकिल या पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन का उपयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ कार्यक्रम जिला उमरिया पर कॉलेज के छात्र छात्रा, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग ऑफिसर का उन्मुखीकरण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साथ ही रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनपीसीसीएचच जिला नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी, डीपीएचएनओ श्रीमती अनुराधा पटेल, जिला डाटा मैनेजर आईडीएसपी सुधीर प्रसाद सोनी, विभिन्न वार्ड की इंचार्ज, पैरामेडिकल छात्र छात्रा उपस्थित रहे।'

### कोदो की खराब फसल को नष्ट करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कोदो की खराब फसल को नष्ट करने के निर्देश दिए है। उन्होने वन विभाग,राजस्व विभाग तथा कृषि विभाग से कहा कि अपने क्षेत्रांतर्गत भ्रमण करे,एवं किसानो को समझाईश दें कि खराब कोदो की फसल को जानवरों से दूर रखें और स्वयं नष्ट करें,ताकि किसी भी प्रकार की पशु हानि से बचा जा सके। उन्होने वन विभाग को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में हाथियों की मूवमेंट है, वहां पर विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होने उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से कहा कि कोदो को ग्रहण करने से बीमार हुए जानवरों को समय रहते समुचित उपचार मुहैया कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की पशु हानि होने से रोका जा सके।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना में अनियमितताओं का आरोप

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत चल रही मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले को एक बड़े घोटाले के रूप में चिन्हित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। समरीते ने पत्र में उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश में पी.व्ही.टी.जी. कार्यक्रम के तहत विशेष जनजातियाँ भारिया अलीराजपुर, झाबुआ, सहारिया छिंदवाड़ा, पातालकोट, जुन्नारदेव और बैगा समाज नक्सल प्रभावित बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनुपपुर, शहडोल में निवास करती हैं। इन क्षेत्रों के लिए प्रदेश सरकार ने मेडिकल मोबाइल यूनिट योजना शुरू की थी ताकि दूरस्थ व पिछड़े इलाकों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ पहुँचाई जा सकें। इसके लिए लगभग 70 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार प्रत्येक मोबाइल यूनिट में 6 सदस्यीय स्टाफ, एक एमबीबीएस चिकित्सक और आवश्यक मेडिकल उपकरण होना अनिवार्य था। साथ ही, ठेका लेने वाली कंपनी के पास कुल 74 एमबीबीएस डॉक्टर होना जरूरी था, लेकिन समरीते का आरोप है कि कंपनी ने न तो पर्याप्त संख्या में डॉक्टर नियुक्त किए और न ही स्टाफ पूरा किया। बिना एमबीबीएस डॉक्टरों और अपर्याप्त स्टाफ के ही वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया। इसके बावजूद प्रति वाहन प्रतिमाह करीब 3 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने इसे वित्तीय घोटाले के साथ ही जनजातीय समाज के जीवन से जुड़ा गंभीर अपराध बताया है। उनका कहना है कि जिन इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की सबसे ज्यादा जरूरत है, वहां योजना केवल कागजों में लागू की गई और करोड़ों की हेराफेरी की जा रही है। समरीते ने प्रधानमंत्री से इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने, संबंधित कंपनी का टेंडर निरस्त करने और जिम्मेदार संचालकों की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो यह न केवल सरकारी खजाने की चोरी होगी बल्कि गरीब और असहाय आदिवासी समाज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी होगा।

# पर्यटन और वन्य जीव संरक्षण को सशक्त बनाने बांधवगढ़ में गाइड प्रशिक्षण का तीसरा बैच प्रारंभ

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल और वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा बैच सोमवार 8 सितंबर से प्रारंभ हो गया है। 04 सितंबर से 17 सितंबर तक 14 दिन चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो बैच पहले ही सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान गाइडों को कुल 7 बैच में बांट कर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें प्रत्येक बैच को दो-दो दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गाइड के रूप में कार्य कर रहे 197 गाइड सम्मिलित किए गए हैं जिसमे 26 महिलायें भी शामिल हैं। यह सभी गाइड्स ताला या आस पास के गांव के है तथा इस तरह के प्रशिक्षण से गाइड्स शहरी पर्यटकों के शंका समाधान में भी सक्षम होते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल गाइडों को वन्य जीवों और वन्य प्राणियों के व्यवहार, उनके संरक्षण, तथा इको टूरिज्म के महत्व से अवगत कराना है, बल्कि गाइडों के व्यक्तित्व विकास, ग्रूमिंग, समय प्रबंधन, और पर्यटकों से प्रभावी संवाद कौशल जैसे आवश्यक विषयों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि पर्यटक बांधवगढ़ में भ्रमण के दौरान एक उत्कृष्ट एवं यादगार अनुभव प्राप्त करें, और गाइड उनकी यात्रा को और अधिक रोचक, शिक्षाप्रद और सुरक्षित बना सकें। इस वर्ष के प्रशिक्षण सत्र में पुणे से आए विशेषज्ञ वाइल्डलाइफ ट्रेनर्स की टीम दृ श्री अनुज खरे, श्री राजेश पंडित एवं डॉ. उमेश कृष्णा द्वारा गाइडों को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से फील्ड भ्रमण भी कराया जा रहा है, ताकि गाइडों को प्रत्यक्ष रूप से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन्य जीव प्रबंधन, ऐतिहासिक धरोहरों, विविध प्रजातियों के वन्य जीव, पौधों, और उनके पर्यावरणीय महत्व के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण सत्र में शामिल गाइडों को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों द्वारा भी वन क्षेत्र में प्रचलित विभिन्न विभागीय कार्यों जैसे दृहैबिटैट प्रबंधन, वन्य जीव संरक्षण प्रक्रिया, जंगल में सुरक्षा प्रबंधन, पर्यटक सुविधा प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जा रही है। इससे गाइड भविष्य में पर्यटक मार्गदर्शन के दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बेहतर जानकारी प्रदान करने में सक्षम होंगे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पर्यटन व वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में आने वाले नए दौर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है। इससे न केवल गाइडिंग की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार व सशक्तिकरण का भी अच्छा अवसर मिलेगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया जिला उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक / 3361/ वि.शा./न.पा./2025 उमरिया, दिनांक 04/09/25

**प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म / संस्था / ठेकेदारों सूचित किया जाता है कि सूची में वर्णित कार्यों के लिए ई - निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_448988_1 | Project for the feeder EX. of 11 KV line chhantan camp ward no. 01 | 1. 01 माह<br>2. 681438.00 | 1. 2000.00/-<br>2. 6814.00 | 19/9/2025 |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेबसाईड (https://mptenders.gov.in) में निशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती 1
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATE" में देखी जा सकती है।
3 निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद उमरिया**
**जिला उमरिया (म.प्र.)**

# दिव्यांग जनों को अपमानित करने मानव अधिकारों को कुचलने में माहिर निकली सहायक आयुक्त, कर रही निर्माण भुगतान घोटाला

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

सहायक आयुक्त कार्यालय में लंबे समय से अव्यवस्थाएं दिखाई दे रही हैं। निर्माण घोटाला के बाद भी भुगतान किए जाने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं इसी के साथ घटिया निर्माण कार्यो की भी जानकारी सामने आ रही हैं। तो वहीं दूसरी तरफ सहायक आयुक्त श्रीमति वंदना गुप्ता नियम निर्देशों का उल्लंघन करने से भी नही चूक रही हैं। यहां पदस्थ विष्णु सिंगौर को अचानक पद से हटाए जाने का मामला सामने आया है। श्री सिंगौर ने बताया कि सहायक आयुक्त कार्यालय के आदेशानुसार क्रमांक/सहायक आयुक्त/सामान्य स्थापना/2025/14060 दिनांक 03/09/2025 के अनुसार ट्रायबल वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा जिले के प्रभारी को दिनांक 01/09/2025 को विष्णु कुमार सिंगौर क्षेत्र संयोजक के विरुद्ध की गई शिकायत के निराकरण होने तक शिक्षा स्थापना की नस्तियां सहायक संचालक (शिक्षा) एवं समस्त योजनाएं की नस्तियां सहायक सांख्यिकी अधिकारी डीएस धुर्वे के माध्यम एवं छात्रवृत्ति तथा राहात से संबंधित नस्ती क्षेत्र संयोजक से उन्हें प्रस्तुत किया






जावेगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग वंदना गुप्ता के द्वारा जारी यह आदेश एकतरफा दबाव में मानव अधिकारों को दिव्यांग जनों के अधिनियम 1995( दिव्यांग जनों के आगे बढ़ने के समान अधिकार एवं संरक्षण प्रदान करता है को कुचलने वाला है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग वंदना गुप्ता के द्वारा जारी किया गया आदेश न तो क्षेत्र संयोजक को सूचित किया गया है और न ही उससे अपना पक्ष रखने उसे सुनने का अवसर दिया गया है।और उसे अपने पक्ष रखने के संबंध में सूचना दी गई है तो उसका उल्लेख भी नहीं किया गया है। वर्ष पूर्व भी जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत विष्णु कुमार सिंगौर क्षेत्र संयोजक को जनजातीय कार्य ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित आनंदम जहां पर लोग अपने गंदे फटे एवं अनुपयोगी सामग्रियां छोड़ कर जाते हैं उन्हें उठाने रखने एवं संभालने के कार्य में एक शारीरिक रूप से असक्षम एवं दिव्यांग कर्मचारी को पूरी जवाबदारी बिना कुछ सुविधाएं दी गई थी। जब दिव्यांग कर्मचारी ने यहां भी सही कार्य करता रहा तो अपमानित करने पहले सहायक आयुक्त कार्यालय में लाया गया एवं प्रताड़ित किया जा रहा है। आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के द्वारा विभागीय अधिकारियों के कार्य विभाजन निर्देश दिनांक 07/11/1995 में स्पष्ट किया कि जिले में पदस्थ क्षेत्र संयोजकों को कार्यालय का आहरण संवितरण अधिकार एवं समस्त योजनाएं को देखने का कार्य सौंपा जाएगा। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा उक्त निर्देश को दरकिनार कर मनमाने तरीके से दिव्यांग अधिकारी से काम लिया जाता रहा है पहले आनंदम फिर अब शिकायत का स्वरूप बताए बिना उन्हें अपने पक्ष रखने उन्हें सुनने का अवसर दिए बिना एक तरफा कार्य से किनारे करना मानव अधिकारों का हनन है। जबकि सर्व विदित है कि जनजातीय कार्य विभाग में पूर्व के वर्षों में निर्माण कार्य, शासकीय सामग्रियां की खरीदी की बड़ी बड़ी शिकायतें लंबित है जिनमें न ही कोई जांच हुई न ही दोषियों पर कार्रवाई हुई है।

केवल वर्षों से एक मात्र दिव्यांग कर्मचारी अधिकारी श्री सिंगौर को प्रारंभ से उपेक्षित एवं प्रताड़ित किया जा रहा है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग का उपरोक्त आदेश मानव अधिकारों को तथा दिव्यांग जनों के समान अधिकार एवं अवसर प्रदान करने वाले भारतीय अधिनियम 1995 को कुचलने वाला है।

श्री सिंगौर ने कहा कि इस कार्यालय में मुंह देखा व्यवहार किया जा रहा है भ्रष्ट और फर्जी ठेकेदारों को उपकृत करने के लिए लगातार निर्माण कार्य सौंपे जा रहे हैं। जबकि अनेक ठेकेदार पूर्व में ब्लैक लिस्टेंड किए जा चुकें हैं। इसके बाद भी इन्ही ठेकेदारों से काम कराया जा रहा है निर्माण शाखा के अधिकारी, कर्मचारी सरकारी धन की जमकर बंदरवाट कर रहे हैं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की मांग की है। समस्त दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त की है।

# धार्मिक आयोजन लोगों को जोड़ने का बेहतर माध्यम : मंत्री संपतिया उइके

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

जिले में भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की परंपरा है। आप सभी आगामी त्यौहारों को भी धूमधाम और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। धार्मिक आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने का बेहतर माध्यम होते हैं। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने ग्राम पंचायत मलारी के ग्राम बिछुआ में आयोजित रामधुन कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। मंत्री श्रीमती उइके ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि उनके द्वारा यहां स्थित खैरमाई माता मंदिर को और भव्य बनाने के लिए 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। मंदिर परिसर में आंगन निर्माण कार्य बेहतर तरीके से हो, इसके लिए ग्रामवासी सहयोग करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने डिंडोरी जिले के मेहदवानी से आए रामधुन मंडली द्वारा श्री रामा, जय श्री रामा एवं सीताराम भजन के अदभुत गायन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। मंडली का हौसलाअफजाई करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने विधायक निधि से 11 हजार रूपए मंडली को वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के लिए प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि स्थानीय समिति द्वारा बहुत आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस तरह के आयोजन क्षेत्र में होते रहें। विदित है कि ग्राम बिछुआ में स्थानीय समिति द्वारा 24 घंटे की अखंड महारामधुन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों द्वारा भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके लिए भी उन्होंने बच्चों को एक हजार रूपए की राशि प्रदान की। मंत्री श्रीमती उइके ने ग्राम बिछुआ में बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी एवं प्राथमिक शाला के लिए बाउंड्रीवॉल बनाए जाने की भी घोषणा मंच से की। ग्रामवासियों के सुलभ आवागमन के लिए केहरपुर से कोटासांगवा एवं



कोटासांगवा से कातलबोड़ी के बीच 5 किलोमीटर की रोड भी बनाई जाएगी जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनाया जायेगा। ग्रामवासियों की मांग पर मंत्री श्रीमती उइके ने यहां संचालित हाईस्कूल का उन्नयन कर कक्षा 12वी तक किये जाने की घोषणा भी मंच से की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि विधानसभा में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं।

पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 68 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को दी गई है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पीएमजीएसवाई, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं समझें। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जोरावर सिंह, श्रीमती अनिता तिवारी, कन्हैया राय, रामदास महाराज, किशन उइके, श्रीमती रजनी तिवारी, श्रीमती संध्या यादव, नीतेश राय, अभिषेक राय सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी की मासिक बैठक

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

आम आदमी पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ भूमिका निभाने रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान पर विचार व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने क्षमता अनुसार आर्थिक सहयोग भेजने का निर्णय लिया। साथ ही अन्य लोगों को भी सहयोग के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कछवाहा, हितेंद्र सिंह, जिला संगठन पर्यवेक्षक आनंद प्रकाश तिवारी, जिला सचिव अशोक पांडे, जिला सहसचिव दुर्गेश उइके, विधानसभा प्रभारी शिशु सिंधु भलावी, कार्यालय प्रभारी नितिन झरिया, अरविंद गड़ेवाल, सक्रिय कार्यकर्ता मिथिलेश मरावी, रवि वरकडे, नितेश वरकडे अभिषेक ठाकुर मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक



मजबूत करना ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। साथ ही सेवा कार्यों के माध्यम से आम जनता के बीच आप पार्टी की पहचान और भी सशक्त होगी। संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

## समिति अध्यक्षों को नही मिला प्रभार

*मण्डला ( स्वतंत्र मत )।*

*किसानों की सहूलियत के लिए सरकार के द्वारा बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का विभाजन कर पुनर्गठन किया गया है जिससे किसानों को आसानी से ऋण, बीज, खाद आदि सेवा उपलब्ध करायी जा सके। इसके लिए सरकार की मंशा के अनुरूप आमसभा आयोजित कर प्रस्ताव पारित करते हुए जिले में भी लगभग 20 समितियों का पुनर्गठन किया गया है। अध्यक्ष भी नियुक्ति कर दिए गये हैं लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी सहकारिता विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र नहीं दिए जा रहे हैं जिसके चलते आगे की कार्यवाही नहीं हो पा रही है और नवनियुक्त अध्यक्ष अपने आप को ठगा हुआ समझ रहे हैं।*

# छात्रावास के बच्चों ने मनाया शिक्षक दिवस

**मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)।** सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास नॉर्मल सिझोरा के बच्चों ने इस वर्ष भी शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने शिक्षकों का सम्मान किया। इस वर्ष अवकाश के कारण विद्यालय में उक्त कार्यक्रम का आयोजन नही हो पाया जिसके कारण सभी बच्चों ने अपने शिक्षकों को छात्रावास में आमंत्रित किया एवं अनोखे अंदाज में सभी शिक्षकों का स्वागत किया छात्रावास के प्रवेश द्वार से मानव श्रृंखला बनाकर सभी शिक्षकों पर फूलों की बरसात की गई एवं अपनी आदिवासी परंपरा का निर्वहन करते हुए उनका स्वागत किया गया। सभी शिक्षकों ने छात्रावास में विराजमान श्री गणेश भगवान के दर्शन किए और शिक्षकों की आरती कर तिलक वंदन हुआ। इस दौरान आतमजीत सिंह प्राचार्य, मिनी तुमराली, सुखलाल पट्टा, बुधिया उइके,



रामनारायण नामदेव, ब्रजेन्द्र सोनी, संतोष काजुरिया, सौरभ हरदहा, शशिमोहन भासंत, संदीप रघुवंशी, सोना वलके, कल्पना नामदेव, वीरेन्द्र अग्निहोत्री एवं अन्य शिक्षक इस अनूठे कार्यक्रम के साक्षी बने। विदित हो कि छात्रावास में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव मनाया गया। जिसमें इस वर्ष गणेश जी की को जनजातीय संस्कृति पर सजावट की गई थी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी उसी तर्ज पर आयोजित किये गए छात्रावास के आयोजन को देखते हुए सिझोरा ग्राम के स्थानीय व्यापारियों रामलला भजन परिवार के एक दिन यहाँ विशेष भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें शवि मेडिकल संचालक अजय ताम्रकार, गायत्री ट्रेडर्स के संचालक प्रकाश साहू, विनायक गैस एजेंसी के संचालक सुरेश साहू, मेढ़ा हायर सेकेंडरी संकुल प्राचार्य दुर्गेश खरे, शिक्षक तुलाराम पंचेश्वर, अमित सौंदर्य प्रसाधन एवं स्टेशनरी के संचालक अमित राय ने अपनी सहभागिता दी।

## अमानक बीज पर लगा प्रतिबंध

***मण्डला ( स्वतंत्रमत )।*** *उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत बीज एवं किस्म-5544, विक्रेता संस्था मेसर्स रेवा कृषि सेवा केन्द्र सब्जीमंडी के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाए जाने के फलस्वरूप संबंधित लॉट व बैच नंबर 29161568 तथा विक्रेता जय भवानी कृषि केन्द्र पिपरिया के बीज एवं किस्म-1010 के लॉट व बैच नंबर-25-36-1007(क्र) 4145 के बीज का जिले में क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।*

## नरेन्द्र चन्दौल महामंत्री एवं जिला मंत्री नियुक्त हुई कृष्णा पंजवानी





नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा मण्डला की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नैनपुर से महामंत्री के पद पर पूर्व नपा अध्यक्ष नरेश चंद्रोल को महामंत्री का दायित्व सोपा गया इसी तरह वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति कृष्णा पंजवानी को जिलामंत्री के पद नियुक्त किया। आप द्वय की नियुक्ति पर नगर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। नियुक्ति के तुरंत बाद से बधाईयों का सिलसिला जारी है। नगर के मुख्य मांग पर स्थित मीसाबंदी चौक में एक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां नरेश चन्दौल एंव श्रीमति कृष्णा पंजवानी को नगर भाजपा मंडल एंव भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं बधाई आशिर्वाद प्रेषित किया गया। आप सबसे पहले दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर पहुंचे राम भक्त श्री हनुमान एंव शंकर जी की पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया। आपके द्वारा बताया गया कि संगठन ने जो दायित्व हमें सोपा है हम निस्वार्थ भावना से कार्य कर संगठन को मजबूत बनायेंगे।

# नवीन विद्यालय की प्रतिभाओं को मिली प्रोत्साहन राशि

**स्व. विपत लाल वरकड़े की पुण्य स्मृति में प्रोत्साहित हुई प्रतिभाएं**

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा दसवीं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि से नवाजा गया। अपने पिता स्व. विपत लाल बरकड़े की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र डॉ सुरेंद्र वरकड़े ने प्रत्येक क्षात्र को एक एक हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदाय की। इसके अलावा जरूरत मंद विद्यार्थियों को भी एक एक हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदाय की गई। जिसके अंतर्गत कु. लक्ष्मी यादव, सौरभ वरकड़े, सुभागिनी परते, सीमा उइके, हीरावती झारिया, सूर्य चंद्र कांत मरावी, रिया रजक, जिज्ञासा झारिया, अभिलाषा उइके सहित कुल दस छात्र-छात्राये शामिल रही। इस दौरान डॉ वरकड़े ने सभी विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों से बचने और जीवन सुरक्षा से जुड़े देशी उपायो के बारे में विस्तार से बताया । इसके साथ ही शासकीय



विद्यालय में अध्ययन रत प्रत्येक विद्यार्थी का कोई बीमारी में नि:शुल्क उपचार करने की बात भी कही। इस अवसर पर शासकीय नवीन विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एक नवीन पुस्तकालय की शुरुआत्व भी की गई । जिसमें पुस्तकों के रख रखाव के लिए एक नवीन सेल्फ का निर्माण किया गया है। जिसका लोकार्पण भी डॉ वरकड़े के हस्ते किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप शरणागत ने इस दौरान विद्यालय की गतिविधियों को उद्धत किया। विद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रदर्शित कर एक सादे समारोह का समापन किया गया।

# 17 को भारत कृषक समाज का सम्मेलन नैनपुर में

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत कृषक समाज के राष्टीय उपाध्यक्ष के. के. अग्रवाल का प्रथम आगमन 17 सितम्बर को नैनपुर कृषि उपज मंडी में दोपहर 12 बजे हो रहा है । आपके आगमन की जानकारी देते हुए तहसील अध्यक्ष अवनीश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा एवं उन्नति आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी सरकार की योजनाओं पर चर्चा किसानों की समस्याओं का समाधान को लेकर जुड़ा हुआ है। आगामी कार्यक्रम को लेकर भारत कृषक समाज के पदाधिकारी डिमाक सिंह ठाकुर मोलू पटेल के निज निवास में रखी गई ।

आगामी 17 सितम्बर बुधवार को भारत कृषक समाज के कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई । जिसमें सगंठन का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना , किसानों के हित की रक्षा एवं उन्नति, आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी, सरकार की योजनाओं पर चर्चा, किसानों की समस्याओं का समाधान अधिकारियों से मिल कर करना साथ ही किसानों के द्वारा खेत में पलारी को जलाने को लेकर प्रशानिक गाइड लाइन और उसका उपाय हेतु विस्तृत चर्चा करना जिससे किसानों के ऊपर पलारी जलाने को लेकर अपराध दर्ज न हो विषय शामिल रहेगा । बैठक में भारत कृषक समाज जिला अध्यक्ष राविन्द्र प्रताप सिंह ठाकुर, भारत कृषक समाज जिला महामंत्री विजय ठाकुर, पूर्व कोषाध्यक्ष डिमाक सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष अवनीश ठाकुर भारत कृषक समाज नैनपुर, महेंद्र दुबे, केसरी पटेल, राजेश गुप्ता, कालका पटेल शिव कुमार ठाकुर, विवेक राय सहित सतेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे।

# राधाष्टमी महोत्सव पर जमकर झूमे भक्त, कैबिनेट मंत्री ने किया दिव्य अभिषेक

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

ग्राम टिकरवारा में इस्कॉन मंडला के द्वारा श्री श्री राधाष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य अभिषेक, आरती एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। पूरा वातावरण हरे कृष्ण - हरे कृष्ण के संकीर्तन से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री हरिनाम संकीर्तन से हुआ। संकीर्तन की मधुर ध्वनियों में भक्त झूम उठे। इसके पश्चात श्री श्री राधारानी का दिव्य अभिषेक सम्पन्न हुआ।

अभिषेक के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके ने परिजनों के साथ पुष्प, दूध, दही, शहद व पवित्र जल से राधारानी का अभिषेक किया और महाआरती एवं 56 भोग महाप्रसाद वितरण किया। जिसमें हजारों श्रृद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री श्रीमद् भक्तिप्रेम स्वामी जी महाराज चेयरमैन, इस्कॉन मंदिर उज्जैन एवं दीक्षा गुरु का आगमन हुआ था स्वामी जी ने भक्तों को राधा-कृष्ण की महिमा पर





प्रवचन देते हुए जीवन में भक्ति, सेवा व नाम-संकीर्तन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम की प्रमुख आयोजक श्रीमती सम्पतिया उइके विधायक एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री, मध्यप्रदेश शासन रहीं। उन्होंने कहा कि राधाष्टमी जैसे दिव्य अवसर पर ग्राम स्तर पर ऐसे आयोजन होने से नई पीढ़ी में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनके गृहग्राम में इस्कॉन मंडला का यह पहला कार्यक्रम का मेरे जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी जी का आगमन और भव्य दिव्य दर्शन पूजन पाठ से पूरा परिवार हर्षित है। इस दौरान स्वामी जी ने कैबिनेट मंत्री को भागवत गीता भेंट की वहीं कैबिनेट मंत्री ने स्वामी जी का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। वहीं स्वामी जी ने कहा कि पुरुष मनुष्य, आत्मा, सार्वभौमिक आत्मा, कृष्ण की संगति में उन्हें गोलोक में निवास करने के लिए कहा जाता है जो गायों और गोपी ग्वालों की दुनिया है राधा को सर्वोच्च देवी के रूप में दर्शाया गया है जबकि कृष्ण विनम्रतापूर्वक उनके सामने खड़े हैं। कृष्णवाद के अनुसार राधा मुख्य देवी हैं और कृष्ण की माया भौतिक ऊर्जा और प्रकृति स्त्री ऊर्जा से जुड़ी हैं। उच्चतम स्तर गोलोक में राधा को कृष्ण के साथ एकाकार और उसी शरीर में उनके साथ रहने वाला कहा जाता है। राधा कृष्ण के बीच का संबंध पदार्थ और गुण का है वे दूध और उसकी सफेदी या पृथ्वी और उसकी गंध की तरह अविभाज्य हैं। राधा की पहचान का यह स्तर उनकी प्रकृति के रूप में उनकी भौतिक प्रकृति से परे है और शुद्ध चेतना के रूप में मौजूद है राधा को कृष्ण के प्रेम का प्रतीक भी माना जाता है। कृष्ण के पास तीन शक्तियां हैं आंतरिक जो बुद्धि है बाहरी जो दिखावे उत्पन्न करती है और विभेदित जो व्यक्तिगत आत्मा का निर्माण करती है। उनकी मुख्य शक्ति वह है जो हृदय का विस्तार या आनंद उत्पन्न करती है।

यह प्रेम की शक्ति प्रतीत होती है। जब यह प्रेम भक्त के हृदय में बस जाता है। तो यह महाभाव या सर्वोत्तम भावना का निर्माण करता है। जब प्रेम उच्चतम स्तर पर पहुँच जाता है तो वह स्वयं राधा में बदल जाता है। जो सबसे प्यारी और सभी गुणों से भरपूर है। इस दौरान उपस्थित भक्तों का भी कैबिनेट मंत्री के द्वारा स्वागत किया गया।

# जागरूकता सत्र का आयोजन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** जिले में संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को रानी अवंती बाई वार्ड में विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कानूनी जागरूकता अंतर्गत प्रशासक मधुलिका उपाध्याय के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर विधिक केशवर्कर प्रभा पाण्डेय द्वारा वार्ड के उपस्थित प्रतिभागियों को कानूनी सहायता प्राप्त करने के बारे में बताया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सुनेहरामाल जनपद पंचायत मण्डला जिला-मण्डला**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/ग्रा.प./नि.आम./2025/10 दिनांक 08/09/2025

ग्राम पंचायत सुनेहरामाल जनपद पंचायत मण्डला जिला मण्डला मप्र द्वारा ग्राम पंचायत में विभिन्न मदो के निर्माण कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक सप्लायर ट्रेडर्स निर्धारित समय सीमा में अपना निविदा पत्र बंद लिफाफा में जमा कर सकते है। योजना से स्वीकृति होने वाले कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्रियों की आवश्यकता है। जैसे ईंट, रेत, सीमेंट, गिट्टी (20एम,40एम) लोहा(08एम,10एम,12एम)एवं खिड़की, दरवाजा, वेन्टीलेशन, पाइप(90एम एम)एचडीपीई वॉल 04 इंच 03 इंच 02 इंच एवं आदि सामग्री ग्राम पंचायत सुनेहरामाल अंतर्गत निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचाकर प्रदान करने हेतु इच्छुक सप्लायर द्वारा विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

टीप-निविदा पत्र कार्यालीन समय में या डाक से जमा कर सकते है।

शर्ते-1.निविदा अवधि 6 माह तक मान्य होगी। 2.सामग्री निर्माण स्थल पर प्रदान करना होगा। 3.सामग्री की गुणवता निरीक्षण के पश्चात सामग्री ली जायेगी। 4.आवश्यक सामग्री की रायल्टी देना होगा। 5-जीएसटी बिल पर ही भुगतान होगा। 6.निविदा स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकारी ग्राम पचायंत होगा। 7.निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 15/09/2025 को समय 12:00 बजे तक ही लिया जायेगा इसके पश्चात नही लिया जायेगा। 8.निविदा दिनांक 15/09/ 2025 को ग्राम पंचायत सामान्य सभा बैठक में खोला जायेगा।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सुनेहरामाल**
**जनपद पंचायत मण्डला**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सुनेहरामाल**
**जनपद पंचायत मण्डला**

संपादकीय

## जख्म दे रहे बादल

हिमाचल में बादलों ने इस साल ऊपर से जख्म भेजे हैं जिसका क्रंदन अब हर किसी के आंसुओं में भरा है। इस बार मणिमहेश में भी लोगों की आस्था घायल हो गई। घायल तो भरमौर से चंबा का पूरा रास्ता भी हुआ, लेकिन किसने सुना। एक अकेले पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने सुना तो अपील मजबूत हुई कि इस बार राष्ट्रीय आपदा की तरह हिमाचल को देखा जाए। विधानसभा सदन के भीतर राष्ट्रीय आपदा घोषित होने का सफर हिमाचल के जर्रे-जर्रे में गूंजा। वो हमीरपुर के धंसते चबूतरा गांव में सुना जा रहा है कि पूरे हिमाचल में राष्ट्रीय आपदा आ गई है। वहां धंसते दर्जन भर घरों में देखा जाए, तो हर नींव पर राष्ट्रीय आपदा का विध्वंस खड़ा है।

हिमाचल में मौसम विभाग के अनुमानों की अर्थियां निकल गईं और विकास के घोड़े भी भाग खड़े हुए। नितिन गडकरी के भूतल परिवहन मंत्रालय से ही केंद्र सरकार पूछ ले तो हर फोरलेन पर राष्ट्रीय आपदा का भोकाल खड़ा है। हिमालय की नदियों से पूछा जाए कि वे अपनी सोहबत, अपनी रफ्तार और अपनी मंजिल क्यों भूल गईं? देश को भाखड़ा, पंडोह व पौंग बांध की क्षमता से बाहर भागते पानी को देखकर अंदाजा हो जाना चाहिए कि वहां आपदा किस कद्र अनियंत्रित व विकराल है। वहां सूचनाएं व साहस एक साथ मर रहे हैं, यह प्रकृति का रोष और आक्रोश है। धार्मिक यात्राएं रुक गईं, लोग श्रद्धा के दामन में आकर विचलित हुए। सूने रह गए इस बार चंबा के लंगर, आधे रास्ते से लौट गई संगत। मणिमहेश यात्रा विकराल यादों के सन्नाटे में सो गई। पर्यटकों की तादाद या भीड़ में पर्यटन की खुशहाली खोजने के बजाय इसे सीमित व सुरक्षित पद्धति में बेशकीमती बनाना होगा। इस बीच शांता कुमार ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय आपदा के परिदृश्य में हिमाचल को बीस हजार करोड़ की मदद करने का आग्रह करके, पहाड़ के दर्द को सियासत से ऊपर दर्ज किया है। अब उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान में सभी सांसद भी कूदेंगे।

दरअसल, हिमाचल की चोटियां चढ़ जाना पर्यटन नहीं और न ही धार्मिक आस्था का बाजार खोल देना हमारी मंजिल होनी चाहिए। चंबा में प्रकृति के ताबूत क्यों बने। क्यों सदियों की यात्रा परंपरा बाधित हुई या गायब मुहानों से घर लौटना मुश्किल हुआ। आपात स्थिति में हिमाचल को राहत से जोड़ना इतना आसान नहीं कि सब कुछ शिमला के सहारे संभव हो जाए। भटके और अटके यात्रियों की गवाह बनी गलियां बता रही हैं कि हमारा प्रबंधन अभी गंभीर नहीं। यह एक ऐसा धार्मिक ट्रैकिंग अभियान है जो हर कदम पर सुरक्षा और एहतियात के साथ ही आगे बढ़ने की अनुमति देने की मांग करता है। पिछले वर्षों से यात्रा रोमांच में बदलती रही है और यात्री वैयक्तिक उन्माद से इसे भी मनोरंजन स्थल मानने लगे थे। मणिमहेश को चार दिन की चांदनी समझने वालों ने धर्म के नाम पर जिस सामान को सुविधा के लिए वहां पहुंचाया, वही कचरा और आपत्तिजनक सामग्री अब शिकायत कर रही है। अंततः पर्यटन का यह स्वरूप पहाड़ों को मंजूर नहीं। लिहाजा हिमाचल को पर्यटन विकास से ज्यादा पर्यटक सुरक्षा पर इंतजाम करने होंगे।

# प्रकृति की नाराजगी को नहीं समझा तो मानव अस्तित्व खतरे में



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या 'कुदरत की नाराज़गी' को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं। पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिर्माताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं।

आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-प्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं। यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मर्यादा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे



और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं।

वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है।

भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं।

देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है।

अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा, शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल 'प्राकृतिक' न मानकर उन्हें 'मानव निर्मित' एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएं' भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने समय रहते संतुलित विकास का मार्ग नहीं चुना तो भविष्य और अधिक भयावह होगा। पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, पहाड़ी राज्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, आपदा प्रबंधन तंत्र को त्वरित और प्रभावी बनाना, और सबसे बढ़कर-वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना, यह सब आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली भारी जन-धन हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस वर्ष की बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं केवल त्रासदी नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश हैं-कि प्रकृति के साथ असंतुलन की कीमत हमें अपने अस्तित्व से चुकानी पड़ सकती है। इसलिए विकास की नीतियों को पर्यावरण की दृष्टि से पुनर्परिभाषित करना ही इस संकट से उबरने का वास्तविक मार्ग है।

# एशिया कप भारतीय बादशाहत को कितनी चुनौती ?



प्रशांत श्रीधर

शिक्षक पिंडरई मंडला

भारत को वर्तमान में पाकिस्तान के साथ कोई क्रिकेट मैच खेलना चाहिए या नहीं,एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता का बिगुल बज गया है और 9सितम्बर से यह टूर्नामेंट प्रारंभ हो रहा है। इस बार यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है,जैसा कि एशियाई क्रिकेट काउंसिल की बैठक में तय किया गया था कि यदि वनडे वर्ल्ड कप के पहले एशिया कप का आयोजन होता है तो वह वनडे फॉर्मेट में और यदि टी20 वर्ल्ड कप के पहले एशिया कप का आयोजन होता है तो वह टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा,अगले वर्ष टी20 वर्ल्ड कप होना प्रस्तावित है इसलिए इस बार यह टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है,इस बार यह पांच स्थाई सदस्य भारत, पाकिस्तान,बांग्लादेश, श्रीलंका,अफगानिस्तान के अलावा तीन क्वालीफाइंग देश यूएई,ओमान और हॉन्गकॉन्ग के साथ खेला जाएगा।भारत एशिया कप का अधिकृत मेजबान देश है,परंतु विभिन्न राजनीतिक और सुरक्षा कारणों से यह टूर्नामेंट यूएई में खेला जा रहा है। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन में ही सवालिया निशान लग गया था लेकिन भारतीय खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत को बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से नहीं रोका जाएगा इसी वजह से इस प्रतियोगिता का निर्धारित समय पर आयोजन हो रहा है।

सबसे पहले बात करें भारतीय टीम की तो भारत पिछले एशिया कप 2023 का चैंपियन है इसके अलावा भारत वर्तमान में टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी का भी चैंपियन है,इसलिए भारतीय टीम निःसंदेह एशिया कप की सबसे अधिक मजबूत दावेदार है,भारत के पास कप्तान सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा,विकेटकीपर संजू सैमसन, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह जैसे विस्फोटक बैटर हैं तो वही शानदार फार्म में चल रहे शुभमन गिल को टीम का उप कप्तान बनाया गया है, इसके अलावा हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे धाकड़ ऑलराउंडर हैं जो भारत के मध्यम क्रम को मजबूती देंगे वहीं कुलदीप यादव,वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। इस तरह भारतीय टीम सभी टीमों के मुकाबले सबसे ज्यादा संतुलित दिखाई देती है,भारत के पास यूएई में खेलने का अनुभव भी है जो निश्चित तौर पर इस टूर्नामेंट में काम आएगा, केवल यह देखना होगा कि बड़े टूर्नामेंट में भारत की युवा टीम किस तरह का प्रदर्शन करती है क्योंकि अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा,रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों को मल्टीनेशनल टूर्नामेंट खेलने का अनुभव नहीं है,यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम को रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों की कमी खलती है या कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में यह युवा टीम एशिया कप का खिताब बचाने में कामयाब रहती है।

श्रीलंकाई टीम की बात करें तो इसके कप्तान चरिथ असलंका हैं,उन्होंने 2022 में श्रीलंका को एशियाई चैम्पियन बनवाया था, इसके अलावा पथुम निशांका, कुशल मेंडिस, वनिन्दू हसरंगा,महेश तिक्षना,मथिसा पथिराना,दासुन शनाका जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जो किसी भी मैच को जीतने का दमखम रखते हैं परंतु इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी होने से पिछले कुछ वर्षों में टीम के प्रदर्शन में भी गिरावट आई है,फिर भी श्रीलंका को कम नहीं आंका जा सकता है,यूएई की परिस्थितियां इनके स्पिनर्स के लिए मददगार साबित होंगीं,श्रीलंका टीम फाइनल खेलने की प्रमुख दावेदारों में से एक है।

पाकिस्तानी टीम की बात करें तो पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा हैं, इसके अलावा खुशदिल शाह,फखर जमान प्रमुख बैटर जबकि शाहीन अफरीदी, हरीश राउफ, हसन अली जैसे गेंदबाज और आलराउंडर शामिल हैं जो किसी भी मैच को अपने पक्ष में मोड़ने की क्षमता रखते हैं, लेकिन इन खिलाड़ियों में भी अनुभव की कमी है क्योंकि बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ी टीम से बाहर हैं, अभी हाल में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला में पाकिस्तान टीम एक बार पुनः अफगानिस्तान से मैच हार गई,लेकिन टी20 मैच में पाकिस्तान की दावेदारी को कम नहीं आंका जा सकता।

अफगानिस्तान टीम की कमान विश्व स्तरीय स्पिनर राशिद खान के पास है जो क्रिकेट के हर फॉर्मेट में अपना लोहा मनवा चुके हैं, इसके अलावा शीर्षक्रम में गुरबाज,सैफुल्लाह अटल,जैसे तेज़ गति से रन बनाने वाले बैटर हैं, मध्यमक्रम में गुलबदन नैब,मोहम्मद नबी जैसे ऑलराउंडर हैं, गेंदबाजी की कमान खुद कप्तान राशिद खान के अलावा नूर मोहम्मद,फजल फारुखी और नवीन उल हक के पास रहेगी,कुल मिलाकर देखें तो अफगानिस्तान की टीम भी काफी संतुलित नजर आती है जो किसी भी टीम को हराने का माद्दा रखती है,यद्यपि अफगानिस्तान की टीम एक भी बार एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंची है लेकिन इस बार उन्हें भी फाइनल का दावेदार माना जा रहा है, बस उनकी परेशानी शीर्ष कम के बैटर के प्रदर्शन से है अगर इनके ऊपरी क्रम के बैटर ने रन बना दिए तो इनको हरा पाना किसी भी टीम के लिए बहुत मुश्किल होगा।

बांग्लादेश टीम की कमान लिंटन दास के पास है जिनकी कप्तानी में बांग्लादेश में हाल में ही श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखलाएं जीती हैं, इसके अलावा ताज़िद हसन तमीम,सैफ हसन,तौहीद,मुस्तफिजुर रहमान, टस्कीन अहमद जैसे प्रतिभावान खिलाड़ी हैं लेकिन इस टीम को तमीम इकबाल, मुस्तिफिकुर रहीम,विश्व स्तरीय ऑलराउंडर शकीब उल हसन की कमी खल सकती है, बांग्लादेश तीन बार एशिया कप के फाइनल में पहुंचा है लेकिन एक भी बार खिताब अपने नाम नहीं कर सका है, इस बार उनके प्रशंसकों को इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

इसके अलावा तीन एसोसिएट सदस्यों हांगकांग,ओमान और यूएई की भी पूरी कोशिश रहेगी कि वह भी इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़े,यदि वे कम से कम एक दो मैच बड़ी टीमों के खिलाफ जीतते हैं तो उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी और उनके देशों में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ेगी। एशिया कप पर सबसे अधिक आठ बार भारत में कब्जा जमाया है, जबकि श्रीलंका ने छह और पाकिस्तान ने दो बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है तो चलिए देखते हैं इस बार कौन सी टीम इस ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाने में सफल होगी,एशिया कप का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के टीवी चैनल एवं सोनी लिव एप पर तथा डीडी फ्री डिश पर डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर देखा जा सकता है।

# आखिर कितने उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा करेंगे तेजस्वी

संतोष कुमार पाठक

चुनाव आयोग अगले महीने यानी अक्टूबर में बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। यह माना जा रहा है कि चुनाव आयोग 2020 की तरह ही इस बार भी राज्य की सभी 243 सीटों पर 3 चरणों में चुनाव करवा सकता है। बिहार में इस बार मुख्य मुकाबला एनडीए गठबंधन और इंडिया गठबंधन के बीच ही होना तय माना जा रहा है। हालांकि इस चुनावी घमासान में अपना-अपना हिस्सा हासिल करने के लिए जन सुराज से प्रशांत किशोर और एआईएमआईएम से असदुद्दीन ओवैसी सहित कई अन्य नेता भी जोर-शोर से जुटे हुए हैं। एनडीए और इंडिया , दोनों गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत लगातार जारी है। हालांकि एनडीए में चिराग पासवान की जिद और इंडिया में मुकेश सहनी की जिद ने दोनों ही गठबंधनों को फंसा कर रखा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या तो तेजस्वी यादव के सामने है। एक जमाने में नीतीश कुमार की सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी यादव के सामने समस्या यह है कि वह कितने नेताओं से उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा करें। वर्ष 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, सीपीआई (माले), सीपीआई और सीपीएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ इस बार वीआईपी के मुकेश सहनी भी जुड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि लालू यादव, तेजस्वी यादव और कांग्रेस ने मिलकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा और चिराग पासवान के चाचा पशुपति पारस की पार्टी को भी साथ लेने का फैसला कर लिया है। ऐसे में गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीट बंटवारा करना लालू और तेजस्वी यादव के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

हालांकि सीट बंटवारे से भी बड़ी चुनौती उपमुख्यमंत्री का पद भी बन गया है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान साए की तरह साथ रहने वाले मुकेश सहनी अपनी पार्टी के लिए सिर्फ सीट ही नहीं मांग रहे हैं बल्कि उपमुख्यमंत्री का पद भी मांग रहे हैं। मुकेश सहनी ने तेजस्वी यादव के सामने विधानसभा की 50 सीट और उपमुख्यमंत्री के पद की मांग रख दी है। आपको याद दिला दें कि, मुकेश सहनी वही नेता हैं जिन्होंने 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव के समय विपक्षी महागठबंधन की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ही तेजस्वी यादव पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए गठबंधन को छोड़ने का ऐलान कर दिया था। उसके बाद वह एनडीए गठबंधन में शामिल हो गए थे। एनडीए गठबंधन में उनकी पार्टी 11 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 1.52 प्रतिशत वोट हासिल कर 4 सीटें जीती थी। इस बार भी बीजेपी के कई नेता उनके फिर से एनडीए गठबंधन में शामिल होने की बात कह चुके हैं। लेकिन फिलहाल मुकेश सहनी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और उनकी उपमुख्यमंत्री पद की मांग ने तेजस्वी की टेंशन को बढ़ा दिया है। वर्ष 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में आरजेडी 144 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जबकि कांग्रेस को 70, सीपीआई (माले) को 19, सीपीआई को 6 और सीपीएम को 4 सीटें लड़ने के लिए मिली थी।

गठबंधन में दूसरे नंबर की पार्टी कांग्रेस है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने अभी तक तेजस्वी यादव की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पर सार्वजनिक मुहर इसलिए नहीं लगाई है क्योंकि वह भी इस बार उपमुख्यमंत्री का पद चाहती है। गठबंधन में शामिल तीसरे सबसे बड़े दल सीपीआई को बिहार में सीपीआई और सीपीएम भी बड़ा भाई मान चुके हैं। लेफ्ट फ्रंट के सभी दलों के नेता होने का दावा करते हुए सीपीआई ने भी इस बार उपमुख्यमंत्री पद पर अपनी दावेदारी जता दी है। वैसे यह अपने आप में अजीब सा लगता है कि चुनाव की घोषणा होने से पहले ही सहयोगी दल मंत्रिमंडल भी तय कर लेना चाहते हैं। लेकिन सहयोगी दलों की इन मांगों ने तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उनके सामने सबसे पहली और बड़ी चुनौती तो सीट बंटवारे की है ही लेकिन इससे भी बड़ी चुनौती इस बात की है कि वो कितने नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा करे।

# बड़ा कंफ्यूजन है कि वे चूहे ही थे या फिर हाथी




इंदौर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की उंगलियां वहां रहने वाले चूहे कुतर गए जिसके कारण उन दोनों की दुखद मौत हो गई । बड़ा हल्ला मचा कि इतने बड़े अस्पताल में चूहों की फौज आतंक मचाए हुए हैं और कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही । दरअसल चूहे कोई प्रदर्शनकारी तो होते नहीं है जिनको पुलिस डंडा लेकर खदेड़ दे या फिर हिरासत में लेकर दो-चार घंटे के लिए अंदर कर दे। वे देखते-देखते कब अपने बिल के अंदर पहुंच जाए, कब नाली में घुस जाएं, कब दीवाल पर चढ जाएं कोई नहीं जानता, जब ज्यादा खोजबीन हुई तो पता लगा कि इन अतिक्रमणकारी चूहों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए बाकायदा अस्पताल के प्रबंधन ने एक कंपनी को पेस्ट कंट्रोल के लिए ठेका दे रखा है उस कंपनी को हर महीने दो लाख रुपए सिर्फ इस बात के लिए दिए जा रहे हैं कि वो अस्पताल से चूहों को बाहर कर दे लेकिन अस्पताल में जबरिया कब्जा करने वाले चूहे इतने सीधे साधे तो होते नहीं है कि वे कंपनी के पेस्ट कंट्रोल से डर के अस्पताल छोड़कर भाग जाए । जब ज्यादा खोजबीन हुई तो पता लगा कि कंपनी दस महीने में कुल जमा डेढ़ सौ चूहे ही भगा पाई है और उसे बीस लाख का पेमेंट हो चुका है यानी एक चूहा भगाने में सरकार का लगभग तेरह हजार रुपया खर्च हो गया अब आप ही सोच लो कि चूहा कितना कीमती होता है जिसको भगाने के लिए सरकार तेरह हजार रुपए प्रति चूहा खर्च कर रही है ।दरअसल ये सब गोलमाल कंपनी और अस्पताल में तैनात अफसरों और डाक्टरों के बीच का है बेचारे चूहों को क्या मालूम कि उनको भगाने के लिए सरकार ने कितने का ठेका कंपनी को दिया है इधर कंपनी का भी कहना है कि हम तो चूहों को भगा देते हैं लेकिन वे फिर आ जाते हैं अब इसमें हम क्या करें हमने तो अपने हिसाब से पैसा लगा दिया,। लेकिन जनता को मालूम है कि कितना पैसा चूहों को भगाने में खर्च हुआ और कितना पैसा जिम्मेदारों को खिलाने में। दोनों मिलकर चूहों को भगाने के लिए मिलने वाले माल की बंदर बांट कर रहे हैं और बेचारे चूहे अंजान बने हुए हैं उनको कानों कान खबर नहीं हो रही कि उनके नाम पर सरकार को कैसा चूना लगाया जा रहा है अगर उन्हें ऐसा पता होता तो वो देशभक्त चूहे खुद-ब-खुद अस्पताल को छोड़कर चले जाते कि सरकार का पैसा जनता का पैसा है और जनता का पैसा इस तरह हम बर्बाद नहीं होने देंगे ,लेकिन जितनी राशि पेस्ट कंट्रोल और चूहा को भगाने में लगाई गई है उस राशि को लेकर अपने को बड़ा कंफ्यूजन है कि वे वास्तव में चूहे ही थे या फिर हाथी ।

### मेहंदी लगी मेरे हाथ

विंध्य इलाके के सतना जिले में एक स्कूल में जब मध्यान भोजन का वितरण नहीं हुआ तो उसकी जांच हुई कि आखिर मध्यान भोजन का वितरण क्यों नहीं हुआ तो पता लगा कि मध्यान भोजन बांटने वाली महिला के हाथ में मेहंदी लगी हुई थी और वो भी रचने की प्रक्रिया में थी इसलिए उसने मध्यान भोजन नहीं बांटा।अफसर ने उसे महिला को बर्खास्त कर दिया लेकिन अपने हिसाब से तो ये सरासर अन्याय है महिलाओं और मेहंदी का चोली दामन का साथ होता है महिलाओं से संबंधित कोई भी त्यौहार हो सबसे पहले वे अपने हाथों में मेहंदी ही लगाती हैं और कितने ही बुरे हाथ हो मेहंदी उनको खूबसूरत बनाने में अपना रोल अदा करती है । अब आप खुद सोचो कि साल भर तो उसने मध्यान भोजन बांटा एक दिन अगर उसने मेहंदी लगा ली और उसको रचने का समय दे दिया इस बीच में मध्यान भोजन का समय हो गया और वो भोजन नहीं बांट पाई तो ऐसा क्या गुनाह कर दिया। अरे भाई मेहंदी लगाई थी उसी हाथ से अगर मध्यान भोजन बांट देती तो हाथों में लगी मेंहदी की लाई लुट जाती उसने तो अच्छा ही सोचा था कि ऐसा ना हो कि भोजन में मेहंदी टपक जाए और बच्चों को फूड प्वाइजनिंग हो जाए यही सोचकर उस बेचारी ने भोजन नहीं बांटा लेकिन अफसर तो अफसर होते हैं जरा सी गलती क्या हो गई उस बेचारी की नौकरी चली गई अब बेचारी जगह-जगह एक ही गाना गाते घूम रही है मेहंदी लगी मेरे हाथ रे।

### दो पेज के चार हजार

शहडोल की एक ग्राम पंचायत में एक बिल आया है चार हजार रुपए का और बिल भी किस चीज का है मात्र दो पेज की फोटो कॉपी का यानी एक पेज की फोटो कॉपी का दो हजार रुपए में हुई । जब बिल के बारे में पूछताछ की गई तो सरपंचों का कहना था ये सब तो होता ही रहता है अब वसूली की बात चल रही है । वैसे अपने हिसाब से अगर दो पेज की फोटो कॉपी का बिल चार हजार आ भी गया है तो कोई आश्चर्य की बात तो है नहीं । यहां तो बिना काम किया लाखों के बिल सैंक्शन हो जाते हैं उनका भुगतान भी हो जाता है जो सड़क बनी नहीं ठेकेदार और अफसर मिलकर उसका बाकायदा पेमेंट कर लेते हैं और फिर आपस में बांट भी लेते हैं बेचारा सरपंच कुल मिलाकर चार हजार की घपलेबाजी कर रहा था उसी को लेकर लोगों की भौंहें तन गई अरे भाई ये भी तो हो सकता है कि जिस दुकान से वो फोटो कॉपी करवा रहा था उसकी फोटोकॉपी मशीन में गड़बड़ी हो और वो प्रिंट ठीक ना रहा हो क्योंकि जिस चीज की फोटो कॉपी निकलवाना है वो फोटो कॉपी में साफ-साफ दिखना चाहिए इसलिए सरपंच ने कह दिया होगा कि जब तक प्रिंट बिल्कुल क्लियर ना आए तब तक प्रिंट निकालते रहो और इसी चक्कर में हो सकता है कि दो हजार पेज लग गए हो तब जाकर साफ-सुथरा प्रिंट आया हो अब दो हजार पेज के दो रुपए प्रति पेज के हिसाब से चार हजार का बिल बना भी दिया तो उसमें तो कोई गड़बड़ी का सवाल ही पैदा नहीं होता। अपना तो उस फोटोकॉपी वाले से यही कहना है कि जो दो हजार पेज खराब प्रिंट के निकले हैं उन्हें एक गट्ठर में बांध के बिल पास करने वालों के पास दे आए और बताओ कि देखो हुजूर मैने एक पैसे की भी गड़बड़ी नहीं की है जितने पेज लगे थे उसी का पैसा लिया मेरा कितना समय बर्बाद हुआ इसका तो कोई मैने कोई क्लेम ही नहीं किया अपने को लगता है कि इस कवायत से उसका बिल जरूर पास हो जाएगा।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी अस्पताल में इलाज करवाने गए

नर्स ने कहा आप लंबी लंबी सांस लीजिए

श्रीमान जी ने लंबी सांसें ली

कैसा महसूस हो रहा है नर्स ने पूछा

कौन सा परफ्यूम लगा कर आई हो मजा आ गया श्रीमान जी का उत्तर था

# यमुना और चंबल की तेज धारा में बह गए मगरमच्छ

## इटावा के रास्ते बाह के गांवों तक पहुंचे, दहशत में ग्रामीण

आगरा

बाढ़ ने बाह में चंबल नदी के किनारे के 38 और यमुना किनारे के 35 गांवों के लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। नदी क्षेत्र से गांवों के किनारे तक मगरमच्छ के हमले की दहशत है। यमुना में मछली पकड़ते समय पई गांव निवासी पप्पू पर मगरमच्छ के हमले की आशंका और पुरा बरुआ गांव में नहाते समय भानु प्रताप को चंबल में मगरमच्छ के खींच ले जाने की घटना के बाद ग्रामीण डरे हुए हैं।

वन विभाग बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि चंबल नदी में उफान से घड़ियाल और मगरमच्छ डाउनस्ट्रीम में इटावा के भरेह तक पहुंच जाते हैं। यहां से यमुना नदी में आने वाले मगरमच्छ इटावा के रास्ते बाह की सीमा तक आ जाते हैं। दोनों नदियों में बाढ़ के हालात होने से मगरमच्छ की चाल भी प्रभावित हुई है। यमुना में उफान के दौरान बाह के कचौराघाट गांव में 2, पई, चरीथा, विक्रमपुर घाट गांव में 1-1 मगरमच्छ दिखा है। ग्रामीण बस्ती के पास मगरमच्छ देखकर डरे हुए हैं। इधर, चंबल में उफान के पानी के साथ मगरमच्छ खादर के रास्ते गांवों तक पहुंचने की दहशत है। उटसाना, चंपाराम पुरा, बरुआ पुरा के आसपास मगरमच्छ देखे गए हैं। वन विभाग नजर रखे हुए है।

### यमुना के पानी से घिरा तनौरा बुर्ज

बरौली अहीर के तनौरा बुर्ज में रहने वाले 15 परिवार यमुना के पानी में पूरी तरह घिर गए हैं। उनके घरों में पानी भर गया। मोटरबोट के सहारे रेस्क्यू कर सभी को बाहर



निकाल कर पंचायत घर में ठहराया गया। यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण ब्लॉक बरौली अहीर के तनौरा बुर्ज गांव में पानी भरने लगा है।

ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि यमुना के तराई क्षेत्र तनौरा बुर्ज पर 15 परिवारों के 60 लोग रहते थे। सभी के सुरक्षित स्थानों पर रहने की व्यवस्था की गई है। भोजन के पैकेट का वितरण किया जा रहा है।

### पलायन कर रहे परिवार

कुछ परिवार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्वयं समान के साथ पलायन करने लगे हैं। वहीं दूसरी तरह मेहरा नाहर गंज (थार) पूरी तरह खाली करा दिया गया है। सभी को प्राथमिक विद्यालय में ठहराया गया है। खंड विकास अधिकारी बरौली अहीर जीएस यादव ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावित लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बीडीओ ने बताया की क्षेत्र में मेहरा नाहर गंज, तनौरा बुर्ज, तनौरा नूरपुर, बरौली गुर्जर, नगला तलफी, समोगर यमुना की बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र हैं। वहीं, समोगर मुस्तिकल में सैकड़ों बीघा फसलें डूब गई हैं। प्रधान लखेन्दर सिंह ने बताया की किसानों की सब्जी की फसलें नष्ट हो चुकी है किसान भुखमरी के करार पर पहुच गए। प्रशासन किसी भी तरह की मदद नहीं कर रहा है। यमुना नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से एत्मादपुर के कई गांव की गलियों में पानी भर गया है। फसलें डूब गई हैं। गढ़ी संपत्ति में गांव के बाहर बने दो मकानों में पानी आ जाने से परिवारीजन समान लेकर गांव के पुराने घर में आ गए हैं। क्षेत्र के गांव सुरहरा, छोटा सुरहरा, शीशियां, रायपुर, गदपुरा, नगला नत्था, गढ़ी संपत्ति के किसानों की सैकड़ो बीघा फसलें डूबी हुई हैं। किसान नेता प्रदीप शर्मा ने बताया कि गढ़ी संपत्ति में गांव के चारों ओर यमुना का पानी आ जाने से लोग सहमे हैं। रविवार को विधायक डॉ धर्मपाल सिंह ने एसडीएम सुमित कुमार सिंह के साथ नदी किनारे के गांव में दौर कर ग्रामीणों से मुलाकात की।


एत्मादपुर कस्बे में रविवार शाम को हुई बारिश से गलियों में पानी भर गया। लोग निकलने के लिए परेशान रहे। करीब एक घंटे हुई बारिश से सत्ता मोहल्ले के टंकी वाले मार्ग, नई बस्ती की गलियां, आंबेडकर पार्क सहित मुख्य बाजार के मार्ग पर पानी भर गया।

# रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही

## भारत पर ट्रंप के मनमाने टैरिफ को जेलेंस्की का समर्थन

कीव

6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा, रूस के साथ सौदे जारी



रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं। उन्होंने कहा, रूस और उससे जुड़े व्यक्तियों पर सख्त प्रतिबंध, टैरिफ और व्यापार पर रोक लगनी चाहिए। रूस को आर्थिक रूप से नुकसान महसूस होना चाहिए, तभी दुनिया को असली नतीजे दिखाई देंगे।

इसी बीच रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 800 से ज्यादा ड्रोन और 13 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें 4 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं। इसके कारण राजधानी कीव में 11 घंटे तक लगातार एयर-रेड सायरन बजते रहे। वहीं इस हमले में कई आवासीय इमारतों पर ड्रोन हमले हुए, जिनमें एक बच्चे समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स की इमारत पर हमला हुआ, जिससे ऊपरी मंजिलों पर भीषण आग लग गई। शुरुआती रिपोर्टों में दावा किया गया कि कुछ ड्रोन बेलारूस की दिशा से यूक्रेन में दाखिल हुए।

## गाजा युद्धविराम समझौते के तहत बंधकों की रिहाई पर चर्चा के लिए तैयार हमास


**गाजा, (वार्ता)।** फिलिस्तीनी संगठन हमास ने कहा है कि वह गाजा में युद्ध की समाप्ति, इजरायल की पूर्ण वापसी और इस क्षेत्र के प्रशासन के लिए एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी समिति के गठन के बदले सभी बंधकों की रिहाई पर चर्चा के लिए तैयार है। हमास ने रविवार को कहा कि उसे मध्यस्थों के माध्यम से अमेरिकी पक्ष से युद्धविराम समझौते के लिए 'कुछ प्रस्ताव' मिले हैं और वह लड़ाई रोकने के उद्देश्य से किसी भी पहल का स्वागत करता है। हमास ने किसी भी समझौते के लिए इजरायल की 'स्पष्ट प्रतिबद्धता' की गारंटी की मांग करते हुए कहा है कि पिछले समझौतों की पुनरावृत्ति नहीं की जानी चाहिए, जिन्हें उसने अस्वीकार कर दिया था। गौरतलब है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर लिखा, इजरायलियों ने मेरी शर्तें स्वीकार कर ली हैं। अब समय आ गया है कि हमास भी स्वीकार करे। उन्होंने कहा-यह मेरी आखिरी चेतावनी है, अब ऐसी कोई चेतावनी नहीं होगी!

# रूसी कैंसर वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार

मास्को, (वार्ता)

कैंसर के इलाज के लिए रूस के वैज्ञानिकों की बनाई कैंसर वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार हो गयी है। इस दवा को अब केवल रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमोदन की प्रतीक्षा है।

रशिया टुडे, ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह वैक्सीन कैंसर के रोगियों के लिए आशा की नई किरण बन कर उभरी है। इस दवा ने अपने शुरुआती परीक्षणों में कैंसर में बनने वाली रसौली के आकार और वृद्धि को 80 फीसदी तक कम कर दिया है। रूस की फेडरल मेडिकल-बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्त्सोवा के अनुसार, इस नव-विकसित कैंसर वैक्सीन ने शुरुआती परीक्षणों में शानदार परिणाम दिया है और अब यह बाजार में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सरकार की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद इसे रोगियों को दिया जा सकेगा।




दवा विकसित करने वाले वैज्ञानिकों ने बताया कि बीते तीन साल से इस दवा के परीक्षण किए जा रहे थे। इन परीक्षणों में काफी बेहतर परिणाम सामने आए हैं। इसके शुरुआती उपयोग कोलोरेक्टल कैंसर के लिए किया जाएगा, इसके बाद ग्लियोब्लास्टोमा और मेलेनोमा के लिए टीके लगाए जायेंगे।


सुश्री स्क्वोर्त्सोवा ने कहा कि टीके की सुरक्षा, इसके बार-बार इस्तेमाल सहित, और इसकी उच्च दक्षता की परख की जा चुकी है। इस दवा ने ट्यूमर के आकार में कमी की है और साथ ही ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद की है। कुछ प्रकार के कैंसर में, इसका प्रभाव 60-80 प्रतिशत तक पहुँच गया। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि इससे रोगियों के जीवित रहने की दर बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार से इजाजत के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय को दस्तावेज़ जमा कर दिए गए हैं। हमारी ओर से टीका इस्तेमाल के लिए तैयार है और अब अनुमति की प्रतीक्षा है। दवा को बनाने वाले गामालेया रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के अनुसार, यह दवा एक एमआरएनए आधारित वैक्सीन है। यह कैंसर कोशिकाओं पर हमला करने के लिए रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करने के लिए एआई का उपयोग करती है। इस संस्थान ने रूस की कोविड-19 वैक्सीन स्पुतनिक भी विकसित की थी और वर्तमान में इसकी तकनीक पर ही एचआईवी वैक्सीन पर काम कर रहा है।

# भारत का विश्वगुरु बनने का मार्ग वंचितों को सशक्त बनाने में निहित है: कैलाश सत्यार्थी

नागपुर, (वार्ता)

नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा है कि भारत तभी सच्चा विश्वगुरु बन सकता है, जब समाज के अंतिम पंक्ति और हाशिये पर पड़े व्यक्ति का उत्थान हो।

लक्ष्मणराव मानकर स्मृति संस्थान द्वारा रविवार को आयोजित 'शिक्षक पर्यावरण प्रशिक्षण वर्ग' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री सत्यार्थी ने 1,400 से अधिक प्रतिभागी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्वयं को शिक्षक के बजाय परिवर्तन-निर्माता के रूप में देखें। उन्होंने कहा, एक माचिस की तरह जो दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त करने के लिए खुद को



बलिदान कर देती है, एक शिक्षक की भूमिका समाज में परिवर्तन की अलख जगाने की होती है। ऋग्वेद का हवाला देते हुये उन्होंने उनके मिशन की तुलना एक यज्ञ से की और रामायण की चर्चा करते हुये कहा कि भगवान राम विजय से नहीं, बल्कि वंचितों - सुग्रीव, जम्बूवन, जटायु और शबरी - को गले लगाकर महान बने। श्री सत्यार्थी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की प्रशंसा की और उनकी तुलना दिवंगत सांसद लक्ष्मणराव मानकर से की, जिन्होंने स्वास्थ्य और योग से लेकर बांस की खेती और अवसंरचना के विकास तक के मुद्दों पर व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया।

वर्ष 2014 के अपने नोबेल शांति पुरस्कार को याद करते हुए श्री सत्यार्थी ने कहा कि वह इस सम्मान को 'भारत माता' का मानते थे और उन्होंने इसे दान कर दिया था, और यह पदक अब राष्ट्रपति भवन में रखा गया है।

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री 12 को करेंगे रामलला का दर्शन

**अयोध्या (वार्ता)।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम 12 सितंबर को अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे। भारत की उनकी यात्रा कल से शुरू होगी, 11 सितंबर को मॉरिशस के प्रधानमंत्री काशी रहेंगे और 12 सितंबर को विशेष विमान से अयोध्या के महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरेंगे, वहीं से श्रीराम जन्मभूमि राम मंदिर दर्शन पूजन के लिए जायेगे। डॉ रामगुलाम की आठ दिवसीय यात्रा नौ सितंबर मंगलवार से शुरू हो रही है। तीन दिन पूर्व 5 सितंबर को भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोग्बे अयोध्या की धार्मिक यात्रा पर अयोध्या आकर श्रीराम मंदिर में रामलला का परिवार और सहयोगियों के साथ चार घंटे अयोध्या में रुककर रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

# एक ही परिवार के लोग पैसा लेकर करते थे नियुक्तियां: योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर है। पहले एक परिवार के लोग पैसा लेकर भर्ती करते थे।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरण के लिये आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को लूटते थे। जांच की जाएगी, तो बहुत सारे ऐसे महाभारत के रिश्ते बाकी का जीवन जेल में ही बिताने के लिए मजबूर होंगे।उन्होंने कहा कि नौजवानों को आज प्रदेश के अंदर नौकरी की गारंटी मिली है। हर योग्य व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि सभी नवचयनित युवाओं को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता हूँ ।इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है।

उन्होने कहा कि सरकार की प्राथमिकता का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। अब तक लगभग 80 लाख से अधिक लोगों ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सुविधा का लाभ लिया है। कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाली श्रद्धा शुक्ला ने कहा पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है। सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई। मुख्यमंत्री जी ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है। इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपये रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी। इसके लिए मुख्यमंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त करती हूं। अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा मुख्यमंत्री जी की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं। सरकार सुरक्षा से लेकर रोजगार देने तक संवेदनशील है।

## हांगकांग में तूफान तापा कमजोर पड़ा

**हांगकांग, (वार्ता)।** हांगकांग में आया तूफान तापा सोमवार अपराह्न के बाद को कमजोर पड़ गया और इससे संबंधित चेतावनी के स्तर कम हो गयी है। हांगकांग वेधशाला आज अपराह्न एक बजे के बाद तूफान कमजोर पड़ने के संकेत दिये है। तूफान तापाह के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा है और 100 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। जिससे सैकड़ों मुसाफिरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। उन्होंने रविवार रात को तेज़ हवाओं की चेतावनी देते हुए दूरदराज के द्वीपों पर रहने वालों को तुरंत घर लौटने की सलाह दी थी। प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा कि 53 प्रस्थान करने वाली उड़ानें और 47 आगमन वाली उड़ानें रद्द कर दी गईं।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# 92 वर्ष की हुयी आशा भोंसले



बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका आशा भोंसले आज 92 वर्ष की हो गयी। महाराष्ट्र के सांगली गांव में 08 सितम्बर 1933 को जन्मीं आशा भोंसले के पिता पंडित दीनानाथ मंगेश्कर मराठी रंगमंच से जुड़े हुए थे। नौ वर्ष की छोटी उम्र में ही आशा के सिर से पिता का साया उठ गया और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाते हुए आशा और उनकी दीदी लता मंगेश्कर ने फिल्मों में अभिनय के साथ साथ गाना भी शुरू कर दिया।आशा भोंसले ने अपना पहला गीत वर्ष 1948 में 'सावन आया' फिल्म चुनरिया में गाया।

सोलह वर्ष की उम्र में अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध जाते हुये उन्होंने अपनी उम्र से काफी बड़े गणपत राव भोंसले से शादी कर ली। उनकी वह शादी ज्यादा सफल नहीं रही और अंतत: उन्हें मुंबई से वापस अपने घर पुणे आना पड़ा। उस समय तक गीतादत्त, शमशाद बेगम और लता मंगेश्कर फिल्मों में बतौर पार्श्वगायिका अपनी धाक जमा चुकी थीं। वर्ष 1957 में संगीतकार ओ.पी. नैय्यर के संगीत निर्देशन में बनी निर्माता-निर्देशक बी. आर. चोपड़ा की फिल्म 'नया दौर' आशा भोंसले के सिने करियर का अहम पड़ाव लेकर आई। वर्ष 1966 मे तीसरी मंजिल मे आशा भोंसले ने आर. डी. बर्मन के संगीत में 'आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा' गाना को अपनी आवाज दी जिससे उन्हे काफी ख्याति मिली।साठ और सत्तर के दशक में आशा भोसले हिन्दी फिल्मों की प्रख्यात नर्तक अभिनेत्री 'हेलन' की आवाज समझी जाती थी। आशा ने हेलन के लिये तीसरी मंजिल में 'ओ हसीना जुल्फों वाली', कारवां में ' पिया तू अब तो आजा', मेरे जीवन साथी में 'आओ ना गले लगा लो ना' और डॉन में 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत गाया। शास्त्रीय संगीत से लेकर पाश्चात्य धुनो पर गाने में महारत हासिल करने वाली आशा भोंसले ने वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म उमराव जान से अपने गाने के अंदाज में परिवर्तन किया।

# एलियन अर्थ में आदर्श गौरव ने निभाया दस साल के बच्चे का किरदार



अभिनेता आदर्श गौरव ने वेबसीरीज एलियन अर्थ में दस साल के बच्चे का किरदार निभाया है। आदर्श गौरव, जो अपने बेख़ौफ़ किरदारों के चुनाव के लिए जाने जाते हैं, एक बार फिर अपनी सीमाओं को तोड़ रहे हैं। वेबसीरीज एलियन अर्थ, जो भारत में एफएक्सऔर जियो पर स्ट्रीम हो रही है, में आदर्श ने 10 साल के बच्चे का किरदार निभाया है।एक ऐसा रोल जिसमें गहरी भावनाएँ और लंबी तैयारी की ज़रूरत थी। बच्चे की सोच और मासूमियत को समझने के लिए आदर्श ने साधारण रिहर्सल से कहीं ज़्यादा मेहनत की। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया, उनके व्यवहार को करीब से देखा और क्रिएटिव वर्कशॉप्स में हिस्सा लिया, जिससे बचपन की मासूमियत और अनिश्चितता को सही ढंग से पर्दे पर उतार सकें। अपने अनुभव को साझा करते हुए आदर्श ने कहा, बच्चे का रोल निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया और बेहद समृद्ध अनुभव था। इसने मुझे सिखाया कि कंट्रोल छोड़ना कितना ज़रूरी है। बच्चे बेफिक्री और आज़ादी से जीते हैं, जो हम बड़े होते-होते खो देते हैं। मैंने बच्चों को देखकर सीखा कि वे कैसे सवाल पूछते हैं, छोटी-छोटी बातों में हंसते हैं और अचानक ध्यान भटका लेते हैं।यही सब मेरी परफॉर्मेंस की बुनियाद बना। आदर्श ने बताया, हमने बैंकॉक में एक चाइल्ड साइकॉलजिस्ट एप्रिल के साथ भी सेशन्स किए। वहाँ हम ड्रॉइंग बनाते, क्ले से मूर्तियाँ बनाते, अपने बचपन की कहानियाँ शेयर करते और अपने 'बचपन वाले वर्ज़न' से दोबारा जुड़ने की कोशिश करते। ये एक्सरसाइज़ मज़ेदार होने के साथ-साथ गहरी भी थीं।ब स्क्रिप्ट और किरदार की यात्रा इतनी स्पष्ट होती है तो आप खुद को उसे सौंप देते हैं। ये रोल निभाना मेरे लिए आज़ाद करने वाला भी था और चुनौतीपूर्ण भी, क्योंकि इसमें हमेशा याद दिलाना पड़ता था कि एक वयस्क नहीं, बल्कि बच्चे की तरह सोचना है, जो हर चीज़ पहली बार देख रहा है।

# सोनी सब के नए शो इत्ती सी खुशी से प्रभावित हुई सोनाली बेंद्रे



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे सोनी सब के नए शो इत्ती सी खुशी से बेहद प्रभावित हुई हैं। सोनाली बेंद्रे सोनी सब के नए शो इत्ती सी खुशी से खासा प्रभावित हुई हैं। सादगी भरी लेकिन दिल को छू लेने वाली कहानी वाला यह शो वही अपनापन और जुड़ाव दर्शाता है, जिसकी सराहना सोनाली पहले भी करती रही हैं। सोनाली बेंद्रे ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया कि आमतौर पर वह किताबें सुझाती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने दर्शकों से सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी देखने का आग्रह किया।एक ऐसा टेलीविज़न शो जिसे वह बेहद सरल, ईमानदार और दिल को छू लेने वाला मानती हैं। उन्होंने कहा कि बहुत समय बाद किसी शो ने उनके दिल को इतनी सच्चाई से छुआ है। इत्ती सी खुशी को उन्होंने नई ताज़गी की सांस बताते हुए कहा, इस शो में भावनाओं और हल्के-फुल्के पलों का बेहतरीन संतुलन है, इसलिए मैं इसे देखकर वास्तव में आनंद ले रही हूँ। उम्मीद है आप सब भी इसे देखेंगे और अपनी-अपनी 'इत्ती सी खुशी' पाएँगे। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सुम्बुल तौकरी ने लिखा, आपके इतने प्यारे शब्दों के लिए दिल से आभारी हूँ सोनाली मैम ।यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है, ख़ासकर इसलिए क्योंकि मैं हमेशा से आपके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूँ। यह प्रोत्साहन मेरे लिए और भी खास है।

# जारी रहेगा ड्रामा और हंगामा!



इस हफ्ते एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में आने वाले अप्रत्याशित मोड़ दर्शकों के लिए हंसी, उलझन और गड़बड़ी की मज़ेदार लहर लेकर आएंगे। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगे की कहानी के बारे में बताते हुये गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश ने कहा, राजेश को अचानक धुंधला दिखाई देने लगता है और जांच के बाद पता चलता है कि अब उसे चश्मा लगाना पड़ेगा। लेकिन अवधेशिया उसे चेतावनी देती है कि पति अपनी पत्नी को चश्मे में पसंद नहीं करते। शुरू में राजेश इसे नज़रअंदाज़ करती है, लेकिन तभी वह हप्पू को यह कहते सुन लेती है कि उसे 'चश्मिश' औरतें पसंद नहीं। पति की नाराज़गी से बचने के लिए राजेश चश्मा छिपाने लगती है और इसी वजह से घर में हंसी-ठिठोली और अफरातफरी मच जाती है। चीज़ों से टकराना, अजीब हरकतें करना और आंखें फाड़-फाड़कर देखने की कोशिश करना-ये सब देखकर कठोरी अम्मा को यकीन हो जाता है कि राजेश पर किसी भूत-प्रेत का साया है। खोदी भी इस शक को और हवा देते हैं, जिससे घर के बाकी सदस्य घबरा जाते हैं। मामला तब और पेचीदा हो जाता है जब मलाइका के लिए रिश्ता देखने एक परिवार घर आता है और राजेश की धुंधली नज़र से सारी बातें गड़बड़ा जाती हैं। हालात संभालने के लिए परिवार के बाकी लोग राजेश और अवधेशिया को बताए बिना गुपचुप मीटिंग तक बुला लेते हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि असली वजह सामने आएगी या फिर दरोगा हप्पू सिंह के घर में हंगामा और भी बढ़ जाएगा? एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुए विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ अनीता भाबी ने कहा, कहानी की शुरुआत होती है डेविड चाचा से, जो एक कोर्ट केस जीतने के बाद अपनी वसीयत विभूति के नाम करने का फैसला करते हैं। लेकिन ठीक दस्तखत करने से पहले ही वे अचानक गिर पड़ते हैं। यह घटना उसी वक्त होती है जब अनीता भाबी उन्हें तुरई की सब्ज़ी परोसती हैं। यह मानकर कि चाचाजी अब नहीं रहे, अनीता और विभूति घबरा जाते हैं और वसीयत पर दस्तखत करवाने की कोशिश में 'लाश' छुपाने की जुगत में लग जाते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शपथ का आयोजन



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर उल्लास नव भारत साक्षरता सामाजिक चेतना केंद्रों, विद्यालयों ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में साक्षरता की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर,जन शिक्षा केंद्र हाई स्कूल रोसरा, एस डी एम हायर सेकंडरी, पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर के अंतर्गत शालाओं, सामाजिक चेतना केंद्रों में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर छात्र-छात्राओं , असाक्षरों, ग्रामीणजन को प्रतिज्ञा दिलाई गई। साक्षरता के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।डाइट में प्राचार्य श्री राजीव किशोर श्रीवास्तव,पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा, एकीकृत हाई स्कूल नयाखेड़ा में प्राचार्य श्रीमती विनीता पांडे , पी एम श्री शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मुंगवानी में प्राचार्य फूलसिंह मेहरा द्वारा छात्र छात्राओं को साक्षरता शपथ दिलाई एवं साक्षरता के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायतों से आने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र से कम से कम तीन-तीन निरक्षरों के नाम ढूंढने का प्रयास करें।अपने ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने निरक्षरों के नाम विद्यालय के प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रभारी या अक्षर साथी को नाम दें। जिससे उनका 24 सितंबर को होने वाली परीक्षा में सम्मिलित किया जा सके।उक्त अवसर पर जन शिक्षा केंद्र के जन शिक्षकों, संकुल सह समन्वयक, अक्षरसाथी, सामाजिक चेतना केंद्रों के असाक्षरों की उपस्थिति रही।वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अक्षर साथियों को कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पर्वराज पर्युषण हर्षोल्लास के साथ मनाये गये क्षमावाणी के साथ हुआ समापन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

दस दिनों तक चले पर्वराज पर्युषण यहाँ श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाये गये इस अवसर पर प्रतिदिन सुबह मन्दिर विधि सम्पन्न की गई रात में वीर श्री महिला मंडल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये गये।पर्वराज पर्युषण के अंतिम दिन पर्युषण के दौरान उपवास करने बालों का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया गया जिनका सम्मान किया गया उनमें निकी जैन, मन जैन, शिशिर जैन, राहुल जैन, पुरुष वर्ग से शामिल रहे श्रीमती राशि जैन, श्रीमती रिया जैन, श्रीमती शुभि जैन, कुमारी सोम्या जैन, श्रीमती स्मृति जैन, श्रीमती माया जैन, श्रीमती सोनल जैन, कुमारी साझी जैन कुमारी आरना परी जैन, श्रीमती आशा जैन महिला वर्ग से शामिल रही।मन्दिर में सन्तों के आगमन के अवसर पर उनकी पूरी व्यवस्था संभालने के लिये शास्त्री पदम् जैन, प्रदीप जैन,श्रीमती साधना जैन, श्रीमती मणि जैन, मन्दिर की व्यवस्था को सुचारू रूप से संभालने के लिये मन्दिर के व्यवस्थापक सुरेन्द्र जैन राकेश जैन के साथ ही अष्टमी चौदस को मन्दिर विधि सम्पन्न कराने हेतु राजकुमार जैन, अखिलेश जैन,संजय सराफ, राहुल जैन, जतिन लकी जैन का भी श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन( मंगलकलश)तथा वीरश्री महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती भारती जैन ने अपना उदबोधन देते हुये सभी से क्षमा याचना की।ततपश्चात श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन, एवं श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के



पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन ने सामूहिक क्षमावाणी सम्पन्न कराई कार्यक्रम का संचालन श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के सचिव राजीव जैन द्वारा किया गया।पर्वराज पर्युषण अगले दिन वीरश्री महिला मंडल द्वारा 6 घण्टे का संत शिरोमणि तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज द्वारा रचित श्री तारण त्रिवेणी के पाठ का आयोजन किया गया।

# श्रीराम कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

एकल अभियान अंचल समिति नरसिंहपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ अखिल भारतीय कथा व्यास सुश्री गीता किशोरी जी के मुखारविंद से श्री राम कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा के दौरान मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री एवं कथा के संयोजक श्री जालम सिंह पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी एवं श्रीमती संध्या कोठारी , वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सुनील कोठारी, डॉ अनंत दुबे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कथा के दौरान नरसिंहपुर नगर के विभिन्न संगठनों का सहयोग प्राप्त हुआ विशेष रूप से संकीर्तन समाज एवं गायत्री परिवार महिला मंडल के विशेष सहयोग के साथ साथ ब्रह्माकुमारी संस्थान, ब्राह्मण एकता मंच ,भारत विकास परिषद ,राष्ट्रीय जागृति मंच, राष्ट्रीय सेविका समिति, दुर्गा रामायण महिला मंडल स्वर्णकार समाज,कलार समाज, लोधी समाज, भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही कथा के अंतिम दिवस शशिकांत मिश्र के द्वारा हवन संपन्न कराया गया श्री सूर्य प्रकाश स्वामी,अंचल अध्यक्ष , इंजीनियर श्रीमती निशा सोनी,हरि कथा अध्यक्ष, प्रशांत तिवारी अंचल सचिव, श्री विनोद मेहरा, श्री वीरेंद्र खरे, संदीप नेमा , श्रीमती सविता केशव कुशवाहा, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी, एडवोकेट रेखा सिंह पटेल संस्कार शिक्षा प्रमुख, एडवोकेट राकेश पटेल एडवोकेट दिनेश कोष्ठी प्रदुम्न झरिया ,गतिविधि प्रमुख भाग , द्वारका प्रसाद , अंचल अभियान प्रमुख , श्यामलाल उइके, गतिविधि प्रमुख अंचल नरसिंहपुर, जगदीश प्राथमिक शिक्षा प्रमुख, कृष्णकांत यादव ,अंचल व्यास, संजय राय ,मीडिया प्रमुख एवं समस्त कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु श्रोतागण उपस्थित रहे संपूर्ण कथा के दौरान कुमारी ओशी कुशवाहा,श्रीमती शकुन नामदेव, श्रीमती भारती दीक्षित ,श्री पारितोष दुबे ,एसके चतुर्वेदी दुबे एवं इंजीनियर के के सोनी का विशेष सहयोग रहा।

# बुजुर्गो एवं बेटियों के सम्मान में हुआ आयोजन



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

साहित्यक सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में प्रतिभावान बेटियों एवं बुजुर्गो के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ जनो द्वारा हनुमान जी का अर्चन वंदन किया गया।सम्मान समारोह में वरिष्ठ जनो ने अपने विचार रखे। दामोदर दास गोस्वामी ने कहा कि बेटियां खुशियां हैं तो बुजुर्ग बटवृक्ष की सघन छांव हैं।जी के चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा में कहा कि सम्मान से स्नेह उमंग उत्साह बढ़ता है।बेटियों के सम्मान में कविवर अशोक त्रिपाठी ने बेटा कुल का दीपक है तो बेटी कुल की बातीकविता सुनाकर सभी को भावविभोर किया।प्रभात राय ने बुजुर्गों के सम्मान में कविता पढ़ी।बेटी निशा राय ने बुजुर्गों के सम्मान में कविता यूं पढ़ी.. बुजुर्गों की छांव है तो जमीन जिंदा है,कयामत क्या करेगी अभी तो मेरा बाप जिंदा है।कवियत्री मनीषा राय ने तुम जियो हजारों साल,हम मिलके दुआ करते कविता के सुंदर भावों से बुजुर्गो का सम्मान किया। बेटी नीलिमा और निशा ने भी अपने भावमयी काव्यपाठ से सबका दिल जीता।श्रीमती भागवती रामायणी ने सरस भजन प्रस्तुत किये।उक्त अवसर पर साहित्य शिक्षा तकनीकी और आर्थिक विकास के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाने बाली चार बहन बेटी मनीषा,निशा,नीलिमा मोनिका राय एवं शिक्षक योग गुरु समाजसेवी एन के कोरी घनश्याम नागवंशी और राजेन्द्र सिंह राय का आयोजन समिति द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से सम्मान अभिनंदन किया गया।संचालन पं.सी बी शर्मा ने आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया। गरिमामय आयोजन की सभी ने सराहना की।कार्यक्रम में परिषद के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल सम्मानित



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** विगत दिवस शिक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह भोपाल में महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव , स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह की विशेष उपस्थिति रही। शिक्षक सम्मान समारोह के तीन भाग थे प्रथम भाग में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक द्वितीय में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक तथा तीसरा वर्ग राज्य स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक शामिल थे , राज्य स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में 55 जिलों से आई महिला वर्ग में प्रथम स्थान साईंखेड़ा सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रियंका अग्रवाल ने प्राप्त किया तथा राज्यपाल द्वारा सम्मानित की गई, अपने नवाचारों और रचनात्मक कार्य से बच्चों में शिक्षा की ज्योति जगाने वाली शिक्षिका न केवल पाठ्यक्रम को सिखाने का प्रयास करती है बल्कि बच्चों के उत्तम चरित्र के निर्माण के लिए नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को देने का प्रयास करती है, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल को इस उपलब्धि के लिए समस्त शिक्षा विभाग विकासखंड के अधिकारियों ने बधाईयां प्रेषित की है।

# बांधवगढ़ में जंगली हाथियों ने गाँवों में मचाया उत्पात, धान के खेतों को रौंदा

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से तीन जंगली हाथी शनिवार 6 सितंबर को पनपथा बफर क्षेत्र के छतवा, पटपरहा और भमरहा क्षेत्र में पहुंच गए। हाथी गांव में घरों के नजदीक आ गए, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों ने अपना ठिकाना बना लिया है। ये हाथी अक्सर जंगल से निकलकर आसपास के गांवों और खेतों में आ जाते हैं। ग्रामीण एकत्रित हुए और शोर मचाने लगे। उन्होंने तुरंत बांधवगढ़



टाइगर रिजर्व को सूचना दी। घटपरहा के निवासी नंदकुमार ने बताया कि हाथियों ने उनके खेत की धान की फसल को कुचलकर नष्ट कर दिया। हाथी उनके घर के पास तक पहुंच गए थे। बीटीआर की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। पनपथा बफर परिक्षेत्र के अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव के अनुसार, हाथियों को वापस जंगल भेजने में करीब चार घंटे का समय लगा। वन विभाग हाथियों की निगरानी कर रहा है।

# चंदिया में वन विभाग ने रात में अवैध रेत निकालते ट्रैक्टर को पकड़ा, मजदूर और ड्राइवर हुए फरार

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के चंदिया वन परिक्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का मामला सामने आया है। रविवार की रात वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि बरौदा बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 28 के सेमरहा नाले से अवैध रेत निकाली जा रही है। सूचना मिलते ही रेंजर घरमू सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम में दीपक खटीक, वनरक्षक विमलेश गुप्ता और सुरक्षा श्रमिक शामिल थे। टीम ने घेराबंदी



कर ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर लिया। वन विभाग की टीम को देख मजदूर और ड्राइवर मौके से फरार हो गए। वाहन को चंदिया परिक्षेत्र परिसर में खड़ा किया गया है। परिक्षेत्र अधिकारी घरमू सिंह ने बताया कि जब्त वाहन के मालिक भानू यादव के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसलिए वन विभाग की टीम नियमिल रूप से गश्त कर रही है।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उमरिया में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन




उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उमरिया के प्राचार्य विनोद कुमार मनवारे के मार्गदर्शन में संस्थान के डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु छात्रों द्वारा भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं भारत रत्न से पुरुष्कृत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य विनोद कुमार मनवारे, व्याख्यातागण डॉ. बृजेश शर्मा, प्रकाशचंद्र भट्ट, अनिल कुमार पाण्डेय, श्रीमती रश्मि भट्ट, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, नेट कार्यक्रम प्रभारी बल्लाराम गुर्जर, हलधर प्रसाद, सुश्री बिभुसिता साहू द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई एवं भारत रत्न श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के शिक्षा के क्षेत्र एवं शिक्षक सम्मान में दिए गये योगदान को याद किया गया। शिक्षक दिवस समारोह में प्रशिक्षु छात्रों द्वारा शिक्षकों कों सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर छात्रों की प्रस्तुती की सराहना की गई। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. अनामिका शर्मा एवं डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका प्राची भट्ट ने किया। इस शिक्षक दिवस समारोह में डाइट संस्थान के वरिष्ठ सदस्य गुलाब सिंह, हरिशंकर गवले, अजय चक्रवर्ती, रामधनी बैगा, डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस भोपाल के दुष्यंत संग्राहालय में आयोजित शिक्षक संदर्भ समूह के 15 वे स्थापना दिवस एवं शिक्षा रत्न सम्मान में क्षेत्रीय शिक्षक शामिल हुए। इस आयोजन में श्रीमति हेमलता राजपूत,व्याख्याता राजेश गुप्ता, सिराज अहमद सिद्धिकी, मधुसूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, योगेंद्र सिलावट, सुरेन्द्र पटैल एवं शिवकुमार पाटकार को शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। विदित हो कि कार्यक्रम के मुखूय अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह , अध्यक्षता प्रो अश्विनी ज़ी गर्ग क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान एनसीईआरटी भोपाल ने की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दीपक जोशी, विधायक भगवानदास सबनानी, रिटायर्ड आईएएस शरद चंद्र बेहार,पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर एवं प्रांत अध्यक्ष मप्र शिक्षक संघ डॉ क्षत्रवीर सिंह जी राठौर, नर्मदापुरम जेडी मनीष वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में शिक्षक संदर्भ समूह के संस्थापक डॉ दामोदर जैन एवं समन्वयक सुश्री उमा उपाध्याय सहित शिक्षक संदर्भ समूह के सदस्यों की अहम भूमिका रही ।

# पेंशनरों की बैठक में नवीन सदस्यों का किया सम्मान



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

विगत दिवस मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा गाडरवारा की मासिक बैठक शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में अनिल स्थापक की अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य बैठक में नवीन सेवानिवृत शिक्षक महेश अधरुज, रमाकांत परासर, पी एस पटेल, बी एम पाठक, उमाशंकर श्रीवास्तव का सम्मान कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा सचिव एम एल आरसे एवं एल एन दीक्षित और अनिल स्थापक द्वारा फूल माला एवं श्रीफल भेंट कर किया गया द्य बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री से पेंशनरों को शेष महंगाई भत्ता शीघ्र स्वीकृत की जाने की मांग की जाएगी द्य नवीन सदस्यों द्वारा संघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण की द्य संघ द्वारा माह के द्वितीय शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन खप्पर वाले हनुमान मंदिर में किया जाना निश्चित हुआ है द्य बैठक को नवीन सदस्यों द्वारा भी सम्बोधित कर अपना परिचय के साथ साथ अपने कार्यानुभव से सभा को अवगत कराया गया बैठक में लवकुश शर्मा जगदीश दुबे, सुरेश चंद्र दुबे, एस बी पटेल, नेतराम पटेल, ए के दुबे, रामसिंह कौरव ,एम एस रघुवंशी, पीतांबर प्रसाद शर्मा, मूलचंद मालवीय, जमना प्रसाद सोनी, आर के सिंगोरिया, रामसनेही साहू, जी पी रूसिया, आर एस द्विवेदी, संतोष कौरव, आर के तिवारी, आर के दुबे, सलीम खान आदि पेंशनर उपस्थित रहे ।

# ईमानदारी और समाज सेवक का नकाब ओढ़कर गरीब ग्रामीणों का शोषण कर रहा मनु नार्ला



कटनी (स्वतंत्रमत)।

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में 8 सितम्बर को सुबह 11 बजे ग्राम अमाडी मे चक्काजाम का आयोजन था मुख्य मांगे आम रास्ता में लोहे का लगाया गया गेट हटाया जाये, रास्ता अवरूद्ध करने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए, मनु नार्ला, रमा नार्ला कान्हा नार्ला एवं मृणाली राव द्वारा अमाडी एवं बनहरा तहसील बडवारा पटवारी हल्का नंबर 14 एवं ग्राम बनहरा पटवारी हल्का नंबर 13 की करीब 20 एकड़ शासकीय भूमि कोटवारी भूमि छोटे झाड़ का जंगल आदि भूमि जिनकी की कीमत करोड़ों रुपए होगी जिस पर उपरोक्त लोगों के द्वारा कब्जा किया जाकर शासन को क्षति पहुंचाई जा रही है खसरा नंबर 446 442 443 445 449, 438 कोटवारी भूमि 629 शंकर दाहिया वगैरह की भूमि 382 एवं उपरोक्त का निवास घर जिसे भूत बग्ला कहते हैं में लगभग 3 एकड़ भूमि कब्जे में की हुई है खसरा नंबर 384 आम रास्ता ढर्रा एवं सिंचाई विभाग की सड़क जो नहर के किनारे खसरा नंबर 447 446 निस्तार तालाब शासकीय जानवरों के पीने के पानी को कब्जे में लेकर कब्जा किया गया है जिससे पालतू एवं जंगली जानवर पानी पीने से बन्चित रहते हैं, जिसे तत्काल हटाए जाये, साथ उक्त भूमियों की नाप राजस्व विभाग की विशेष टीम गठित कराई जाये, जो उपरोक्त लोगों का दबाव, प्रभाव, और प्रलोभन में न आ कर निष्पक्ष रूप से उपरोक्त भूमिया कब्जा मुक्त कराये। की मांग को लेकर आयोजित था जिसमें प्रशासन की तरफ से तहसीलदार बडवारा श्रषी गौतम थाना प्रभारी के.के. पटेल, आर.आई, राजू कोल पटवारी, गौस्मिन बानो ने मौके में फर्जी इमानदार मनु नार्ला का सार्वजनिक रास्ते में अवैध कब्जा पाया लगाया गेट खुलवाया साथ ही तोड़ने के लिए नोटिस जारी करने को आस्वस्त किया लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन कर सांकेतिक चक्का जाम जाम कर आन्दोलन स्थगित किया। 10 दिन के अन्दर गेट तोडने सहित कब्जा की गई अन्य उपरोक्त भूमयो से कब्जा हटाने की कार्यवाही नहीं की जाती तो 27 सितम्बर को अनुविभागीय अधिकारी कटनी के कार्यालय में ताला बन्दी की जायेगी। आन्दोलन में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे जिसमें श्रवण सोनी, सानूराय, बाल्मीकि विश्वकर्मा, इन्द्र जीत निषाद, छोटेलाल सिमौन्हा, बेनी पटेल, रामदास केवट, लोचा महराज, विपिन राय सहित सैकडो आन्दोलन कारी सामिल रहे।

फोटो :विकास गुप्ता





# समाज सेवा विकास संस्था ने किया 1 हजार से ज्यादा पौधों का वितरण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कटनी जिले की समाज सेवा विकास संस्था ने एक अनोखी पहल शुरू की है। हाल ही में गणेश चतुर्थी और शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था ने नैगवा ग्राम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक स्टॉल लगाकर फलदार और छायादार पौधों का मुफ्त वितरण किया।

संस्था ने एक पौधा एक त्योहार अभियान के तहत अब तक एक हजार से अधिक पौधे वितरित किए हैं। संस्था की सदस्य पूजा सिंह ने बताया कि इस वितरण के दौरान 100 से ज्यादा पौधे बांटे गए। पौधे लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उन्हें पाल पोसकर बड़ा करने और वृक्ष बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। यह अनूठा तरीका लोगों को सिर्फ पौधा देने तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास भी कराता है।

समाजसेवी सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि पिछले एक साल में, उनकी टीम ने विभिन्न तरीकों से एक हजार से अधिक पौधे वितरित किए हैं। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने हर त्योहार पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस विचार को बढ़ावा देने के लिए, संस्था ने बैनर और पोस्टर का भी इस्तेमाल किया, जिन पर यह संदेश लिखा था। पौधों के वितरण के साथ-साथ, संस्था ने नैगवा गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में गणेश चतुर्थी और शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बड़े पैमाने पर पौधारोपण भी किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चो और ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दौरान फिजा बी, बबिता सिंह, राजेश नंदनी रजक, पूजा सिंह, प्रभा सेन, सुधा पाठक, मैना सिंह, राजाराम पटेल, शिधार्थ जाटव, रामचरण सिंह, आदि की मौजूदगी रही।

फोटो :विकास गुप्ता

# शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी



कटनी (स्वतंत्रमत)।

गत 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में पाठक वार्ड स्थित सीएलपी मा शाला में कवयित्री पुष्पा प्रांजलि के संयोजन एवं डॉ ऊषा पांडे के संचालन में काव्यगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता शाला के पूर्व प्रधानाध्यापक कमलेश सोनी ने की।

मुख्य अतिथि डॉ सुशील खंपरिया एवं विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ लकार सतीश आनंद रहे। मंचासीन अतिथियों ने माँ वीणापाणि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात वरिष्ठलकार चंद्रकिशोर चंदन की सुमधुर वंदना से गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। नगर के जाने-माने साहित्यकारों विष्णु वाजपेई, रामनरेश विद्यार्थी, शरद जयसवाल, पवन समीर, सतीश आनंद, डॉ सुशील खम्परिया, चंद्रकिशोर चंदन, डॉ ऊषा पांडे, अर्चना सोनी, गीता पाठक, पुष्पा प्रांजलि, श्रद्धांजलि शुक्ला अंजन, ऋचायज्ञेस, शाला प्रभारी अजय जैन ने काव्यपाठ किया। अंत में शाला प्रबंधन द्वारा उपस्थित समस्त रचनाकारों एवं शिक्षकों को श्रीफल एवं कलम श्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन पुष्पा प्रांजलि ने किया। श्रद्धांजलि शुक्ला एवं ऋचा यज्ञेस सहयोगी रहीं।

## तालाब कुओं बावली एवं पोखरों में डाली जाएगी लार्वा नाशक गमबूशियाँ मछली

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मलेरिया विभाग द्वारा जिले के शहरी क्षेत्र ओर ग्रामीण क्षेत्र में गम्भूशियां मछली डाली गई डेंगू चिकनगुनिया मलेरिया प्रोग्राम के अंतर्गत डॉ राज सिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार डेंगू चिकनगुनिया मलेरिया संबंधी बीमारियों से बचाव हेतु शहरी क्षेत्र उमरिया पान बहोरीबंद रीटी बड़वारा बरही विजयराघवगढ़ कन्हवारा में लार्वा नाशक गामबूशियाँ मछली अभी तक नब्बे हजार डाली गई यह मछली चार से छे सेंटीमीटर की होती है और यह मछली हर तीन महीने में बच्चे को जन्म देती है इनका भोजन केवल मच्छर के लार्वा ही है। शालिनी नामदेव, जिला मलेरिया अधिकारी प्रमत कुमार महार, मलेरिया निरीक्षक नितिन बाल्मिक, फील्ड वर्कर वंश गोपाल बेगा फील्ड वर्कर का सहयोग सराहनीय रहा।



# रेलवे क्रॉसिंग पर रस्सी बांधकर रोक रहे यातायात

कटनी (स्वतंत्रमत)।

एसीसी कंपनी कैमोर स्थित रेलवे फाटक के खराब होने से आम जनों की दुर्घटना होने की आशंका आए दिन बनी रहती है रेलवे फाटक खराब होने से एसीसी कंपनी की लापरवाही सामने आई है एक तरफ का फाटक है किंतु दूसरे तरफ रस्सी बांधकर यातायात को रोकते हैं साथ ही यहां स्कूल के लगने एवं कंपनी में ड्यूटी जाने वाले कर्मचारियों के टाइम पर ही गेट बंद होने से नागरिकों में भारी रोष है एसीसी कंपनी कैमोर स्थित रेलवे फाटक आए दिन खराब होता रहता है तुरंत ठीक ना होने पर यातायात प्रभावित होता है रस्सी बांधकर यातायात को रोकते हैं जिससे कभी भी अप्रिय स्थिति बन सकती है तथा दुर्घटना हो सकती है बस ट्रक भारी यातायात इस मार्ग पर रहता है स्कूल व कॉलेज सहित अन्य संस्थाएं तथा सीमेंट व माइंस कंपनियां तथा चूने के भट्टे व क्रॉशर आदि होने से यातायात बहुत अधिक मात्रा में रहता है रेलवे फाटक सही न होने से एसीसी कंपनी के लापरवाही सामने आई है साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है प्रशासन द्वारा स्कूल के लगने व छूटने पर नो एंट्री की व्यवस्था है जिससे बच्चे सुगमता से स्कूल आ जा सके किंतु एसीसी फैक्ट्री को जनहित से कोई लेना-देना नहीं है तथा स्कूल टाइम पर रेल फाटक लगा देते हैं जिससे बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है तथा लेट पहुंचते हैं इसी प्रकार कंपनी में कार्यरत कर्मचारी भी गेट के लगने लेट होते हैं स्थानीय जनों ने मांग की है कि रेलवे फाटक का बंद करने का टाइम बदला जाए तथा रेलवे फाटक दुरुस्त रहे जिससे अप्रिय स्थिति से बचा जा सके इसी प्रकार मालगाड़ी को लोडिंग करने के लिए अनेक बार रेलवे फाटक तक मालगाड़ी को लाया जाता है तथा पुन: उसे अंदर ले जाया जाता है तब भी रेलवे फाटक बंद किया जाता है तथा यातायात प्रभावित होता है लोगों की परेशानियां बहुत ज्यादा है अत: स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि उपरोक्त व्यवस्थाओं को सुधारा जाए जिससे कि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा क्षमा वाणी पर्व एवं डांडिया रास का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप में कटनी क्षमा वाणी पर्व वस्त्र वितरण कार्यक्रम एवं वात्सल्य भोज तथा डांडिया रास का कार्यक्रम चेतानोदय तीर्थ कटनी में अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ मनाया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर अध्यक्ष पंचायत संजय जैन, तीर्थ रक्षा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सवाई सिं सुधीर जैन, सर सेठ सुभाष जैन, ट्रांसपोर्ट पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री अलका जैन, पूर्व विधायक सुकृति जैन, कटनी के वरिष्ठ पार्षद मिथिलेश राजकुमारी जैन, चेतानोदयतीर्थ के गौरव अध्यक्ष संदीप जैन, शिक्षण संस्था के अध्यक्ष आशीष अमृता जैन, मारवाड़ी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद रश्मि सराओगी, मंच पर शोभा, मान थे। तदुपरांत ग्रुप अध्यक्ष संजय मीनू सिंघाई, द्वारा सभी को स्वादिष्ट भोजन के लिए आमंत्रित किया ग्रुप के सचिव अनिल स्वाति जैन, आलोक ज्योति जैन, अनुराग जूही जैन, सुदीप मोदी, मुकेश, अर्चना चंदेरिया, दिनेश समता जैन, संदीप शशि जैन, अर्पित अनुष्का जैन, देवेंद्र दीप्ति जैन, नवीन नीता जैन, सोनू रानू जैन, दीपक रश्मि जैन, राजेश जैन, मंजू जैन द्वारा सभी उपस्थित जनों का दुपट्टा माला तिलक लगाकर स्वागत किया गया सभागार में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा क्षमा वाणी पर्व पर उत्कृष्ट उद्बोधन के पश्चात ग्रुप के पदाधिकारी एवं दंपति सदस्यों द्वारा वर्ष भर में जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए एक दूसरे सहृदयता से क्षमा मांगी गया भोजन के उपरांत मुनि सुब्रत नाथ जिनालय चेतानोदय तीर्थ में भक्ति भाव से धार्मिक डांडिया गरबा किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात कार्य अध्यक्ष मगन जय जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया लगभग 100 सदस्यों की उपस्थिति में सभी कार्यक्रम सानंद संपन्न हुए।



# शिक्षक समाज का सच्चा मार्गदर्शक: डॉ आदित्य कुमार शर्मा

## सायना स्कूल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम संपन्न

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा, प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि मि. ऋषि अरोरा, किड्स स्कूल प्रभारी डॉ भारती शर्मा, हेडमास्टर डॉ लोकेश दुबे, मि. कमल सरेचा एवं प्राइमरी समन्वयक रीत मोंगा ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। तदोपरान्त बारहवीं के विद्यार्थियों ने गुरूकुल परंपरा को स्मरण कर शिक्षकों को ट्री प्लांट भेंटकर आभार प्रदर्शित किया। इस सुअवसर पर प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का सच्चा मार्गदर्शक होता है, जो विद्यार्थियों को ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माता, राष्ट्र निर्माता के साथ ही हर जगह अपनी अमिट छाप छोड़नेवाला एक सक्रिय कार्यकर्ता है। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में नृत्य व गायन की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। पूरे परिसर में साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल छा गया। छात्रों और अध्यापकों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सायंकालीन बेला में काव्यधारा का आयोजन किया गया जिसमें कटनी के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि सतीष आनंद, विशिष्ट अतिथि कवि चंद्रकिशोर श्रीवास्तव चंदन आमंत्रित सदस्य कवि जितेन्द्र पटवा नीरस एवं कवि प्रियांशु तिवारी ने प्राचार्य डॉ शर्मा की अध्यक्षता में काव्यपाठ को गति दी। तुषार भट्टाचार्य तपन ने कार्यक्रम का ओजपूर्ण संचालन करके समां बाँध दिया। सायना की ओर से शिक्षिका सहाना बासु ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया वहीं छात्र अभिजीत तिवारी, सैफ अली, अंशुमान विश्वकर्मा, शिक्षिका दीपाली दुबे एवं मि. कमल सरेचा ने काव्यपाठ कर खूब तालियाँ बटोरी।

# कन्या महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय शिक्षा परंपरा के प्रतीक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिन्होंने शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा के महत्व को समाज में स्थापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारी और छात्राएँ उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन के शिक्षा के प्रति समर्पण और दर्शन को याद करते हुए छात्राओं को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों को समाज का आधार स्तंभ बताते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें कविता वाचन, गीत, नृत्य और नाटिका शामिल थीं, जो शिक्षक-छात्र संबंध की महत्ता को दर्शाती थीं।

## अजय बने बिहार प्रदेश के छपरा जिले के विस्तारक



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कटनी जिला उपाध्यक्ष अजय वीरभद्र माली बिहार प्रदेश के छपरा जिले के तरैया विधानसभा विस्तारक बनाए गए हैं। माली पूर्व में एबीवीपी में विभिन्न पदों में कार्य किया हैं।

उसके बाद में युवा मोर्चा में कार्य करे रहे जिसको उनके कार्य ओर संगठन में निस्वार्थभाव को देखकर मध्यप्रदेश में चुनाव के समय जबलपुर जिले की सिहोरा विधानसभा विस्तारक बनाया गया था। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व में उनको एक बड़ी जिमेदारी देते हुए बिहार प्रदेश के छपरा जिले का विधानसभा तरैया में उनको विस्तारक के रूप में भेजा।

# समाजसेवी मातृशक्ति द्वारा एक नई पहल की गई कृष्ण दद्दा धाम पहुंच कर बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

कटनी (स्वतंत्रमत)।

सम्पूर्ण भारत वर्ष में बडे ही हर्षोल्लास के साथ मिलकर शिक्षक दिवसआयोजित कार्यक्रम हुआ। इस पुनीत पावन पर्व पर समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी द्वारा सर्वधर्म जनसेवा समिति द्वारा कृष्ण वृद्धाश्रम धाम बुजुर्गो के बीच पहुंच कर एक नई सोच के साथ अनोखी पहल की गई शासकीय चिकित्सालय लैब तकनीकशियन यूपीएचसी लखेरा तृप्ति दुबे के जन्मोत्सव पर पूज्यनीय गुरूदेव दद्दा जी एंव श्रीगणेश भगवान की पूजा वंदन और दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉ अनिल त्रिपाठी एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण दद्दा धाम व्यवस्थापक अशोक गेंडा ने की विशिष्ट अतिथि पूज्यनीय गुरूदेव सेवक आशीष तिवारी, सेवक रामकिशोर यादव, सुपरवाइजर केपी सिंह सहित अन्य गणमान्य बुजुर्गो की उपस्थित मे बहन तृप्ति दुबे का जन्मोत्सव केक काटकर धूमधाम से सभी सम्मानित बड़े-बुजूर्ग का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उक्त अवसर पर समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने अपने ओजस्वी विचारो को व्यक्त करते हुए कहा कि हमे अपने जीवन मे किसी का भी सहयोग या सहायता हमेशा एक सारथी बनकर करना चाहिए ना कि एक स्वार्थी बनकर करना जी और हमारे जीवन मे हमसे जो भी व्यक्ति श्रेष्ठ है वह सभी गुरू ही है वही बहन तृप्ति दुबे ने अपने जन्मोत्सव पर उपस्थित सभी सम्मानित बड़े-बुजूर्ग के बीच यह संकल्प लिया कि वो आप जैसे वरिष्ठ बड़े-बुजूर्ग के खून-पेशाब, ब्लड शुगर, वीपी सभी की नि:शुल्क जांच करेगी और एक सेवक बनकर काम करूगीं तत्पश्चात उपस्थित सभी बुजुर्गो को उनके स्वास्थ्य संबंधित खाद्य साम्रगी उपहार स्वरूप प्रदान की गई।



# सिंगापुर को रौंद कर भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के सुपर 4 में

हांगझोऊ (वार्ता)।



भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशिया कप 2025 में अपनी लय बरकरार रखते हुए सिंगापुर पर 12-0 से एकतरफा जीत दर्ज कर सुपर-4 मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से मुमताज खान (दूसरे, 32वें,39वें मिनट में) और नवनीत कौर (14वें, 20वें, 28वें मिनट में) नेहा (11वें, 38वें मिनट), लालरेम्सियामी (13वें मिनट में) उदिता (29वें मिनट में), शर्मिला सिंह (45वें मिनट में) और रुतुजा दादासो पिसाल (53वें मिनट में) ने गोल किए।

भारतीय टीम मैच की शुरुआत से ही सिंगापुर की टीम पर हावी रही। पहले क्वार्टर में ही भारत ने सिंगापुर की रक्षापंक्ति को भेदते हुए चार गोल दागे। मैच शुरू होने के दूसरे मिनट में मुमताज खान ने अपने शानदार मैदानी गोल से भारत का खोला। इसके बाद भारत ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे उदिता गोल में नहीं बदल सकीं। लेकिन इसके बाद भारत ने दो मैदानी गोल दागे। 11वें मिनट में नेहा ने मैदानी गोल के साथ भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया और 13वें मिनट में लालरेम्सियामी ने फील्ड गोल कर स्कोर 3-0 किया। 14वें मिनट में नवनीत कौर ने सिंगापुर के गोलकीपर को चकमा देते हुए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर स्कोर 4-0 कर दिया। वहीं, सिंगापुर एक भी गोल करने में सफल नहीं हुआ और उसकी टीम काफी संघर्ष करना पड़ा।

दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने आक्रमक प्रदर्शन करना जारी रखा। इस क्वार्टर की शुरुआत में सिंगापुर ने पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल करने में विफल रहे।

इस क्वार्टर में भी भारत ने तीन गोल किए। नवनीत ने इस क्वार्टर ने दो और गोल किए। 20वें मिनट में नवनीत ने मैदानी गोल दागा। इसके बाद 28वें मिनट में उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल किया। इस गोल के साथ नवनीत ने अपनी हैट्रिक पूरी की। इस क्वार्टर का समापन उदिता के गोल से हुआ, उन्होंने 29वें मिनट में पीसी को गोल में बदला। पहले हाफ की समाप्ति तक भारत ने 7-0 से अपनी बढ़त को बनाए रखा। वहीं, सिंगापुर मौके बनाने में विफल रही। तीसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। भारत ने कई पेनल्टी कॉर्नर अपने नाम की। इस क्वार्टर में भारत ने चार गोल दागे।

### इन्होंने दागे गोल

कमजोर डिफेंस के साथ सिंगापुर ने एक भी गोल नहीं कर पाई। इस क्वार्टर में मुमताज ने दो मैदानी गोल दागे और उनकी भी इस मैच में हैट्रिक पूरी हुई। वहीं, नेहा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए अपना दूसरा गोल दागा। क्वार्टर के आखिरी मिनट में शर्मिला सिंह ने पीसी को गोल में बदला। इसी के साथ भारत ने 11-0 स्कोर के साथ बड़ी बढ़त हासिल कर ली, जिसे कम करने की सिंगापुर की सभी कोशिशें भारत ने विफल कर दिया।

### भारत का सुपर-4 मैच कल

चौथे क्वार्टर में भारत ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और 53वें मिनट में रुतुजा ने पीसी के जरिए गोल कर भारत का स्कोर 12-0 कर दिया। इसी के साथ भारत ने इस मुकाबले में एकतरफा जीत दर्ज की। भारतीय टीम सुपर-4 मैच 10 सितंबर को खेलेगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिलेगा।

## धीमी ओवर गति के लिए दक्षिण अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**दुबई (वार्ता)।** दक्षिण अफ्रीका पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दक्षिण अफ्रीका पर यह कार्रवाई एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ की ओर से गई। दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित समय से एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। मैदानी अंपायर नितिन मेनन और रसेल वॉरेन, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाये गये थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियम तहत खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार न्यूनतम ओवर गति के अपराध के दोषी पाये जाने पर खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा फेंके गए प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने अपराध और प्रस्तावित दंड स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।



अंडर-15 डब्ल्यूटेटे यूथ स्टार कंटेंडर

## अनन्या, दिव्यांशी ने रोमांचक मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने उत्तरी मैसेडोनिया के स्कोप्जे में आयोजित डब्ल्यूटेटे यूथ स्टार कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 गर्ल्स डबल्स का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में अद्भुत धैर्य और सहनशक्ति का प्रदर्शन कराए हुए रोमांचक फाइनल में चीन की झाओ वांगकी और लियू ज़िलिंग को 3-2 से हराया। चीनी जोड़ी के साथ कड़ी टक्कर के बाद, अनन्या और दिव्यांशी ने निर्णायक मुकाबले में अपना संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण मैच पॉइंट बचाकर मुकाबला 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से अपने नाम कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था, और रियाना और एंजेलिका को अंततः कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। भारत की पदक तालिका में पी.बी. अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने और इजाफा किया, जिन्होंने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो से सीधे गेमों (6-11, 7-11, 8-11) में हार गए, जबकि ऋत्विक को अपने खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेउंगसू से 8-11, 5-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। युगल मुकाबलों में भी उत्साह देखने को मिला, जिसमें पी.बी. अभिनंद ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी ने, और अंडर-15 बॉयज़ डबल्स में ऋत्विक गुप्ता और साहिल रावत की जोड़ी ने पदक जीते। उत्तरी मैसेडोनिया में भारतीयों ने कुल छह पदक जीते।

## एशिया कप में संजू तोड़ सकते हैं धोनी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (वार्ता)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाने वाले आगामी एशिया कप 2025 में संजू सैमसन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते है। हाल ही में संजू सैमसन के 'नो लुक सिक्स' की भी काफी चर्चा हुई। जब वो फॉर्म में होते हैं तो उनके बल्ले को रोकना नामुमकिन होता है, केरल लीग में उन्होंने पांच मैचों में ही 30 छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वो अंतरराष्ट्रीय टी-20 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं और एशिया कप में उन्हें प्लेइंग इलेवन में रखना फायदेमंद साबित होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि वे किस नंबर पर खेलने वाले हैं। संजू इस एशिया कप में धोनी का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।



## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के 35 खिलाड़ी करेंगे पर्दापण

**नई दिल्ली (वार्ता)।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 27 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक होने वाले विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में 35 भारतीय एथलीट पहली बार हिस्सा लेंगे। स्विट्जरलैंड में हुई नॉटविल वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की एफ42 जेवलिन श्रेणी में 61.17 मीटर का थ्रो कर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले महेंद्र गुर्जर इस समय पटियाला में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वे अपने पहले वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने और भारत का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इनके अलावा इस चैंपियनशिप में पहली बार भाग लेने वालों में अतुल कौशिक (डिस्कस एफ57), प्रवीन (शॉट पुट एफ46), हनी (डिस्कस एफ37), मित भारतभाई पटेल (लॉन्ग जंप टी44), मंजीत (जेवलिन एफ13), विशू (लॉन्ग जंप टी12), पुष्पेंद्र सिंह (जेवलिन एफ44), अजय सिंह (लॉन्ग जंप टी-47), शुभम जुयाल (शॉट पुट एफ57), बीरभद्र सिंह (डिस्कस एफ57), दयावंती (महिला 400 मीटर टी20), अमीषा रावत (महिला शॉट पुट एफ46), आनंदी कुलंथैसामी (क्लब थ्रो एफ32) और सुचित्रा परिदा (महिला जेवलिन एफ56) शामिल हैं। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझरिया ने कहा, पहली बार किसी एक संस्करण में इतने भारतीय खिलाड़ी वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पदार्पण कर रहे हैं। प्रत्येक खिलाड़ी बड़े ही कठिन हालातों को पार करके यहां तक पहुंचा है। ये सभी नई पीढ़ी में उम्मीदों के प्रतीक हैं। हमें विश्वास है कि ये एथलीट्स देशभर के और युवाओं को खेल को बढ़ावा देने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा देंगे। जेवलिन एफ44 वर्ग में पर्दापण करने वाले महेंद्र गुर्जर ने कहा, यह चैम्पियनशिप सिर्फ मेडल जीतने के लिए नहीं है, बल्कि दुनिया को भारतीय पैरा एथलीट्स की हिम्मत और काबिलियत दिखाने का मौका है। मुझे उम्मीद है कि हमारे प्रदर्शन से और भी युवा, खासकर लड़कियाँ, खेलों में अपना सपना पूरा करने की हिम्मत पाएंगी।



## नीतीश का तोहफाः हॉकी खिलाड़ियों को मिलेंगे 10 लाख रुपये

**पटना (वार्ता)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के राजगीर में संपन्न हीरो एशिया कप 2025 के फाइनल में दक्षिण कोरिया के उपर विलक्षण जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 लाख रूपये की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। श्री कुमार ने भारतीय टीम के हॉकी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारत की हॉकी टीम ने बिहार की धरती पर एशियन चैम्पियनशिप जीत कर देशवासियों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के सम्मान और उत्साहवर्धन के लिए बिहार सरकार ने प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख और सहयोगी स्टाफ को पांच लाख रूपये देने का निर्णय लिया है।

## हांगकांग ओपन में सिंधु की अगुवाई में भारतीय टीम उतरेगी

हांगकांग (वार्ता)।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू हो रहे हांगकांग ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त सिंधु अपने पहले दौर के मैच में यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से मुकाबला करेंगी। महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में सिंधु के साथ हमवतन अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी हैं, जबकि महिला युगल वर्ग में रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा एकमात्र भारतीय जोड़ी हैं। सिंधु के लिए, पिछले महीने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना, इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इंडियन ओपन में अपने प्रदर्शन के बाद सिंधु बीडब्ल्यूएफ टूर पर चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं और तीन बार अंतिम 16 में पहुंची हैं। वहीं पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। लक्ष्य सेन का यह सीजन संघर्षपूर्ण रहा है। पुरुष एकल वर्ग में उनके साथ हमवतन एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी होंगे, जो इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत हांगकांग ओपन में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड से करेंगे, जहां उनका सामना थारुण मन्नेपल्ली से होगा। दूसरी ओर, पुरुष युगल में भारत की चुनौती की अगुवाई सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी करेंगे। हरिहरन अम्साकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासबापति भी बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में पुरुष युगल में तथा ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो और रोहन कपूर-रुथविका गड्डे मिश्रित युगल वर्ग में भाग लेंगे।

## अगस्त में सुस्त रही वाहनों की खुदरा बिक्री

नई दिल्ली (वार्ता)।

त्योहारी मौसम और जीएसटी में राहत के इंतजार में अगस्त में ग्राहकों ने अपनी खरीद टाल दी जिससे वाहनों की खुदरा बिक्री में सुस्ती देखी गयी। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री अगस्त 2024 के मुकाबले मात्र 0.93 प्रतिशत बढ़ी और कुल बिक्री 3,23,256 इकाई रही। दुपहिया वाहनों में भी 2.18 फीसदी की मामूली तेजी देखी गयी और कुल 13,73,775 वाहन बिके।

वाहनों की कुल बिक्री 2.84 फीसदी बढ़कर 19,64,547 इकाई रही। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विघ्नेश्वर बताया कि 15 अगस्त को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी खरीद टाल दी। हालांकि डीलरों के पास पूछताछ काफी आयी, लेकिन वह बिक्री में पूरी तरह से नहीं बदल सकी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि 22 सितंबर को जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक खरीद करेंगे। अगस्त में तिपहिया वाहनों की बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 2.26 प्रतिशत घट गयी। वहीं, वाणिज्यिक



वाहनों की बिक्री में 8.55 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी।

अच्छे मानसून के कारण ट्रैक्टरों की बिक्री में 30.14 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल आया। फाडा का कहना है कि निकट भविष्य में सितंबर में त्योहारी मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। अच्छी विकास दर, कम मुद्रास्फीति और अर्थव्यवस्था में स्थिरता मांग को गति प्रदान कर रही है। उसने बताया कि जीएसटी सुधार वाहन उद्योग के लिए गेम चेंजर साबित होंगे। उसने कहा कि सितंबर में दो तरह की तस्वीरें देखने को मिलेंगी। जीएसटी सुधारों के लागू होने से पहले खरीद में सुस्ती रहेगी जबकि 22 सितंबर से इसमें जबरदस्त तेजी आयेगी।

## एयर इंडिया के यात्री को एवीआईएस लग्जरी कार रेंटल पर मिलेगी छूट

**मुंबई (वार्ता)।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने लग्जरी कार रेंटल कंपनी एवीआईएस इंडिया के साथ एक करार किया है जिसके तहत उसके हवाई यात्रियों को बुकिंग पर विशेष छूट मिलेगी। एयर इंडिया ने सोमवार को बताया कि उसके यात्री अपनी आगे की यात्रा के लिए देश के 17 शहरों में एवीआईएस की प्रीमियम कारें बुक करा सकेंगे। इन शहरों में दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता, भुवनेश्वर, चेन्नई, अहमदाबाद, चंडीगढ़ और जयपुर शामिल हैं। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा कि एवीआईएस के साथ यह समझौता अपने यात्रियों को उनके गंतव्य के अंतिम छोर तक प्रीमियम यात्रा का अनुभव प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## चावल मजबूत, खाद्य तेलों में घटबढ़

नई दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गये जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखी गयी। दालों और चीनी के भाव में तेजी रही।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 40 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,488 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.92 प्रतिशत चढ़कर 51.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 121 रुपये बढ़कर 3,833.95 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं 10 रुपये सस्ता हुआ और 2,849.18 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपये



टूटकर 3,306.23 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। खाद्य तेलों में सरसों तेल औसतन 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 56 रुपये और वनस्पति में 70 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी उतरने से सोया तेल में 129 रुपये, पाम ऑयल 107 रुपये और सूरजमुखी तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 224 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 119 रुपये और मसूर दाल 155 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत में 97 रुपये और उड़द दाल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती रही। मीठे के बाजार में आज तेजी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 24 रुपये मजबूत हुई।

## ऑडी ने 7.8 लाख तक घटाये वाहनों के दाम

**नई दिल्ली (वार्ता)।** लग्जरी यात्री वाहन निर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने सोमवार को अपनी कारों की कमीतों में 2.6 लाख से 7.8 लाख रुपये तक की कटौती की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में बताया कि वस्तु एवं सेवा कर सुधारों के बाद उसका फायदों ग्राहकों को देते हुये दाम कम किये हैं। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि जीएसटी को सरल बनाने के उपाय सही दिशा में उठाये गये कदम हैं। इससे वाहन उद्योग को बढ़ने में और कंपनी को बाजार के विस्तार में मदद मिलेगी। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों पर कम जीएसटी की दर बनाये रखने के जीएसटी परिषद के फैसले का स्वागत करते हुये कहा कि इससे कारोबारी परिवेश में स्थिरता आती है।

## किआ ने 4.48 लाख तक घटाये कारों के दाम



**नई दिल्ली (वार्ता)।** वाहन निर्माता कंपनी किआ इंडिया ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देते हुये 22 सितंबर से अपने यात्री वाहनों के दाम 4.48 लाख रुपये तक घटाने की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 22 सितंबर से सोनेट के उसके विभिन्न संस्करण 1,64,471 रुपये तक सस्ते होंगे। सायरॉस की कीमतों में 1,86,003 रुपये और सेल्टॉस में 75,372 रुपये तक की कटौती की जायेगी। कंपनी ने केरेंस के दाम 48,513 रुपये तक और केरेंस क्लेविस के दाम 78,674 रुपये तक की कटौती की घोषणा की है। कार्निवल के विभिन्न संस्करणों में 4,48,542 रुपये तक की कटौती की जायेगी। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्वांगू ली ने कहा, हम यात्री वाहनों पर जीएसटी कम करने के भारत सरकार के दूरदर्शी और जन-केंद्रित सुधारों का स्वागत करते हैं। यह परिवर्तनकारी कदम उपभोक्ताओं के लिए वाहन खरीदना अधिक किफायती बनाने और वाहन उद्योग के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रगतिशील और समयोचित निर्णय है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, हमें जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ अपने ग्राहकों तक पहुंचाने पर गर्व है, जिससे अधिक सामर्थ्य और बेहतर पहुंच सुनिश्चित होती है।



## एचसीएल टेक ने अमिताभ कांत को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया

नई दिल्ली (वार्ता)।

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत को अपना स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने आज शेयर बाजार को बताया कि श्री कांत की नियुक्ति को निदेशकमंडल की मंजूरी मिल गयी है, और नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति ने इसकी सिफारिश की है। उनकी नियुक्ति आज से प्रभावी हो गयी है और पांच वर्षों के लिए है।

## ऑटो कंपनियों में जबरदस्त लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)।

जीएसटी सुधारों के बाद ऑटो कंपनियों में जारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 76.54 अंक (0.09 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.15 अंक यानी 0.13 फीसदी की बढ़त में 24,773.15 अंक पर रहा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितंबर से मंजूर बदलावों में वाहनों पर कर और उपकर की दरों में अच्छी खासी कटौती की गयी है। इससे सेक्टर को लेकर निवेशकों की धारणा लगातार मजबूत बनी हुयी है। शेयर बाजार की तेजी में सबसे ज्यादा योगदान वाहन निर्माता कंपनियों का ही रहा। इसके अलावा, त्योहारी सीजन में वाहन ऋण की मांग बढ़ने की उम्मीद में बैंकों के शेयरों में



भी तेजी देखी गयी। एनएसई में अशोक लेलैंड का शेयर 5.08 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 4.25 प्रतिशत, बजाज ऑटो का 4.08 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 4.01 प्रतिशत बढ़ा। टीवीएस मोटर के शेयर में 3.12 फीसदी और मारुति सुजुकी में 2.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर भी 1.43 फीसदी चढ़ा। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर सेंसेक्स 193.64 अंक की तेजी के साथ 80,904.40 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 81,171.38 अंक और निचला स्तर 80,733.07 अंक रहा। इसी प्रकार, निफ्टी-50 भी 61.60 अंक चढ़कर 24,802.60 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,885.50 अंक और नीचे 24,751.55 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.16 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। ऑटो कंपनियों के अलावा अडानी पोर्ट्स का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और इटरनल के शेयरों में भी तेजी रही।

ट्रेंट में सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत की गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर 1.90 फीसदी, एचसीएल टेक का 1.21 और टेक महिंद्रा का 1.13 फीसदी लुढ़क गया। एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड, सनफार्मा, एनटीपीसी और इंफोसिस में भी आधी फीसदी से अधिक की गिरावट रही। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 1.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.85 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत की तेजी में रहे। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.73 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 प्रतिशत ऊपर बने हुये थे।

# मप्र में 20 आईपीएस अफसरों के तबादले

## 7 रेंज के डीआईजी इधर से उधर, धार-अशोकनगर जिले के एसपी बदले

भोपाल।

मध्यप्रदेश में 20 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सोमवार दोपहर को गृह मंत्रालय ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इस लिस्ट में डीआईजी और एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। अशोकनगर और धार जिले के एसपी बदले गए हैं। अशोकनगर में राजीव कुमार मिश्रा और धार में मयंक अवस्थी नए पुलिस अधीक्षक होंगे। छतरपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, इंदौर ग्रामीण, भोपाल ग्रामीण, रतलाम और सागर रेंज में नए डीआईजी पदस्थ किए गए हैं। इसके साथ ही इंदौर और भोपाल में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध व मुख्यालय) को भी बदला गया है। विजय कुमार खत्री को डीआईजी छतरपुर रेंज, विनीत कुमार जैन को डीआईजी बालाघाट, मनोज कुमार सिंह को डीआईजी इंदौर ग्रामीण, राकेश कुमार सिंह को डीआईजी छिंदवाड़ा, राजेश सिंह को डीआईजी भोपाल ग्रामीण और शशीन्द्र चौहान को डीआईजी सागर रेंज पदस्थ किया गया है। छतरपुर डीआईजी ललित शाक्यवार और सागर डीआईजी सुनील कुमार पांडे को पीएचक्यू में पदस्थ किया गया है। बालाघाट डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव को मानव अधिकार आयोग भेजा गया है। भोपाल ग्रामीण डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी को डीआईजी एसएएफ मध्य क्षेत्र बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह डीआईजी रतलाम की पदस्थापना लोकायुक्त संगठन में डीआईजी के तौर पर की गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध व मुख्यालय) नगरीय पुलिस इंदौर मनोज कुमार श्रीवास्तव को डीआईजी पुलिस रिसर्च ट्रेनिंग सेंटर इंदौर भेजा गया है। मोनिका शुक्ला डीआईजी रेल, पीएचक्यू को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस भोपाल बनाया गया है। निमिष अग्रवाल डीआईजी इंदौर ग्रामीण को डीआईजी रतलाम रेंज, डी कल्याण चक्रवर्ती डीआईजी छिंदवाड़ा को डीआईजी पीएचक्यू, हेमंत चौहान डीआईजी एससीआरबी पीएचक्यू को डीआईजी रीवा रेंज बनाया गया है। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह और अशोकनगर एसपी विनीत कुमार जैन एक जनवरी 2025 को डीआईजी के पद पर प्रमोट हो गए थे। दोनों ही अधिकारी डीआईजी के पद पर प्रमोट होने के बाद 8 माह तक एसपी बने रहे हैं। अब गृह विभाग ने विनीत कुमार जैन को डीआईजी बालाघाट और मनोज कुमार सिंह को डीआईजी इंदौर ग्रामीण रेंज बनाया है। ऐसे में मनोज कुमार सिंह का दखल धार में अब भी बना रहेगा।



मोनिका शुक्ला | मयंक अवस्थी | ललित शाक्यवार

### नक्सलाइट मूवमेंट समीक्षा के बाद हटे मुकेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को कानून व्यवस्था और नक्सलाइट मूवमेंट की समीक्षा की थी। इस समीक्षा के दो दिन बाद डीआईजी बालाघाट मुकेश कुमार श्रीवास्तव का तबादला कर दिया गया है। हालांकि बालाघाट में नक्सलाइट मूवमेंट में मुख्य एक्शन का जिम्मा आईजी बालाघाट और एसपी बालाघाट के पास ही रहता है लेकिन इसे बैठक से जोड़कर देखा जा रहा है।

### विजय शाह मामले की जांच कर रहे चक्रवर्ती भी हटे

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के मामले में जांच के लिए बनी एसआईटी में शामिल दूसरे अफसर को भी आज फील्ड से हटा दिया गया है। इसके पहले सागर रेंज के आईजी प्रमोद वर्मा को फील्ड से हटाया जा चुका है। सोमवार को जारी आदेश में छिंदवाड़ा रेंज के डीआईजी डी कल्याण चक्रवर्ती को हटाकर पीएचक्यू में पदस्थ किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनाई गई एसआईटी में शामिल डिंडोरी एसपी वाहिनी सिंह अभी भी पुलिस अधीक्षक हैं।

### रीवा रेंज के डीआईजी की ससुराल सीधी में

रीवा रेंज के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल बहुत कम समय में वहां से वापस भोपाल आ गए हैं। माना जा रहा है कि सीधी में उनकी ससुराल होने और पारिवारिक कारणों के चलते राजेश सिंह की भोपाल वापसी हुई है। सिंह किसी तरह के विवाद में उलझना नहीं चाहते थे। इस कारण वहां से हटना चाह रहे थे।

# पति-पत्नी एक साथ बने आईएएस

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 अफसर पदोन्नत



राकेश कुशरे | नंदा भलावे कुशरे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कैडर के 16 राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत किया गया है। इनमें वे अधिकारी भी शामिल हैं जो विभागीय जांच के चलते पिछले सालों में प्रमोशन से वंचित रह गए थे। राकेश कुशरे और नंदा भलावे कुशरे को एक साथ पदोन्नति मिली है, वे पति-पत्नी हैं। जांच में क्लीनचिट मिलने के बाद नारायण प्रसाद नामदेव और कैलाश बुंदेला भी आईएएस बन गए हैं। उज्जैन नगर निगम के पूर्व कमिश्नर आशीष पाठक को भी आईएएस में पदोन्नति दी गई है। मिनिस्ट्री ऑफ पर्सनल, पब्लिक ग्रीवेंस एंड पेंशन्स की ओर से सोमवार को 2023 और 2024 बैच के लिए आईएएस अवॉर्ड का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इन दोनों ही सालों के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक पिछले महीने हुई थी। अब नोटिफिकेशन जारी होने के बाद इन दोनों सालों में 8-8, यानी कुल 16 अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नत कर दिया गया है।

### इन्हें मिला आईएएस बनने का मौका

जिन आईएएस अफसरों को 2023 बैच के लिए हुई डीपीसी में आईएएस बनने का मौका मिला है। उसमें 8 अफसर नारायण प्रसाद नामदेव, डॉ कैलाश बुंदेला, नंदा भलावे कुशरे, अनिल कुमार डामोर, सविता झानिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी, जितेंद्र सिंह चौहान शामिल हैं।

### 2024 के लिए इनका हुआ सिलेक्शन

2024 की डीपीसी के लिए जिन राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का नाम चुना गया है, उसमें संतोष कुमार टैगोर, निशा डामर, राकेश कुशरे, शैली कनाश, रोहन सक्सेना, कविता बाटला, सपना अनुराग जैन, आशीष कुमार पाठक शामिल हैं।

# डेंगू/मलेरिया नियंत्रण हेतु ग्रामों/वार्डों में जिला मलेरिया टीम

**दमोह।** कलेक्टर द्वारा दिए गये निर्देशों के तहत् मलेरिया विभाग द्वारा दमोह शहरी क्षेत्र एंव विभिन्न ग्रामों में लगातार डेंगू/चिकिनगुनिया एवं मलेरिया बीमारी की रोकथाम हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 8 सितम्बर को टीम द्वारा सिविल वार्ड 7 एसपीएम नगर में लार्वा सर्वे, छिड़काव एवं डेंगू/मलेरिया हेतु प्रत्येक घर में पंपलेट के माध्यम से जन जागरूकता का प्रचार किया गया एवं दूसरी टीम द्वारा हिण्डोरिया ब्लाक में गम्बुसिया मछली का संचयन किया गया।

इसी प्रकार 9 सितम्बर को सिविल वार्ड 5 क्रिश्चियन कालोनी में लार्वा सर्वे एवं पटेरा ब्लाक के समस्त स्थाई/अस्थाई जल स्त्रोतों में गम्बुसिया मछली का संचयन 10 सितम्बर को रेलवे कालोनी मागंज 6 ब्रिज के नीचे इंदिरा कालोनी में लार्वा सर्वे एवं जबेरा में गम्बुसिया मछली 11 सितम्बर को विजय नगर में लार्वा सर्वे एवं पथरिया में गम्बुसिया मछली 12 सितम्बर को पुरानी हाउसिंग बोर्ड कालोनी मछली पालन के पास में लार्वा सर्वे एवं तेन्दूखेड़ा में गम्बुसिया मछली 13 सितम्बर विवेकांद नगर एलआईसी आफिस के पास में लार्वा सर्वे एवं हटा में गम्बुसिया मछली का संचयन उपर दर्शाये गये दिनांको में उन स्थानों पर शाम को फागिंग का कार्य भी किया जायेगा। 9 सितम्बर को जिला मलेरिया अधिकारी यामिनी सिलारपुरिया द्वारा जबेरा के नोहटा, चौपरा, माला बम्होरी मलेरिया/डेंगू प्रभावित ग्रामों का दौरा किया जावेगा एवं 11 सितम्बर को हिण्डोरिया ब्लाक के पालर, मुडिया, कुआंखेडा, समन्ना का दौरा किया जावेगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में रक्तदान शिविर सम्पन्न

### 42 लोगों ने किया रक्तदान जिसमें एक महिला रक्तदाता ने भी किया रक्तदान

### 3 जरूरतमंदों को मिला ब्लड ट्रांस्फयूजन का लाभ

### देवासी दम्पती ने रक्तदान कर सभी से रक्तदान करने किया आग्रह



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में विकासखण्ड स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में सोमवार को जबेरा सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनो, स्वंयसेवी संस्थाओं, सीएम राइज विद्यालय के शिक्षक, जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में 42 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रूपेश सेन, संजय प्यासी, मनोज जोशी, योगेश अहिरवार, रोशन अहिरवार विशेष रूप से मौजूद रहे।

सीबीएमओ डॉ डीके राय ने शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते कहा कि रक्तदान महादान हैं और इसके माध्यम से अनेक जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता हैं। रक्तदान शिविर के दौरान मोंटू वाजपेईए बंटी दुबे, गोलू बाजपेई, नितेश राय, बीकानेर मिठाई दुकान संचालक, एक अन्य दंपति, मेडिकल ऑफिसर सौरभ सुमन, सीएम राइज विद्यालय से उपप्राचार्य अजय सिंघई, रक्तदान शिविर में पुलिस विभाग से कांस्टेबल अनमोल दीक्षित, जितेंद्र राय, लैब टैक्नीशियन रोहित राजपूत, डीईओ सचिन साहू, रोहित, दुर्गेश तथा क्षेत्र के युवाओं ने भी रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले प्रताप देवासी ने कहा मेरी पत्नी हवा देवासी ने भी रक्तदान किया।



## उपयंत्री भगीरथ के पुत्र जेएनयू से इतिहास में डॉक्टरेट करेंगे

**हटा।** हटा में ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग में उपयंत्री भागीरथ तंतुवाय के पुत्र दिवाकर का चयन जेएनयू दिल्ली में पीएचडी एनसीएन्ट हिस्ट्री के लिए हुआ हैं। इनकी माता संध्या तंतुवाय शिक्षिका है। इस विषय के लिए देश की जानी मानी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक सीट ही थी जिसमें उनका चयन हुआ है। दिवाकर तंतुवाय ने नेट जेआरएफ के बाद जूनियर रिसर्च फैलोशिप की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। अब प्राचीन भारतीय इतिहास विषय में शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त करेंगे। उनके चयन पर मित्रों शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# विधायक मलैया ने आमजनों से की भेंट

### समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



दमोह।

सोमवार को दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने अपने निवास पर आमजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही सबंधित अधिकारियों को समस्याओं के सबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री मलैया ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और वे निरंतर क्षेत्रीय विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# कलेक्टर की नई पहल सुनवाई भी सेवा भी

### योजना से आमजन को 14 सेवाओं का मिलेगा लाभ

दमोह।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि एक नई व्यवस्था लागू कर रहे है जिसका नाम है श्श्सुनवाई भी, सेवा भी तो इस व्यवस्था के तहत् हर मंगलवार जनसुनवाई स्थल पर 14 अलग-अलग काउंटर लगाने जा रहे हैं जिसमें लोगों को अलग-अलग तरह की सुविधा मिलेगी। विशेष पहल के रूप में 15वीं सुविधा रक्तदान शिविर होगी, जहां पर एयर कंडीशन वाहन में इच्छुक लोग रक्तदान कर सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि वहां पर 14 अलग-अलग तरीके के काउंटर्स हैं जिसमें आवेदन लिखने की नि:शुल्क सुविधा, आयुष्मान कार्ड, 70 साल से अधिक के लोगों का आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, किसानों की फार्मर आईडी, समग्र में सुधार, आधार में अपडेट और पशुओं से संबंधित वहां पर किसान बहुत बड़ी संख्या में आते हैं तो कृषि और पशुपालन से संबंधित सेवाएं वहां पर लोगों को देने का काम करेंगे इस प्रकार अलग-अलग तरीके की सेवाएं जो आम जनता के लिए उपयोगी हैं यह सेवाएं मंगलवार को सुबह 11 बजे से लेकर के जन सुनवाई खत्म होने तक उपलब्ध रहेगी।

# नशा मुक्त ग्राम बनाने ग्राम पंचायत बांसाकलां की पहल

## समस्त ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त बनाने संकल्प लिया

पथरिया।

जहां चारों ओर शराब की वजह से अफरा तफरी मची है और तो और नसे की हालत में सैंकड़ों युवाओं ने अपने भविष्य को अंधकार में धकेल दिया, इन्हीं सबको देखते हुए सोमवार के दिन ग्राम बांसाकलां में गांव एवं भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा पथरिया के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त ग्राम अभियान को लेकर ग्राम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सरपंच यतेन्द्र सिंह बांकड़ा, जनपद सदस्य आदर्श सिंह ठाकुर, उपसरपंच दयाराम पटेल, सचिव असगर खान, राजेंद्र सिंह बकील साब, मुकेश सिंह ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ नेता देवेंद्र सिंह बांकड़ा, झब्बू सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम पटेल सहित संगठन और स्वयंसेवी संस्थाओं और ग्राम की बड़ी संख्या में महिलाओं और लोगों की उपस्थिति रही।



सरपंच यतेन्द्र सिंह बांकड़ा ने कहा कि आज से ग्राम में अवैध शराब बिक्री और जो भी व्यक्ति शराब पीकर गली मुहल्ले और विद्यालय और अन्य जगह पर लोगों को गाली देता हुआ पाया गया या परेशान करता दिखा उस पर सख्त कानूनी कार्यवाही करवाई जाएगी। इसी दौरान बैठक आयोजित कर अनुविभागीय अधिकारी निकेत चौरसिया, राजस्व अधिकारी पथरिया, पुलिस थाना प्रभारी पथरिया आदि सभी जगह पर ज्ञापन और प्रस्ताव सभी की सहमति से दिया गया। अब ग्राम बांसा कलां को ग्रामीणजनों के सहयोग से हमें नशा मुक्त बनाना है और कोई व्यक्ति चोरी छुपे अवैध शराब की बिक्री करता है तो उसे ग्राम की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित किया जाएगा और पंचायत से कोई भी लाभ नहीं दिया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों सहित महिलाओं और लोगों की उपस्थिति रही।

# एक दिवसीय निशुल्क फिजियोथेरपी शिविर में पहुंचे 65 मरीज



**हटा।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत हटा सिविल अस्पताल में एक दिवसीय फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 60 वर्ष के ऊपर आयु वर्ग के लोगो का पंजीयन किया गया। प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे आयोजित किया गया। जिसमें 65 मरीजों का पंजीयन किया गया, उनकी समस्याएं पूछी गई, अनेक को योग व्यायाम करने खानपान में सावधानी रखने आदि की सलाह दी गई। अनेक मरीजों की फिजियोथेरेपी की गई, कुछ मरीजों को नियमित अस्पताल में ही फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी गई। शिविर का शुभारंभ सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल द्वारा किया गया। बीपीएम विक्रांत सिंह ने पंजीयन आरम्भ किया। फियोथेरेपिस्ट डॉ. अल्पना पटेल ने मरीजों की फिजियोथेरेपी कर आवश्यक सुझाव दिए। मरीजों ने उपचार से संतोष व्यक्त किया और फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में जागरूकता प्राप्त की। शिविर के अय्योजन की लोगों ने सराहना की। शिविर में एएनएम दशरथ कोरी ने भी सराहनीय सहयोग किया।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज नामांतरण हेतु जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एलआईजी-53/2 श्रीमती सुदेश सचदेवा पति स्व. श्री के.के.सचदेवा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10.02.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्रीमती सुदेश सचदेवा की मृत्यु दिनांक 8/3/2024 को हो गई है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित अनुबंध में श्रीमती सीमा शर्मा पति श्री राजेश शर्मा को नॉमिनी नियुक्त किया था। अतः आवंटी के नॉमिनी श्रीमती सीमा शर्मा पति श्री राजेश शर्मा ने उक्त संपत्ति को नॉमिनेशन के आधार पर लीज नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संगत दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है। यदि किसी व्यक्ति / वैद्य उत्तराधिकारी / संस्था आदि को उपरोक्त लीज नामांतरण बाबत् कोई वैधानिक आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अदर लिखित में वैद्य आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात् लीज नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक MIG Duplex 13 सुश्री प्रेयसी चतुर्वेदी पिता स्व. श्री अशोक कुमार चतुर्वेदी एवं सुश्री श्रेयसी चतुर्वेदी पति श्री बी.आर. दिलीप कुमार के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19.05.2006 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन सुश्री प्रेयसी चतुर्वेदी पिता स्व. श्री अशोक कुमार चतुर्वेदी एवं सुश्री श्रेयसी चतुर्वेदी पति श्री बी. आर. दिलीप कुमार ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2025 के माध्यम से श्रीमती आभा जैन पति श्री अरविंद जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमती आभा जैन पंति श्री अरविंद जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण ( भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**


# युवा शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने की ओर कदम : कलेक्टर

### विदेश में नौकरी पाने के अवसर को कैसे करें प्राप्त


**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया इस बार युवा संगम 23 सितंबर को पीजी कॉलेज में आयोजित किया जायेगा। पीजी कॉलेज में रखने का उद्देश्य यहां बड़ी संख्या में युवा पढ़ाई करते हैं, आगे चलकर उनके लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए संभावना अच्छी रहे, इसलिए इस बार युवा संगम पीजी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया युवा संगम में चार कंपोनेंट लिए गए हैं। पहला कुछ अच्छी कंपनियां युवाओं को ऑफर लेटर देगी, दूसरा स्वरोजगार के लिए ऋण युवाओं को दिया जाएगा, तीसरा दमोह की लोकल कंपनियां यहां पर आएंगी और लोकल रोजगार के लिए अवसर भी रहेंगे। कलेक्टर ने बताया चौथा कंपोनेंट इस बार जोड़ा गया हैं जिसमें जर्मनी से कुछ लोग आ रहे हैं यहां पर एक ओरियेंटेशन युवाओं के लिए करेंगे, जर्मनी में कौन-कौन से पदों पर भारतीयों के लिए नौकरियों के अवसर हैं और उसके लिए पात्रता की शर्तें क्या है जिसके लिए युवाओं को क्या-क्या करना पड़ेगा, योग्यताएं क्या हैं, यह ओरिएंटेशन सेशन युवा संगम में रखा जा रहा हैं। उन्होंने दमोह जिले के सभी युवाओं से आग्रह करते हुए कहा ऐसे विद्यार्थी जो विदेश जाकर कर नौकरी या काम करना चाहते हैं, वे इस सेशन में जरूर आए, जानकारियां प्राप्त करें कि विदेश में नौकरी कैसे प्राप्त की जा सकती हैं। कलेक्टर कोचर ने स्पष्ट किया कि जर्मनी से वह रोजगार के लिए नहीं आ रहे हैं, केवल ओरिएंटेशन सेंशन करने के लिए आ रहे हैं, आपको जानकारी दी जाएगी इसके बाद आगे एक रोजगार शिविर लगाया जाएगा जिसमें वे नौकरियां भी देंगे, यह दमोह जिले के लिए अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर शुरुआत करने जा रहे हैं।

# मप्र की पुलिस भगवान भरोसे : पटवारी

## उज्जैन हादसे से मोहन सरकार की घोर नाकामी फिर उजागर

भोपाल।

उज्जैन में तीन जांबाज़ पुलिसकर्मियों की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि सरकार की घोर लापरवाही और मुख्यमंत्री मोहन यादव की नाकामी का सबूत है। सरकारी गाड़ी स्टार्ट न होने और पुल पर बैरिकेडिंग व रोशनी न होने की वजह से तीन पुलिसकर्मी ड्यूटी करते-करते शहीद हो गए। आखिर इस मौतों का जिम्मेदार कौन है? मुख्यमंत्री खुद गृहमंत्री भी हैं। ऐसे में पुलिस की सुरक्षा, संसाधन और व्यवस्था की जिम्मेदारी सीधे-सीधे उन्हीं पर है। लेकिन सच यह है कि जब से मोहन यादव ने गृह मंत्रालय का दायित्व संभाला है, पुलिस भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि यह घटनाएँ साबित करती हैं कि मोहन यादव सरकार में पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। कभी पुलिस पर हमले, कभी थानों से गाड़ियों की चोरी और अब उज्जैन का हादसा। यह सब सरकार की नाकामी और गैर-जिम्मेदारी का जीता-जागता सबूत है। मुख्यमंत्री बताएं कि क्या वे इन मौतों की जिम्मेदारी लेंगे? या फिर हमेशा की तरह सिर्फ बयान और मुआवज़े की राजनीति करेंगे? कांग्रेस स्पष्ट करती है कि यदि सरकार अब भी नहीं जागी, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक इस मुद्दे को उठाएगी और मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा करेगी।



### हाल के महीनों में हुई घटनाएँ

उज्जैन (सितंबर 2025)- सरकारी गाड़ी खराब और पुल पर बैरिकेडिंग न होने से 3 पुलिसकर्मी शहीद।

ग्वालियर (अगस्त 2025)- गश्ती कर रही पुलिस टीम पर बदमाशों का हमला, कई घायल।

इंदौर (जुलाई 2025)- थाने से ही पुलिसकर्मी की सरकारी बाइक चोरी।

सागर (जून 2025)- सड़क पर सुरक्षा इंतज़ाम न होने से ड्यूटी पर जा रहे सिपाही की मौत।

भिंड (मई 2025)- डकैतों से मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी घायल, संसाधनों की भारी कमी उजागर।

### कांग्रेस की माँग

उज्जैन हादसे की न्यायिक जांच कराई जाए। दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार विभागों पर तत्काल कार्रवाई हो। पुलिस विभाग को पर्याप्त संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को उचित मुआवज़ा और स्थायी नौकरी दी जाए।

## नरसिंहगढ़ की सुनार नदी में डूबे दोनों नाबालिग के शव मिले

**दमोह।** जिले के नरसिंहगढ़ के समीप सुनार नदी में रविवार शाम दो किशोर डूबने की खबर पर गोताखोर और होमगार्ड/एसडीआरएफ की टीम एवं गोताखोरों की मदद से तलाश कर रहे थे जिन्होंने एक किशोर का शव दोपहर में ढूंढ निकला था। वहीं दूसरे का शव भी नदी से निकाल लिया गया है। पुलिस ने पहले निसार कुरैशी की लाश का पंचनामा कर परिजन को पोस्ट मार्टम के लिए सौंप दिया है और अब दूसरा शव माजिद कुरैशी का बरामद कर उसे भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. NO/PWD/08/PRO No 489 | **चतुर्थ निविदा सूचना** | Date 8/9/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_448760_1 Date 11/9/2025 | सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णान वार्ड अंतर्गत शारदा नगर में विभिन्न 7 स्थानों पर सड़क का निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 4 माह 7.63 लाख | 2000/- 7631 /- | 26/9/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) नगर पालिक निगम, जबलपुर

# बरगी डैम से पानी का रिसाव, मचा हड़कंप

## निरीक्षण करने पहुंची टीम, प्रशासन बोला- बांध सुरक्षित





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरगी डैम से पानी लीक होने का मामला सामने आने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया । सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) सतर्क हो गया है। कलेक्टर की सूचना के बाद एनवीडीए के अधिकारी बरगी डैम पहुंचे और निरीक्षण किया। हालांकि अफसरों ने इसे रूटीन निरीक्षण बताया । इधर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने माना कि डैम से पानी रिस रहा है, लेकिन पैनिक होने की जरूरत नहीं है। दरअसल बरगी नर्मदा नदी पर बना पहला डैम है, जो 423.05 मीटर तक भर गया है। ऐसे में डैम के ब्लॉक नंबर 3/10 में सीपेज होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस ब्लॉक से सामान्य से ज्यादा रफ्तार से पानी रिस रहा है। विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों की एक टीम रवाना की है, जो निरीक्षण कर जल्द रिपोर्ट पेश करेगी। बताया जा रहा है कि बरगी डैम में लीकेज का एक वीडियो भी सोमवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।



***टेक्निकल रीजन बता पाना मुश्किल***- इस संबंध में कलेक्टर दीपक सक्सेना का कहना है कि यह सच है कि डैम के एक हिस्से से सीपेज हो रहा है। इसका टेक्निकल रीजन क्या है, यह बता पाना फिलहाल मुश्किल है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही शासन को इसकी जानकारी दी गई है।

***1775 क्यूमेक पानी की आवक***- बरगी डैम के अधिकारियों के मुताबिक बांध का फुल रिजर्व वायर लेवल (एफआरएल) 422.76 मीटर है। इसके मुकाबले जलस्तर 423.05 मीटर पर पहुंच गया है। डैम में पानी की आवक 1775 क्यूमेक है, जिसे देखते हुए बुधवार को 9 गेट खोले गए थे। इसके बाद 6 गेट और खोल दिए गए हैं। वहीं बरगी बांध के अधिकारी आरआर रोहित ने बताया कि डैम में 30 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिसके 3/10 से पानी रिस रहा है। इधर देर शाम राजेश सिंह गोंड, कार्यपायन यंत्रीए, बायां मेशनरी बांध संभाग, बरगी नगर ने बताया कि भोपाल से डेम सेफ्टी बोधी एवं केंद्रीय जल आयोग की टीम द्वारा संयुक्त तकनीकी परीक्षण किया गया, जिसमें बांध को पूर्णतः सुरक्षित पाया गया है।

## डबल सप्लाई उपलब्ध कराने किए जाएंगे ट्रांसमिशन टॉवर स्थापित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की विद्युत प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिये किये जा रहे वर्तमान कार्यों की समीक्षा के लिये एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई । जिसमें मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री राजेश द्विवेदी ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी के विनोवा भावे सबस्टेशन में दोहरी विद्युत सप्लाई की व्यवस्था के लिये युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। जिस कार्य के लिये कम से कम दो माह का समय लगता उसे ट्रांसमिशन कंपनी ने एक माह में पूरा करने का प्रस्ताव बनाया था, लेकिन अब उसे 20 दिन में ही पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। शहर के 132 केवी विनोबा भावे सबस्टेशन को डबल सप्लाई उपलब्ध कराने हेतु नए ट्रांसमिशन टावर स्थापित किए जाएंगे और लगभग पांच किलोमीटर नई 132 केवी लाइन खींची जाएगी। यह कार्य घनी आबादी वाले क्षेत्रों से होकर किया जाना है, जो तकनीकी और भौतिक दोनों रूप से बेहद ही चुनौतीपूर्ण है। इसलिये इसे पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ किया जाना आवश्यक है, ताकि किसी भी तरह की जानमाल की हानि न होने पाये।

# मूंग, उड़द की खरीदी में धांधली 10 लोगों पर एफआईआर

## कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर हुई कार्यवाही



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बसेड़ी सोसायटी के एमएलटी वेयर हाउस स्थित उपार्जन केंद्र में मूंग और उड़द की खरीदी में धांधली के मामले में 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी ने भेडाघाट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वेयर, केंद्रीय सहकारी बैंक शहपुरा के शाखा प्रबंधक एवं गोदाम संचालक शामिल हैं। एफआईआर में अवैध लाभ कमाने की नियत से धोखाधड़ी और षडयंत्र कर किसानों एवं शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप है। जिला स्तरीय जाँच दल की जाँच में ऑनलाइन दर्ज खरीदी से कम पाई गई थी 1.86 करोड़ की 2 हजार 187 क्विंटल मूंग और उड़द। पुलिस द्वारा नामजद किए गए आरोपियों में बेलखेड़ी के कमलसिंह ठाकुर, मेरेगांव के राजपालसिंह, गुंदरई मनकेड़ी के दीपेंद्र सिंह ठाकुर, सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक अजय तिवारी, बेलखेड़ा के अंकित उर्फ राजशेखर, हिनौता कटंगी के शम्भू ठाकुर, बिंदू राय उर्फ अरविंद भैरोघाट पिपरिया, रोहित यादव कोनीकला पाटन, देवेंद्र यादव बिरहनी सहित मजीठा के आदेश तिवारी को आरोपी बनाया गया है।

***राज्य सरकार को पहुंचाई क्षति***- इन पर आरोप है कि अवैध लाभ कमाने की नीयत से शासन के साथ धोखाधड़ी कर राज्य सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचायी गई है। एसडीएम शहपुरा की अध्यक्षता में कराई गई इस जांच में आनलाइन दर्ज की गई खरीदी में गड़बड़ मिली थी। इसमें 1.86 करोड़ रुपए कीमत की करीब 2 हजार 187 क्विंटल मूंग और उड़द कम निकली थी। इस पर भेड़ाघाट थाना पुलिस ने अपराध घटित किया गया है। पूर्व में मिली शिकायतों पर अनियमितता की जांच में एमएलटी वेयर हाउस की आनलाइन खरीदी में 1 हजार 671 क्विंटल मूंग और 253 क्विंटल उड़द कम मिली है। इस केंद्र में 503 किसानों से 12 हजार 928 क्विंटल मूंग एवं 299 किसानों से 8 हजार 736 क्विंटल उड़द आनलाइन खरीदी गई थी। जिला स्तरीय जांच दल को 11 हजार 257 क्विंटल मूंग और 8 हजार 434 क्विंटल उड़द ही स्टेक में लगी मिली थी। इसके अलावा वेयर हाउस में फर्श पर रखा 324 क्विंटल मूंग एवं 285.5 क्विंटल उड़द का तुला हुआ स्कंध मिला था। 237 क्विंटल मूंग एवं 76 क्विंटल उड़द स्टेक पर लगी मिली लेकिन फर्श पर रखे पाये गये इस स्कंध तथा स्टेक में लगी पाई गई इस मूंग और उड़द की पोर्टल पर एंट्री ही नहीं की गई थी। जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने 315 किसानों को मूंग एवं 243 किसानों को उड़द का भुगतान करा दिया लेकिन शेष संदिग्ध भुगतान रोक लिया गया था। इसके पूर्व 68 किसानों को मूंग का 1 करोड़ 52 लाख 15 हजार 205 रुपये तथा 47 किसानों को उड़द का 1 करोड़ 07 लाख 63 हजार 205 रुपये का भुगतान किया जा चुका था ।



## हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने सोमवार को विंग्स कॉन्वेंट हाइयर सैकेंडरी स्कूल में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में विद्यालय के 300 से अधिक छात्रों के दांतो का परीक्षण कर उन्हें दांतों की उचित देखभाल, सही ख़ान पान एवं ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना शुक्ला, कॉर्डिनेटर प्रदीप रायकवार तथा मीनाक्षी राय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस शिविर को सफल बनाने में हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग से डॉ. अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।

## छात्राओं ने दिखाया पाक-कला में हुनर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



सीपी गर्ल्स कॉलेज (चंचलबाई पटेल महिला महाविद्यालय ) में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आहार पोषण अभियान सप्ताह के अंतर्गत प्राचार्य डॉ.वंदना पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं रासेयो प्रभारी प्रो. श्रेया पाठक एवं पूर्णिमा सोनी के संयोजन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विषय विशेषज्ञ डॉ. वंदना पाण्डेय ने छात्राओं को अपने व्याख्यान में आहार पोषण का महत्व बताते हुए संतुलित आहार, विभिन्न पोषक तत्वों की प्राप्ति के साधन एवं पोषण स्वास्थ्य आदतों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसी श्रंखला में छात्राओं हेतु उच्च पोषक मूल्यों वाले भोज्य पदार्थों की पाक- कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30 छात्राओं ने बड़े उत्साह एवं उमंग से भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंतरा चौबे (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान-आरोही वर्मा (बीए प्रथम वर्ष) व श्रेया श्रीवास्तव ( बीकॉम द्वितीय वर्ष)ने व तृतीय स्थान-पलक यादव (बीकॉम तृतीय वर्ष) आयशा ठाकुर (बीए द्वितीय वर्ष )ने प्राप्त किया । निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका मनीषा रोहणी एवं विमला श्रीवास्तव ने निभाई तथा छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की सफलता में डॉ.संजुल शर्मा, डॉ. सुनीता खरे आदि का योगदान रहा।

## कई निर्माणी कर्मचारी इंटक छोड़, लाल झंडे में शामिल हुए

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सोमवार को आयुध निर्माणी के कई कर्मचारी इंटक छोड़कर लाल झंडे में शामिल हुए। संघ के सदस्यों ने बताया कि लेबर यूनियन एआईडीईएफ के विचारधाराओं से प्रभावित होकर कर्मचारियों ने यह फैसला लिया। उन्होंने कहा कि लेबर यूनियन ने पूर्व में कर्मचारियों के हित में काम किया है इसे झुठलाया नहीं जा सकता। लाल झंडा अभी भी कर्मचारियों की पदोन्नति एवं अन्य जायज मांगों के लिए कार्य करते आ रही है। यूनियन की सदस्यता लेने वालों में प्रमोद यादव, राजीव कुमार, बलवान सिंह, रघुवर प्रसाद यादव ,पवन कुमार, राकेश कुमार, रहीश कुमार यादव, शिव कुमार, रंजय कुमार, रामेश्वर कुमार, गौतम कुमार,लेखराज, संजय शर्मा, कुंदन कुमार, प्रहलाद यादव, सुजीत कुमार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। एआईडीईएफ के संगठन मंत्री अर्नब दासगुप्ता यूनियन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह महामंत्री सुकेश दुबे, जेसीएम के लीडर सुरेश खन्ना रहे।

## रैपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



सिहोरा में सोमवार को त्योहार के मद्धेनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स ने शहरभर में फ्लैग मार्च निकाला। सुबह करीब 11 बजे सिहोरा थाना परिसर से शुरू हुआ यह फ्लैग मार्च पुराना बस स्टैंड गोरी तिराहा, आजाद चौक, झंडा बाजार, महावीर चौक होते हुए थाना परिसर पहुंचा । फ्लैक मार्च में आगे आगे एसडीओपी सिहोरा आदित्य सिंघारिया, थाना प्रभारी विपिन सिंह, डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार रैगार, असिस्टेंट कमांडेंट नंदी बाबू ओगेरीला के साथ भोपाल 107 आरएएफ नोकिया रायसेन के प्लाटून कमांडर शामिल हुए ।

## कांग्रेस ने फूंका महापौर का पुतला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन क्षेत्रों में ठेकेदार को टर्मिनेट किया गया है उन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है । अनेक वार्डों में पेयजल की समस्या गंभीर हो चुकी है । शहर के अधिकांश सड़कों की हालत खस्ताहाल हो चुकी है । टैक्स की विसंगतियों से आम जनता परेशान है एवं अन्य जनहित की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा शहर के सभी संभागों में क्रमबद्ध तरीके से कई स्थानों पर संभाग अंतर्गत वार्डों के कांग्रेस पार्षद एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा महापौर का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# सभा के प्रति समर्पण और अनमोल सेवा की मिसाल







## हितकारिणी सभा ने दी स्व. कमल जैन को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कमल भैया का सरल, प्रेरणादायी और कर्मठ व्यक्तित्व हमेशा हितकारिणी सभा के लिए मार्गदर्शन का स्तंभ रहा। उनके द्वारा समाज सेवा, शिक्षा और सभा के विकास के में दिए योगदान को शब्दों में बांधना असंभव है। वे सभा की संस्थाओं के कार्य के प्रति गहराई में जाकर सूक्ष्म से सूक्ष्म पहलू पर भी ध्यान देते थे। उक्त बातें हितकारिणी सभा के वरिष्ठ आजीवन सदस्य, पूर्व उपसभापति, अधिवक्ता और नोटरी स्व कमल जैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभा के सदस्यों और कर्मचारियों ने कहीं।

ज्ञात हो कि 30 अगस्त को श्री जैन का 79 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया था। उन्होंनें 1969 में पूर्व राज्यपाल, सांसद और पूर्व एडवोकेट जनरल निर्मलचंद जैन के साथ वकालत प्रारंभ की। 1990 में आपको मध्यप्रदेश शासन के विधायी एवं विधि विभाग द्वारा नोटरी के पद पर नियुक्त किया गया। पद से सेवानिवृत होने के बाद उन्होंनें हितकारिणी सभा के उत्तरोत्तर विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहे। वे हितकारिणी महिला महाविद्यालय और बीएड कॉलेज में शासी निकाय के अध्यक्ष के पद पर भी आसीन रहे। उनके निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए सदस्यगणों ने कहा कि कमल भैया का स्नेह, अनुभव और मार्गदर्शन उनके लिए हमेशा एक आदर्श रहेगा।

उनका जाना केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से भी अपूरणीय क्षति है। शोक संदेश का वाचन हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन ने किया। श्रद्धांजलि सभा में हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया, संयुक्त सचिव नमन अग्रवाल, विद्या परिषद के सचिव जयेश सिंह राठौर, वरिष्ठ सदस्य रमेश श्रीवास्तव, हितकारिणी विधि महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष एड अशोक गुप्ता, दीपक सिंह राठौर, नितिन अग्रवाल, राम असरानी, जयकुमार वाधवानी, प्रभारी अधिकारी सुबोध दुबे, वित्त नियंत्रक सतीश रांका सहित विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य और स्टाफ ने पुष्पांजलि अर्पित की।

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र के महाकौशल, विंध्य, बुंदेलखंड एवं बघेलखंड के 26 जिलों के पुलिस के सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारियों के संगठन के सदस्यों की रविवार को पुलिस ऑफिसर्स मेस, छठवीं वाहिनी में बैठक संपन्न हुई । बैठक में सर्वसम्मति से मनोहर सिंह वर्मा आईपीएस डीआईजी(सेनि) को संगठन का अध्यक्ष चयनित किया गया । श्री प्रीतम सिंह उईके आईपीएस डीआईजी(सेनि), तिलक सिंह आईपीएस डीआईजी (सेनि) राजेश तिवारी एआईजी को उपाध्यक्ष एवं गोपाल खांडेल, एसपी (सेनि) को महामंत्री, एए कुरेशी को कोषाध्यक्ष, आरएस कालड़ा को सत्कार सचिव, नरेश शर्मा को जनसंपर्क एवं समन्वय सचिव, जेकेटेंभरे की सांस्कृतिक सचिव, अखिल वर्मा को सचिव, अशोक तिवारी को संगठन सचिव एवं ओमप्रकाश पड़वार को संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। ये सभी एसपीएस एवं सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक हैं ।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर थाना क्षेत्र के हिरन नदी रेलवे पुल के पास अप ट्रैक पर सोमवार की सुबह एक युवक की ट्रेन से कटने के कारण मौत हो गई । रेलवे कर्मचारियों की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस की मदद से मृतक अमन पटेल पिता स्व संतोष पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी को सिहोरा मर्चरी पहुंचा गया ।

South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic
EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| BAAGHI 4 (HINDI) | 1:30 PM, 4:30 PM, 7:30 PM & 10:30 PM |
| THE CONJURING: LAST RITES (HINDI/ENG) | ENGLISH - 9:00 AM<br>RUBY 1:40 PM, 4:15 PM, 6:50 PM<br>RUBY 9:20 PM<br>HINDI - 11:45 AM, 2:30 PM, 5:10 PM, 7:50 PM & 10:25 PM |
| THE BENGAL FILES (HINDI) | 10:00 AM, 2:00 PM, 6:00 PM & 10:00 PM |
| PARAM SUNDARI (HINDI) | 10:45 AM<br>RUBY 12:50 PM, 3:25 PM, 6:20 PM<br>RUBY 8:55 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS. Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस (स्वशासी) महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को स्लोगन प्रतियोगिता थीम प्रोमोटिंग लिटरेसी इन दा डिजिटल इरा का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर जेबेन एन्टोन सेस ने कहा कि पाठ्यसहगामी गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों में विभिन्न कौशलों का विकास होता है । प्रतियोगिता में महाविद्यालय की सभी स्ट्रीम बीए, बीकाम बीएस सी के सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता की तथा डिजिटल व हैंडमेड स्लोगन बनाए। कार्यक्रम में निर्णायको की भूमिका डॉ. कोमल रॉवत एवं डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा अदा की गयी। उक्त कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन व समापन में डॉ. सीमा पोटफोडे एवं डॉ. नेहा नामदेव का सहयोग रहा ।

मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पीटल श्री विचक्षण जैन हॉस्पीटल 24/7
क्रिटीकल केयर एवं किडनी डायलिसिस सेंटर (प्युरिटी सर्विसेस नागपुर द्वारा संचालित)
भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निम्नलिखित ऑपरेशन रियायती दरों में नागपुर के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा।
मात्र 20000/- सुविधाएं ही सुविधाएं
बच्चेदानी का ऑपरेशन, हार्निया का ऑपरेशन, पाईल्स, प्रसव(डलेवरी)
अपेंडिक्स, फिश्चुला/भगंदर, फिशर, सिस्ट
हायड्रोसिल, सर्जन, अनेस्थिशिया, ओटी चार्जेस
बेड चार्जेस, दवाईयाँ, खुन की जाँच
नोटः- यह सारी सुविधाएं दि. 16 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं।
कृपया ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य का लाभ उठायें।
वार्ड नं. 32, मोती नगर, बालाघाट (म.प्र.)-401001, सम्पर्क करें:- 8959193333, 9685612023, 07632-243906,243907

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**